माघ शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 23 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 334, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



जलवायु परिवर्तन : नासा एक साथ भेजेगा दो उपग्रह 16

फेयरी फोल्क में काम करना आनंददायक था: रसिका 15

## फतवे को लेकर दारुल उलूम देवबंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने सहारनपुर के डीएम-एसएसपी को लिखे पत्र में दिए निर्देश
- दारुल उलूम ने गजवा-ए-हिंद को लेकर जारी किया था विवादित फतवा

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने दारुल उलूम देवबंद की वेबसाइट पर कथित आपत्तिजनक सामग्री पाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार को संस्था के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

सहारनपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को लिखे एक पत्र में, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने देवबंद की वेबसाइट पर प्रकाशित एक फतवे के संबंध में आयोग की आपत्ति के बारें में बताया। आयोग ने कहा कि विवादित फतवे में ''गजवा-ए-हिंद'' की बात कही गई है जो कथित तौर पर भारत पर आक्रमण के संदर्भ में शहादत का महिमामंडन करता है। कानूनगो ने पत्र में किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 75 के कथित उल्लंघन पर जोर देते हुए कहा कि यह फतवा बच्चों को अपने ही देश के खिलाफ नफरत की भावना को उजागर कर रहा है और अंततः उन्हें अनावश्यक मानसिक या शारीरिक पीड़ा पहुंचा रहा है। एनसीपीसीआर ने सीपीसीआर अधिनियम, 2005 की धारा 13(1) का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसी सामग्री से राष्ट्र के खिलाफ नफरत भड़क सकती है। एनसीपीसीआर ने भारतीय दंड संहिता और किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत दारुल उलूम देवबंद के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया है। आयोग ने तीन दिन में कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने का अनुरोध किया है।

## आज काला दिवस मनाएंगे किसान, निकालेंगे ट्रैक्टर मार्च

चंडीगढ़, एजेंसी

- खनौरी में किसान की मौत मामले में हत्या की एफआईआर दर्ज करने की मांग
- केंद्रीय मंत्रियों के फूंकेंगे पुतले 14 मार्च को दिल्ली में महापंचायत की घोषणा

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने पंजाब-हरियाणा सीमा पर एक प्रदर्शनकारी किसान की मौत को लेकर गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की और कहा कि इस घटना के विरोध में शुक्रवार को काला दिवस मनाने के साथ ही ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा।

हरियाणा पुलिस और पंजाब के किसानों के बीच बुधवार को हुई झड़प में किसान शुभकरण सिंह (21) की मौत हो गई थी। हरियाणा पुलिस ने दिल्ली कूच की कोशिश कर रहे किसानों को पंजाब के संगरूर जिले में खनौरी सीमा बिंदु पर रोक रखा है। पंजाब के किसान अपनी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए केंद्र से कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं। एसकेएम 'दिल्ली चलो' मार्च का हिस्सा नहीं है लेकिन वह इसका समर्थन कर रहा है। उसने केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ 2020-21 में किसान आंदोलन की अगुवाई थी। यहां एक बैठक के बाद एसकेएम ने कहा कि किसान 26 फरवरी को राजमार्गों पर ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे और 14 मार्च को दिल्ली में महापंचायत करेंगे। कहा कि किसान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज के पुतले फूंकेंगे। एसकेएम नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने संवाददाताओं से कहा कि खनौरी सीमा पर एक किसान की मौत के सिलसिले में हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए तथा उसके परिवार को एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि दी जानी चाहिए। बठिंडा जिले के शुभकरण सिंह की संगरूर-जींद सीमा पर खनौरी में पुलिस के साथ कथित झड़प में मौत हो गई थी। इसमें 12 पुलिसकर्मी भी घायल हुए थे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने भी प्रदर्शनकारी किसान की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की। पंधेर ने कहा कि पंजाब सरकार को राज्य के क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद किसानों की 25-30 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को कथित तौर पर नुकसान पहुंचाने के लिए हरियाणा अर्धसैनिक बल के जवानों के खिलाफ कार्रवाई भी करनी चाहिए। पंधेर ने पटियाला में संवाददाताओं से कहा कि पंजाब सरकार इस घटना के सिलसिले में हत्या की धारा के तहत मामला दर्ज करे। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने मांग की कि पंजाब सरकार शुभकरण को शहीद का दर्जा दे।

### आज बैठक कर तय करेंगे अगली रणनीति

यह घटना तब घटी जब किसान अवरोधकों की ओर तेजी से बढ़े और सुरक्षाबलों के साथ उनकी झड़प हो गई। हरियाणा प्रशासन ने किसानों के मार्च को आगे बढ़ने से रोकने के लिए कई स्तरीय अवरोधक लगाए हैं। एसकेएम ने शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर स्थिति की चर्चा करने के लिए गुरुवार को यहां एक बैठक की। पंजाब, हरियाणा एवं अन्य राज्यों के कई एसकेएम नेताओं ने इस बैठक में हिस्सा लिया। इन सीमा बिंदुओं पर हजारों किसान 'दिल्ली चलो' आह्वान के तहत डेरा डाले हुए हैं। किसान नेताओं ने एक किसान की मौत हो जाने के बाद बुधवार को यह मार्च दो दिन के लिए रोक दिया था। उन्होंने कहा था कि वे शुक्रवार शाम को अपना अगला कार्यक्रम तय करेंगे।

## एक नजर

### सीयूईटी-यूजी में खत्म की जा सकती है अंक सामान्यीकरण व्यवस्था

**नई दिल्ली।** कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-अंडरग्रेजुएट (सीयूईटी)-यूजी में अंकों के सामान्यीकरण की व्यवस्था को इस वर्ष से समाप्त किया जा सकता है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) इस अहम परीक्षा में बदलाव करने की योजना बना रही है। शीर्ष अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दरअसल प्रत्येक परीक्षा सत्र में उम्मीदवारों को प्रश्न पत्र के अलग-अलग सेट दिए जाते हैं। प्रश्न पत्रों को समान स्तर का बनाने का पूरा प्रयास रहता है, लेकिन संभव है कि किसी पाली में उम्मीदवारों को कुछ कम कठिन प्रश्न मिलें, किसी पाली में कुछ कठिन प्रश्न मिलें। इसके कारण यह भी संभव है कि ऐसे उम्मीदवार अन्य उम्मीदवारों की तुलना में अपेक्षाकृत कम अंक प्राप्त करें। इसे दूर करने को प्रतिशत स्कोर के आधार पर अंकों की सामान्यीकरण व्यवस्था की जाती है।

### तीन राज्यों में साथ चुनाव लड़ेंगे कांग्रेस और आप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) आगामी लोकसभा चुनाव दिल्ली, गुजरात और हरियाणा में मिलकर लड़ने की तैयारी में हैं और दोनों दल जल्द ही सीट बंटवारे को लेकर घोषणा कर सकते हैं। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि दोनों दलों के बीच दिल्ली और कुछ अन्य राज्यों में सीट बंटवारे को लेकर बातचीत अंतिम चरण में है और दोनों दल जल्द ही इस बारे में घोषणा कर सकते हैं। आप से जुड़े सूत्रों ने बताया कि आप दक्षिणी, पश्चिमी व उत्तर पश्चिम दिल्ली और नई दिल्ली सीट पर लड़ेगी जबकि कांग्रेस चांदनी चौक, पूर्वी दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस ने आप को हरियाणा में एक और गुजरात में दो सीट देने का फैसला किया है। हरियाणा में आप गुरुग्राम या फरीदाबाद में से किसी एक सीट पर चुनाव लड़ेगी जबकि गुजरात में भरूच और भावनगर लोकसभा सीट आप के हिस्से में जा सकती हैं।

### सीबीएसई 'खुली किताब' परीक्षा का करेगा परीक्षण

**नई दिल्ली।** सीबीएसई इस साल के अंत में कक्षा नौ से 12 तक के लिए चयनित स्कूलों में खुली किताब के जरिए परीक्षा (ओपन बुक परीक्षा-ओबीई) के प्रायोगिक परियोजना कार्यक्रम की योजना बना रहा है। यह विचार दिसंबर, 2023 में सीबीएसई की शासी निकाय की बैठक में रखा गया था। अधिकारियों ने कहा कि 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में इस प्रारूप को अपनाने की कोई योजना नहीं है।

## सीबीआई का पूर्व राज्यपाल मलिक के परिसरों पर छापा

दिल्ली-मुंबई के अलावा जम्मू-कश्मीर, पंजाब हरियाणा, उप्र, बिहार और राजस्थान में जांच

जांच एजेंसी की 100 अधिकारियों की टीम एक साथ सत्यपाल मलिक के 30 ठिकानों पर पहुंची

- दिल्ली के आरके पुरम, द्वारका, एशियन गेम्स विलेज के साथ गुरुग्राम, बागपत पहुंची टीम

नई दिल्ली, एजेंसी

### किरू पनबिजली भ्रष्टाचार मामला



नई दिल्ली के सोम विहार अपार्टमेंट में सीबीआई ने मलिक के परिसरों की तलाशी ली।

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2,200-करोड़ रुपये की लागत वाली किरू पनबिजली परियोजना में कथित भ्रष्टाचार के मामले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के परिसरों और 29 अन्य स्थानों पर गुरुवार को छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने दिल्ली और मुंबई के अलावा जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान में 30 स्थानों पर सुबह छापे मारे, जिसमें लगभग 100 अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि दिल्ली के आरके पुरम, द्वारका और एशियन गेम्स विलेज के अलावा गुरुग्राम और बागपत में मलिक से जुड़े परिसरों पर भी छापे मारे गए।

अधिकारियों ने कहा कि मलिक के कथित सहयोगियों, चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार चौधरी और पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के अधिकारियों के परिसर पर छापे मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि यह मामला 2,200 करोड़ रुपये के किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट (एचईपी) के कार्य आवंटन में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित है। मलिक 23 अगस्त 2018 से 30 अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे। उन्होंने दावा किया था कि उन्हें दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश की गई थी। इनमें से एक फाइल परियोजना से संबंधित थी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पूर्व में कहा कि 2019 में किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट (एचईपी) के लगभग 2,200 करोड़ रुपये के सिविल कार्यों का ठेका एक निजी कंपनी को देने में भ्रष्टाचार के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। सीबीआई ने चौधरी के अलावा चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स (पी) लिमिटेड के पूर्व अधिकारियों एमएस बाबू, एम के मित्तल और अरुण कुमार मिश्रा और पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच के सिलसिले में सीबीआई ने जनवरी में पांच लोगों के आवास पर छापा मारा था।

### मैं किसान का बेटा, इन छापों से डरने वाला नहीं



मलिक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मैं पिछले तीन-चार दिन से बीमार हूं और अस्पताल में भर्ती हूं। इसके बावजूद सरकारी एजेंसियों के माध्यम से तानाशाह मेरे आवास पर छापे मार रहे हैं। मेरे ड्राइवर और मेरे सहायक से जुड़े परिसरों पर भी छापे मारे जा रहे हैं और उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। मैं किसान का बेटा हूं, इन छापों से नहीं डरूंगा। मैं किसानों के साथ हूं।

### संदेशखालि मामला

## पश्चिम बंगाल सरकार को एनएचआरसी का नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में कुछ तत्वों द्वारा महिलाओं के साथ कथित दुष्कर्म की रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेते हुए गुरुवार को राज्य सरकार के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को नोटिस जारी किया है। मुख्य सचिव भगवती प्रसाद गोपालिका और डीजीपी राजीव कुमार को संदेशखालि की घटनाओं के बारे में विस्तृत रिपोर्ट और कृत्य कार्रवाई के बारे में चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट देने को कहा गया है।

## ईडी ने केजरीवाल को नया समन जारी किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नया समन जारी कर उनसे पूछताछ के लिए 26 फरवरी को उसके समक्ष पेश होने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियिम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत सातवां समन जारी करते हुए केजरीवाल की इस दलील को खारिज कर दिया कि उनकी पेशी के लिए नया नोटिस देना गलत है।

## राम मंदिर निर्माण के बाद भी नफरत की राह पर कांग्रेस

मेहसाणा (गुजरात), एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने कहा-कांग्रेस ने धर्मस्थलों को बनाया विवाद का कारण
- गुजरात के मेहसाणा में वालीनाथ महादेव मंदिर का किया लोकार्पण



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वे (उसके नेता) अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण होने के बाद भी नकरात्मकता में जी रहे हैं और नफरत का रास्ता छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। प्रधानमंत्री गुजरात के मेहसाणा जिले में वालीनाथ महादेव मंदिर का उद्घाटन करने के बाद जनता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 8,350 करोड़ से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और उनका शिलान्यास भी किया।

मोदी ने कहा कि स्वतंत्र भारत में लंबे वक्त तक कांग्रेस ने विकास और विरासत के बीच टकराव और शत्रुता पैदा की। उन्होंने कहा कि अगर किसी को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाए तो वह कांग्रेस है जिसने दशकों तक देश पर राज किया। ये वही लोग हैं, जिन्होंने सोमनाथ (मंदिर) जैसे पावन स्थल को भी विवाद का कारण बनाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गुजरात के पंचमहल जिले में पावागढ़ मंदिर में धर्मध्वजा फहराने की इच्छा तक नहीं दिखायी और दशकों तक मोढ़ेरा के सूर्य मंदिर को भी वोटबैंक की राजनीति से जोड़कर देखा। मोदी ने कहा कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने भगवान राम के अस्तित्व पर भी सवाल उठाए और उनके मंदिर के निर्माण को लेकर रोड़े अटकाए।

### विरासत को संरक्षित और विकसित करने का प्रयास

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर गुजरात भाजपा सरकार के प्रयास की बदौलत उस स्थिति से उबर चुका है जब 20-25 साल पहले पानी की कमी के कारण सीमित अवसर थे। इस कार्यक्रम से पहले प्रधानमंत्री वालीनाथ धाम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी शामिल हुए। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का प्रयास भारत की विरासत को विश्व विरासत के रूप में संरक्षित और विकसित करने का रहा है। गुजरात में भी प्राचीन सभ्यता के कई प्रतीक मौजूद हैं।

## उप्र. पुलिस भर्ती बोर्ड ने मांगे पेपर लीक होने के प्रमाण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आज शाम छह बजे तक तक भेज सकेंगे प्रत्यावेदन, सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने का मामला

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के संबंध में अभ्यर्थियों से प्रमाण देने को कहा है। इस संबंध में अभ्यर्थी प्रमाणों एवं साक्ष्यों सहित अपना प्रत्यावेदन शुक्रवार शाम छह बजे तक बोर्ड की ई-मेल आईडी पर भेज सकते हैं, जिसका परीक्षण करने के बाद अभ्यर्थियों के हित में आगे की कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड के अपर सचिव भर्ती द्वारा गुरुवार को जारी सूचना के मुताबिक बीते 17 और 18 फरवरी को चार पालियों में हुई लिखित परीक्षा के संबंध में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म और अखबारों में कुछ प्रश्न पत्रों के संबंध में सूचनाएं वायरल होने की खबरें प्रकाशित हुई थी। इस बारे में अभ्यर्थियों द्वारा विभिन्न जिलों में प्रत्यावेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

बोर्ड ने इस बारे में अभ्यर्थियों और सर्वसाधारण को सूचित किया है कि यदि इस विषय में वह कोई प्रत्यावेदन प्रस्तुत करना चाहते हैं, तो सुसंगत प्रमाणों एवं साक्ष्यों के साथ अपना प्रत्यावेदन जिसमें नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड अंकित हो, उसे शुक्रवार शाम तक बोर्ड को भेज सकते हैं। बता दें कि परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक होने के दावों और अन्य त्रुटियों की जांच के लिए एडीजी/सदस्य सचिव की अध्यक्षता में आंतरिक जांच समिति का गठन भी किया जा चुका है।

## 25 मई को खुलेंगे गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब के कपाट


मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से मिले हेमकुंड साहिब ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत बिंद्रा।

**देहरादून।** गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए इस वर्ष 25 मई को खोले जाएंगे तथा 10 अक्टूबर को कपाट बंद किए जाएंगे। यह जानकारी गुरुद्वारा मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को गुरुवार को सचिवालय में मुलाकात के दौरान दी। बिंद्रा ने मुख्य सचिव को बताया कि गुरुद्वारा ट्रस्ट द्वारा घोषित की गई तिथियों को राज्य सरकार द्वारा सहमति दे दी गई है। मुख्य सचिव ने कहा कि शासन-प्रशासन की ओर से हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए पूर्ण सहयोग दिया जाएगा।

## घर में घुसा तेंदुआ, रेस्क्यू के दौरान मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल

- ट्रेंक्यूलाइजर बिना पहुंची वन विभाग टीम, जाल में फंसाकर घंटों चारपाई से दबाकर रखा



**अमृत विचार :** जनपद संभल के गांव रसूलपुर धतरा में एक ग्रामीण के घर में तेंदुआ घुस गया। तेंदुए की वजह से गांव के लोग पांच घंटे तक दहशत में रहे। वन विभाग की टीम बिना ट्रेंक्यूलाइजर व पिंजरे के मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद तेंदुए को जाल में फंसाया जा सका।

हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा में गुरुवार की सुबह सात बजे बसंत के खेत में तेंदुआ दिखाई दिया तो ग्रामीणों ने लाठी-डंडे लेकर उसे दौड़ा लिया, तेंदुआ गांव में घुस आया। दरवाजा खुला होने से रामकुंवर के घर में घुसकर शौचालय में जा छिपा। तेंदुआ देख रामकुंवर के परिजनों ने खुद को कमरे में बंद कर लिया और शोर मचाया तो गांव के लोग आ गए। तेंदुआ घर से बाहर न निकल पाए, ग्रामीणों ने रामकुंवर के घर का मुख्य दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। सुबह आठ बजे हयातनगर पुलिस के साथ सीओ संभल अनुज कुमार चौधरी पहुंचे। दस बजे वन विभाग की टीम पहुंची तो न तो उसके पास ट्रेंक्यूलाइजर था और न ही पिंजरा। पुलिस व वन कर्मियों ने तेंदुए को किसी तरह जाल में कैद कर लिया। इस दौरान तेंदुए ने सीओ अनुज कुमार के पैर पर पंजे से हमला कर उन्हें चोटिल कर दिया। ट्रेंक्यूलाइजर न होने की वजह से टीम ने तेंदुए को घंटों चारपाई के नीचे दबाकर रखा। तेंदुआ भाग न जाए कई लोग चारपाई के ऊपर चढ़ गए। घंटों बाद इंजेक्शन लेकर वन विभाग के कर्मचारी पहुंचे जिसके बाद तेंदुए को बेहोश कर पिंजरे में डाला गया। इस बीच तेंदुए की मौत हो गई। प्रभागीय वनाधिकारी जीबी शेंडे ने बताया कि तेंदुआ जब पकड़ा गया तब वह सुस्त था। ऐसा लगता है कि रास्ते में उसकी मौत हुई है।

## गुलमर्ग में हिमस्खलन के चलते एक रूसी स्कीयर की मौत, 6 को बचाया

जम्मू-कश्मीर, एजेंसी

- नेशनल कान्फ्रेंस के नेता उमर भी यहां कर रहे थे स्कीइंग

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में गुरुवार को हिमस्खलन की चपेट में आकर एक रूसी स्कीयर की मौत हो गई, जबकि एक स्थानीय गाइड सहित छह लोगों को बचा लिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि हिमस्खलन ने अपराह्न करीब दो बजे गुलमर्ग के कोंगदूरी ढलान को अपनी चपेट में ले लिया और इसमें कई स्कीयर दब गए। उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों ने बर्फ के अंदर दबे छह रूसी स्कीयर और गाइड को बाहर निकाल लिया है। एक रूसी स्कीयर की मौत हो गई है, जबकि छह अन्य का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मी और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के गश्ती दल बचाव-सह-तलाशी अभियान चला रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि हिमस्खलन में फंसे लोगों को निकालने और प्रभावी बचाव अभियान के लिए हेलीकॉप्टर की मदद ली जा रही है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि पर्यटन विभाग के गुलमर्ग स्की गश्त और पुलिस के बीच समन्वित अभियान की वजह से छह रूसी स्कीयर और एक स्थानीय गाइड को हिमस्खलन के बाद गुलमर्ग के ऊंचाई वाले इलाके से सफलतापूर्वक बचाया गया। गुलमर्ग के इस ऊंचाई वाले इलाके को आर्मी रिज कहा जाता है। उन्होंने बताया कि एक रूसी स्कीयर की हिमस्खलन के कारण दर्दनाक मौत हो गई। प्रवक्ता के मुताबिक, इस घटना की वजह से चौथा खेलो इंडिया शीतकालीन खेल प्रभावित नहीं हुआ है। जम्मू-कश्मीर खेल परिषद की सचिव नुजहत गुल ने कहा कि गुलमर्ग में चल रहे 'चौथे खेलो इंडिया' शीतकालीन खेल में शामिल हो रहे सभी खिलाड़ी सुरक्षित हैं। नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला स्वयं बुधवार को गुलमर्ग में स्कीइंग कर रहे थे। उन्होंने सभी स्कीयर की सलामती की प्रार्थना की है।

## हल्द्वानी से मुनस्यारी, पिथौरागढ़ व चंपावत के लिए हेली सेवा शुरू

**सुविधा :** देहरादून से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेलीकॉप्टर सेवा की वर्चुअल रूप से की शुरूआत

संवाददाता, हल्द्वानी

- आवागमन सुविधा के साथ ही राहत और बचाव कार्यों में भी मिलेगी सहायता


हेलीकॉप्टर सेवा की वर्चुअल शुरूआत करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**अमृत विचार :** हल्द्वानी से तीन स्थानों के लिए हवाई सेवा गुरुवार से शुरू हो गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल रूप से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हेली सेवा से पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही आपदा के समय राहत व बचाव कार्यों में भी मदद मिलेगी।

राज्य में लंबे समय से हेली सेवा की मांग चल रही थी। गौलापार स्थित हेलीपैड से 7 सीटर हेलीकॉप्टर प्रतिदिन 2-2 उड़ानें हल्द्वानी से चंपावत, पिथौरागढ़ व मुनस्यारी को चलाई गई हैं। हेरिटेज एविएशन कंपनी ने इसका किराया भी तय किया है। हल्द्वानी से चंपावत 2500 रुपये, हल्द्वानी से पिथौरागढ़ 3000 रुपये व हल्द्वानी से मुनस्यारी 3500 रुपये का टिकट है।

वर्चुअल संबोधन में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस हवाई सेवा की लंबे समय से प्रतीक्षा थी। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों को परस्पर जोड़ने व लोगों को आवागमन के लिए सुविधा प्रदान करने में यह सेवा सक्षम होगी। आपात समय में राहत व बचाव कार्यों में भी प्रभावी होगी। विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों के दर्शन के साथ लोगों को आवागमन में भी काफी सुविधा होगी।

दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा व पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि क्षेत्रीय पर्यटन व हवाई संपर्क को बढ़ावा देने के लिए उड़ान योजना (उड़े देश का हर नागरिक) के तहत हवाई सेवा शुरू की गई थी। इस सेवा से पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि को काफी लाभ होगा। बताया कि पिथौरागढ़ व चंपावत के विकास के लिए केंद्र ने 140 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। कार्यक्रम को विधायक विशन सिंह चुफ़ाल, अपर सचिव नागरिक उड्डयन सी रवि शंकर के साथ ही मुनस्यारी, पिथौरागढ़, चंपावत तथा हल्द्वानी से जुड़े जन प्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक लालकुआं मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व मेयर जोगिंदर सिंह रौतेला, गिरीश जोशी, गणेश भंडारी, दीपिका बोरा, धन सिंह, प्रदीप रावत आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### श्रीरामलीला महासंघ के संस्थापक को दी श्रद्धांजलि

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आदर्श कला संगम की बैठक गुरुवार को हुई। इसमें श्रीरामलीला महासंघ के संस्थापक अध्यक्ष कमलेश कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रंगकर्मी डा.प्रदीप शर्मा ने कहा कि कमलेश कुमार ने मुरादाबाद में रामलीला के क्षेत्र में सक्रिय संस्थाओं में एकता, भाईचारा और सौहार्द पैदा किया। इसीलिए श्रीरामलीला महासंघ की स्थापना की। संस्था के सुशील कुमार शर्मा, राजदीप शर्मा, जीवनलता शर्मा, अंकित कौशिक, निलय कौशिक, सतीश कुमार, लाल सिंह ने उनके योगदान की चर्चा की।

### यूपी बोर्ड परीक्षा में आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा में शुक्रवार को पहली पाली में सुबह 8:30 बजे से दोपहर 11:45 बजे तक पालि, अरबी और फारसी भाषा की परीक्षा होगी। जबकि दूसरी पाली में दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक संगीत गायन की परीक्षा होगी। वहीं पहली पाली में इंटरमीडिएट की नागरिक शास्त्र और दूसरी पाली में सामान्य आधारिक विषय, कृषि शस्य विज्ञान, एनसीसी की परीक्षा का आयोजन होगा।

### ध्वस्तीकरण के आदेश पर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने की कार्रवाई, क्षेत्र के प्रापर्टी डीलरों में मचा हड़कंप

# भैंसिया गांव में 20 बीघा भूमि पर अवैध निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने गुरुवार को भैंसिया में 20 बीघा भूमि पर अवैध भू-विभाजन कर कराए गए निर्माण पर कार्रवाई की। जेसीबी से निर्माण ध्वस्त करा दिया। इससे आसपास के प्रापर्टी डीलरों में भी हड़कंप मच गया।

प्राधिकरण की सहायक अभियंता मेधा यादव के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम ने ग्राम भैंसिया में हाजी मेहरजान और मेहराज उर्फ पप्पू चौधरी द्वारा लगभग 20 बीघा भूमि में अवैध तरीके से भू-विभाजन कर कराए गए अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन से ध्वस्त करा दिया। मामले में उत्तर प्रदेश नगर नियोजन अधिनियम के अंतर्गत दायर वाद में ध्वस्तीकरण आदेश पारित था जिसका पालन टीम ने कराया।


भैंसिया गांव में जेसीबी से अवैध निर्माण ध्वस्त करती मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम। ● अमृत विचार

कार्रवाई के दौरान अवर अभियंता तेजवीर सिंह, आरपी यादव, जीके पांडेय के अलावा प्रवर्तन टीम के सदस्य और कटघर थाने का पुलिस बल उपस्थित रहा।

प्राधिकरण की ओर से जन सामान्य से अपील की गई है कि बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए कोई भी निर्माण कार्य न करें। ऐसा मिलने पर कभी भी ध्वस्त किया जा सकता है। कई स्थानों पर अनियोजित रूप से अवैध प्लाटिंग कर कराए जा निर्माण को अवैध मानते हुए ऐसे निर्माणों को चिह्नित कर ध्वस्त कराने की कार्रवाई भी होगी। जिसकी जिम्मेदारी निर्माणकर्ता की ही होगी। इसलिए कोई भी भवन और भूखंड खरीदने से पहले उसके वैधता की जानकारी प्राधिकरण कार्यालय से अवश्य प्राप्त कर लें।

## समृद्धि विहार योजना में आवास आवंटन के लिए मांगे आवेदन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने दिल्ली रोड स्थित समृद्धि विहार सेक्टर 16 बी, नया मुरादाबाद में आवासीय भवनों के आवंटन की प्रक्रिया फिर शुरू कर दी है। इसके लिए 12 मार्च तक आवेदन मांगे गए हैं।

समृद्धि विहार मुख्य मार्ग दिल्ली रोड से मात्र 100 मीटर अंदर है। इस योजना में दो मंजिला आवासीय भवन निर्मित हैं। इस योजना में चारों तरफ हरियाली और खूबसूरत पार्क निर्मित है। कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं सड़क, जलापूर्ति, मार्ग प्रकाश व्यवस्था, ड्रेनेज, सीवर आदि पहले से उपलब्ध है। इच्छुक व्यक्ति आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की पोर्टल JANHIT.UPDA.IN पर लॉग इन कर ऑनलाइन पंजीकरण धनराशि जमा करते हुए आवेदन प्राप्त कर सकता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 12 मार्च है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि समृद्धि विहार योजना में आवंटन के लिए आवेदन मांगा गया है। इसके अलावा अमृत कुंज योजना की लाटरी ड्रा में सफल आवेदकों की लिस्ट प्राधिकरण कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है। सफल आवेदकों को आवंटन पत्र जारी किया जा रहा है।

## हरिहर मंदिर मुक्त कराने को नासिक सांसद से मिले

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** शिवसेना ने संभल के हरिहर मंदिर को मुक्त करने का बीड़ा उठाया है। जिसमें शिवसेना प्रमुख गुड्डू सैनी शिवसेना सांसद हेमेन्द्र गोडसे से नई दिल्ली में लोकसभा भवन में मिले।

जहां उन्होंने सांसद के साथ हिंदवी स्वराज के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज सोलहवीं पीढ़ी के छत्रपति संभाजी राजे भोसले से हरिहर मंदिर के दूसरे समुदाय के कब्जे को हटवाने की मांग की। उन्होंने सावन माह में जल चढ़ाने के प्रशासन द्वारा शिवसैनिकों को उनके घर में नजरबंद करने की जानकारी दी। सांसद हेमेंद्र गोडसे ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के अलावा गृह मंत्री से मिलकर मंदिर को मुक्त कराने का आश्वासन दिया है। हिंदवी स्वराज के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान नई दिल्ली में शिवसेना जिला प्रमुख गुड्डू सैनी, मनोज कुमार, राकेश कुमार प्रजापति आदि शामिल हुए।

# हिंदी विषय का आसान पेपर देख खिले परीक्षार्थियों के चेहरे

### दो पालियों में हुई यूपी बोर्ड परीक्षा, पहले दिन 10वीं और 12वीं के 5305 विद्यार्थियों ने छोड़ दी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाएं गुरुवार से जिले में 110 केंद्रों पर शुरू हुईं। हाईस्कूल में हिंदी विषय की परीक्षा सुबह और इंटर की हिंदी की परीक्षा शाम को दूसरी पाली में हुई। जबकि 12वीं के विद्यार्थियों ने सैन्य विज्ञान और 10वीं के कुछ विद्यार्थियों ने दूसरी पाली में वाणिज्य की परीक्षा दी। वाणिज्य की परीक्षा में 31 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। 10वीं हिंदी के पेपर में 3182 और 12वीं में 2083 विद्यार्थियों ने परीक्षा से किनारा किया। सभी केंद्रों पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात होने के साथ ही शिक्षा विभाग व प्रशासनिक अधिकारी भी परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण करते रहे। हिंदी की परीक्षा देकर केंद्र से बाहर आए विद्यार्थियों ने बताया कि पेपर काफी आसान रहा।

बोर्ड परीक्षा में जिले में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के कुल 80375 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इसमें हाईस्कूल के 42679 और इंटर के 37696 विद्यार्थी हैं। नकलविहीन और शांतिपूर्ण परीक्षा कराने के लिए 110 केंद्र व्यवस्थापक और अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक, 27 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 110 स्टेटिक मजिस्ट्रेट और 4763 कक्ष निरीक्षक तैनात हैं। साथ ही छह सचल दल परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से सभी केंद्रों पर नजर रखी गई।

महाराजा अग्रेसन इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि हिंदी में विशेष योग्यता के अंक आएंगे। पेपर काफी सरल रहा। निबंध, गद्यांश, व्याकरण व पंद्यांश में अतिरिक्त अंक आने की संभावना है।


मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आतीं छात्राएं। ● अमृत विचार


चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के बाहर प्रश्नपत्र को लेकर चर्चा करते छात्र। ● अमृत विचार


मैं परीक्षा को लेकर बहुत उत्साहित था। परीक्षा केंद्र पर भी परीक्षा से करीब 1 घंटे पहले आ गया। मेरा पहला प्रश्नपत्र काफी अच्छा हुआ है। परीक्षा में अच्छे अंक आएंगे।
–अभिषेक ओबेराय, कक्षा 10

**यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान दोनों पालियों में परीक्षार्थियों की उपस्थिति**

| परीक्षा | विषय | पंजीकृत | उपस्थित | अनुपस्थित | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| **पहली पाली** | | | | | |
| हाईस्कूल | हिंदी | 42,614 | 39,432 | 3182 | 92.53 |
| इंटर | सैन्य विज्ञान | 65 | 56 | 9 | 86.15 |
| योग | | 42,679 | 39,488 | 3191 | 92.52 |
| **दूसरी पाली** | | | | | |
| हाईस्कूल | वाणिज्य | 839 | 808 | 31 | 96.31 |
| इंटर | हिंदी, सामान्य हिंदी | 36,857 | 34,774 | 2083 | 94.35 |
| योग | | 37,696 | 35,582 | 2114 | 94.39 |


परीक्षा का अनुभव पहली बार करना एक सुखद अहसास रहा। परीक्षा से पहले थोड़ा डर लग रहा था। लेकिन, पेपर देखकर सुकून मिला। पेपर अच्छा हुआ है।
–शिवा, कक्षा 10


हिंदी की तैयारी मैंने सबसे पहले करना शुरू किया था। प्रश्नपत्र में अधिकांश सवाल पढ़े हुए थे। शिक्षकों ने जिन सवालों को ज्यादा पढ़ने पर जोर दिया, उनका खूब लाभ मिला।
–खालिद, कक्षा 10


परीक्षा से पहले थोड़ा डरा हुआ था। उत्तर पुस्तिका को भरने में अधिक समय खर्च हो गया। जिसका असर अंत तक रहा। पेपर आसान था, अच्छे नंबर आएंगे।
–मोहम्मद सानिब, कक्षा 10



मैनाठेर में परीक्षा देकर बाहर आतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

## पहले दिन हिंदी की परीक्षा दो पालियों में शांतिपूर्ण संपन्न

संवाददाता, मैनाठेर

**अमृत विचार :** क्षेत्र में गुरुवार को हाईस्कूल-इंटर की यूपी बोर्ड की परीक्षा दो पालियों में शुरू हुई। हबीबी इण्टर कॉलेज में हाईस्कूल हिंदी में पंजीकृत 466 में से 31 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। इंटर की हिंदी की परीक्षा में 373 बच्चों में 11 बच्चों ने परीक्षा छोड़ी। एनएसबीडी इंटर कालेज में 220 में से 10 ने परीक्षा छोड़ी।

परीक्षा केंद्र पर जिला विद्यालय निरीक्षक, तहसीलदार बिलारी, प्रतिभा गुप्ता जीआईसी प्रिंसिपल, सीओ बिलारी ने निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक जहीरुल इस्लाम उप प्रधानाचार्य हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज डींगरपुर, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक रेखा चौहान, राजकीय हाईस्कूल नागलिया माशकूला, स्टेटिक मजिस्ट्रेट प्रशांत कुमार समाज कल्याण, पर्यवेक्षक संदीप यादव राजकीय हाईस्कूल हाथीपुर चित्तू उपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों से छात्र-छात्राएं बाहर निकले तो उनके चेहरे खिले हुए थे। मैनाठैर थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार ने पुलिस टीम के साथ कॉलेज पर जाकर जायजा लिया।


मौसम ने बदली करवट : पेड़ों पर पतझड़ के बाद अब वासंती मौसम में नई कोपलें फूटने लगी हैं। रेलवे अस्पताल के पास बदले मौसम में रोड पर कुछ इस तरह गुजरते लोग। ● अमृत विचार

## सेवानिवृत रेल कर्मियों ने प्रबंधन पर उठाया सवाल

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नॉर्दर्न रेलवे पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक गुरुवार को संगठन कार्यालय पर हुई। जिसकी, अध्यक्षता आरके बनर्जी और संचालन एके शुक्ला ने किया।

बैठक में एआईआरएफ की 100वीं वर्षगांठ पर दिल्ली में आयोजित होने वाली बैठक की चर्चा हुई। सदस्यों ने मंडलीय चिकित्सालय में कर्मचारी के उपचार की कठिनाई पर भी रोष व्यक्त किया गया। सेवानिवृत कर्मचारियों ने कहा कि जरूरत पर अस्पताल से दवाओं की उपलब्धता नहीं हो पा रही है। शाम की पाली में चिकित्सक भी अस्पताल में नहीं मिल रहे हैं। चिकित्सकों के नहीं होने की स्थिति में रिटायर्ड कर्मचारियों को वापस होना पड़ रहा है। बैठक में संगठन के धर्मेंद्र बहादुर सिंह, वीर सिंह, कुलदीप भूषण, सतीश कुमार आदि ने अपनी बात रखी।

# सीबीएसई: 16 केंद्रों पर हुई अंग्रेजी की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गुरुवार को सीबीएसई की कक्षा 12 की अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। केंद्र से बाहर परीक्षा देकर निकले विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। परीक्षार्थी राहुल शर्मा ने बताया कि प्रश्नपत्र में ग्रामर काफी सरल रही। जिससे पेपर काफी अच्छा हो गया। परीक्षा में अच्छे अंक आएंगे।

महानगर में 16 केंद्रों पर सीबीएसई परीक्षाएं चल रही हैं। गुरुवार को केवल 12वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। बारहवीं में 4000 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। विद्यार्थी पेपर देने के बाद संतुष्ट नजर आए। उन्होंने बताया कि पेपर बहुत सरल रहा। कहा कि पेपर बेहद आसान और संतुलित था। अंग्रेजी का प्रश्नपत्र एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित था यानी लीक से हटकर सवाल नहीं पूछे गए। छात्रों का मानना था कि पेपर उतना कठिन नहीं था जितना सोचा था। परीक्षार्थी शशांक ने बताया कि प्रश्नपत्र में लेटर याद किया हुआ आया। प्रश्न तैयार किए हुए पेपर में मिल गए। ग्रामर भी सरल रही। अंग्रेजी विषय में अच्छे अंक आएंगे।


आरआरके स्कूल से परीक्षा देकर बाहर आते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**आज इन विषय की होगी परीक्षा**

शुक्रवार कक्षा 10 का नेशनल कैडेट कॉर्प्स, तेलुगू तेलंगाना, बोडो, तांगखुल, जैपनीज, भूटिया, स्पेनिश, कश्मीरी, मिजो भाषा की परीक्षा होगी। वहीं बारहवीं में रिटेल, वेब एप्लीकेशन, मल्टी मीडिया विषय की परीक्षा होगी।

## नजीबाबाद की एजेंसी को मिला कपूर कंपनी पुल निर्माण का ठेका

**लखनऊ रेलवे कारखाना में तैयार हो रहा है पुल का ढांचा**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कपूर कंपनी पुल बनाने वाली निर्माण एजेंसी का चयन हो गया है। नजीबाबाद (बिजनौर) की फर्म को निर्माण का ठेका मिला है। चार एजेंसियों ने टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा लिया था। एजेंसियों के प्रपत्रों के परीक्षण के बाद चौथे दिन प्रबंधन ने एजेंसी का निर्धारण कर दिया। लखनऊ स्थित रेलवे के कारखाना में पुल के खंभे तैयार हो रहे हैं। अप्रैल तक खंभे मिल जाएंगे।

बिजनौर की एजेंसी ने सबसे कम खर्च पर ठेका हासिल किया है। निर्माण कार्य पर रेल प्रबंधन सात करोड़ से अधिक धनराशि खर्च करेगा। पुल निर्माण के लिए चार बार पहले भी टेंडर निकाला गया था लेकिन, तब बजट और अन्य कारण आड़े आ गए। इसके बाद प्रबंधन ने दो हिस्से में पुल निर्माण पूरा कराने का निर्णय लिया। पुल की डिजाइन बनाने के लिए एजेंसी का निर्धारण पहले चरण में हो गया था। 16 फरवरी को निर्माण के ठेके का टेंडर जारी किया था, जिसमें चार फर्मों ने दावेदारी की थी। पिलर और खंभा निर्माण में लगभग दो करोड़ रुपये खर्च होने हैं।

लोहा और स्टील मिश्रित पुल के गर्डर और बाकी हिस्से के निर्माण पर 5.50 करोड़ रुपये खर्च होंगे। रेलवे के सीनियर डीईएन (सी) पारितोष गौतम ने बताया कि परीक्षण के बाद पुल निर्माण की एजेंसी तय कर दी गयी है। बिजनौर की फर्म को काम मिला है। लखनऊ में पुल के खंभे तैयार हो रहे हैं।

**निरीक्षण** जिलाधिकारी ने कुंदरकी विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय नानपुर का औचक निरीक्षण किया

# प्रधानाध्यापक व शिक्षामित्र अनुपस्थित मिले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने गुरुवार को कुंदरकी विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय नानपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में प्रधानाध्यापक व एक शिक्षामित्र अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने दोनों से स्पष्टीकरण मांगा। बीएसए को रिपोर्ट लेकर देने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी जब पहुंचे तो वहां पर उपस्थित शिक्षक ने बताया कि प्रधानाध्यापक एआरपी पर्यवेक्षण और शिक्षामित्र प्रशिक्षण पर हैं। जिलाधिकारी ने बीएसए को अनुपस्थित कार्मिकों से स्पष्टीकरण लेकर देने का निर्देश दिया। उन्होंने कक्षाओं में जाकर पढ़ाई का स्तर जाना। बच्चों से किताब पढ़वाई। इससे वह संतुष्ट हुए। स्कूल में बने दोपहर के भोजन को स्वयं भी खाकर उसकी गुणवत्ता परखी। विद्यालय में संचालित में तीन आंगनबाड़ी केंद्र में से एक बंद मिला। दो आंगनबाड़ी केन्द्रों में केवल 12 बच्चे उपस्थित थे। केंद्रों में बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था ठीक नहीं मिली। जिलाधिकारी ने बाल विकास परियोजना अधिकारी का स्पष्टीकरण तलब किया है।


प्राथमिक विद्यालय नानपुर के निरीक्षण में बच्चों से किताब पढ़वाते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह।

### जल्द पूरा कराएं अटल विद्यालय का निर्माण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने इसी क्रम में बिलारी तहसील के अन्तर्गत पीपली में निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। काम में सुस्ती पर नाराजगी जताकर समय से निर्माण पूरा कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान ब्वॉयज हॉस्टल, गर्ल्स हॉस्टल, कर्मचारी आवास, कार्यालय आदि के निर्माणाधीन भवनों के काम में ढिलाई पर जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट मैनेजर सीके कंसट्रक्शन को मजदूरों की संख्या बढ़ाकर तेजी से काम कराने का निर्देश दिया। इस दौरान उपजिलाधिकारी बिलारी व कार्यदायी संस्था सीके कंसट्रक्शन के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री की घोषणा से हवाई यात्रा करने वाले खुश

**संभल की सभा में जल्द सेवा शुरू होने की कही थी बात**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** हवाई सेवा की उम्मीद लगाने वालों की प्रतीक्षा के दिन पूरे होने वाले हैं। संभल की सभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहुत जल्द ही मुरादाबाद से हवाई सेवा शुरू होने के संकेत दिए थे। मुख्यमंत्री की बात सुनकर यहां के कारोबारी, युवा और दुनिया भर में फैले यहां के निर्यातक खुश हैं। अलबत्ता प्रशासन को अभी भी शासन के निर्देश एयरपोर्ट अथारिटी के आदेश की प्रतीक्षा है।

वर्तमान माह के अंत तक यहां से हवाई सेवा के शुरू होने की चर्चा है। मूढापांडे के भदासना हवाई अड्डे से उड़ान शुरू होने की कवायद करीब 12 साल पहले शुरू हुई थी। साल 2023 के दिसंबर माह में अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सेवा शुरू हो चुकी है। मुरादाबाद सहित पांच अन्य केंद्रों से यह सेवा शुरू होनी है। आरंभ में प्रदेश सरकार ने यहां से लखनऊ और कानपुर की सेवा शुरू करने का संकेत दिया है। मुरादाबाद से 19 सीटर विमान के उड़ान भरने की नागर विमानन विभाग ने की है।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद का कहना है कि एयरपोर्ट अथारिटी की तैयारी पूरी है। एजेंसी का चयन भी हो गया है। उधर, हवाई सेवा शुरू होने की बात पर जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह का कहना है कि अभी प्रशासन को इस कार्य के लिए आदेश की प्रतीक्षा है।

## शहर में आज

- जोनल टैक्स बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक सेल्स टैक्स ऑफिस राम गंगा विहार में शाम 4 :00 बजे।
- यूपी बोर्ड की 10वीं की परीक्षा 110 केंद्रों पर 8 :30 बजे से।
- सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा 16 केंद्रों पर सुबह 10 :30 बजे से।

## एक नजर

### खिचड़ी वितरित की

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्रीरामलीला महासंघ के संस्थापक स्व. कमलेश कुमार की जयंती पर गुरुवार को चौमुखापुल पर दोपहर में चाय और खिचड़ी बांटी। इसे संस्था के संस्थापक के आदर्शों को याद कर अध्यक्ष राजेश रस्तोगी ने शुरू कराया। चौमुखापुल पर पुरानी तहसील के सामने श्रीरामलीला महासंघ के मुख्यालय पर चाय खिचड़ी वितरित की गई। इस दौरान शैलेंद्र अग्रवाल, कुमार देव, श्रीराम शर्मा, प्रत्याशी आनंद मोहन गुप्ता, वरिष्ठ एडवोकेट प्रभात गोयल, संजय सोनी, डॉ. प्रदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

# रिश्वत लेते पकड़े गए दरोगा महेश पाल को भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**कार्रवाई**

- सिविल लाइंस थाने से 5000 रुपये लेते किया था गिरफ्तार
- शस्त्र लाइसेंस की खारिज रिपोर्ट न लगाने के एवज में मांगे थे पैसे

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाने के दरोगा महेश पाल सिंह को एंटी करप्शन की टीम ने पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। जिन्हें गुरुवार को टीम ने कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

सीओ एंटी करप्शन मुरादाबाद इकाई मोहम्मद फाजिल ने बताया कि सिविल लाइंस थानाक्षेत्र के गांव बिशनपुर भीमाठेर निवासी निजार खां ने उनसे शिकायत कर बताया कि उसने 12 जनवरी 2024 को एसएसपी को एक शिकायती पत्र दिया। इसमें उन्होंने बताया कि फर्जी मुकदमा दर्ज कर उसकी लाइसेंसी बंदूक और लाइसेंस को जबरन ले जाने का आरोप लगाया था। एसएसपी ने इसकी जांच सिविल लाइंस थाना पुलिस को दी थी। अगवानपुर में तैनात एसआई महेश पाल सिंह को इसकी जांच सौंपी गई थी। निजार खां का आरोप था कि दरोगा महेश पाल सिंह ने खारिज रिपोर्ट को निरस्त कर उसके पक्ष में आख्या देने के लिए बीस हजार रुपये की मांग की। यह भी कहा कि पांच हजार रुपये पहले दे दो और 15 हजार रुपये काम होने के बाद देना।

इस शिकायत की प्रारंभिक जांच में रिश्वतखोरी की बात सामने आने पर एंटी करप्शन टीम ने बुधवार को दरोगा को रंगेहाथ पकड़ लिया। गुरुवार को आरोपी दरोगा को बरेली एंटी करप्शन कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### 27 फरवरी को होना है दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी की कार्यकारिणी का चुनाव, आज करेंगे प्रचार

# चुनाव के लिए मतपत्र बनाने व व्यवस्थित करने में जुटे अधिवक्ता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



दी बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के कार्यकारिणी चुनाव के लिए मतपत्रों को तैयार करने को लेकर बैठक में उपस्थित अधिवक्ता।

**अमृत विचार:** दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद की कार्यकारिणी का वार्षिक चुनाव के लिए 27 फरवरी को मतदान होगा। इसको लेकर गुरुवार को एल्डर्स कमेटी और चुनाव समिति ने बार एसोसिएशन कार्यालय में मतपत्रों को बनाने और उनको व्यवस्थित करने का कार्य शुरू किया। यह कार्य शुक्रवार को भी जारी रहेगा।

एल्डर्स कमेटी के विजय गुप्ता, सुभाष चन्द्र गर्ग, सुधीर गुप्ता आदि की मौजूदगी में मतपत्रों को बनाने व व्यवस्थित करने का कार्य चला। अधिवक्ताओं ने निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने पर विचार किया। प्रत्याशियों से अपील करते हुए कहा कि वह शांतिपूर्ण चुनाव कराने में पूरा सहयोग करें। इस दौरान एल्डर्स कमेटी के जगदीश सरन और चुनाव समिति से नरेंद्र सिंह चौहान, शमशेर सिंह, अनिल कुमार सिंह, खलीकजुम्मा, सतीश विश्नोई, संदीप खन्ना, अजयवीर त्यागी, अजयपाल सिंह, संजय सक्सेना, रमेश सिंह आर्य, संजय कुमार यादव, जगदीश चन्द्र मिश्रा, मनोज गुप्ता, विशाल कांत, अरशद परवेज, अनिल कुमार चौहान, ओमपाल सिंह, विवेक शर्मा, आशकार हुसैन, जाफर अली आदि उपस्थित रहे। वहीं चुनाव प्रचार के लिए दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अधिवक्ता शुक्रवार को कार्य से विरत रहेंगे। यह जानकारी एसोसिएशन के महासचिव अभय कुमार सिंह ने दी।

### वरिष्ठ अधिवक्ता फली एस. नरीमन के निधन पर शोक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी की ओर से गुरुवार को बार एसोसिएशन के हाल में सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता फली एस. नरीमन के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। अधिवक्ताओं ने उनके निधन पर शोक जताया। बार एसोसिएशन हाल में दोपहर बाद वरिष्ठ अधिवक्ता फली एस. नरीमन के निधन पर शोक सभा हुई। जिसमें अधिवक्ताओं ने उनके निधन को वकालत के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति बताया। कहा कि फली एस. नरीमन बार काउंसिल ऑफ इंडिया के लगभग 19 वर्ष चेयरमैन रहे। वे भारत सरकार के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल भी रहे। अधिवक्ताओं ने उन्हें संविधान का पंडित बताते हुए कहा कि उनके केसों में स्थापित नजीरें आज भी जजों और अधिवक्ताओं के लिए मार्गदर्शन करती हैं। शोक सभा की अध्यक्षता अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना और संचालन महासचिव अभय कुमार सिंह ने किया।

# रेलकर्मियों ने 80 सूत्रीय समस्याओं का खोला पिटारा

### उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन स्थायी तंत्र (पीएनएम) की बैठक, डीआरएम ने कर्मचारियों से मांगा सहयोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



डीआरएम सभागार में बैठक में उपस्थित अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन (उरमू) और रेल प्रबंधन के बीच आयोजित स्थायी तंत्र वार्ता (पीएनएम) की बैठक के पहले दिन 80 बिंदुओं पर चर्चा की गई। सचिव शलभ सिंह के नेतृत्व में सभी शाखाओं के सचिव और अध्यक्षों ने सिलसिलेवार अधिकारियों से प्रश्न किए। मंडल अध्यक्ष एसके उपाध्याय और कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमारी ने पिछली बैठक में उठाए प्रकरण और समस्याओं को लेकर शाखा अधिकारियों से सीधा संवाद किया।

आरंभ में प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह ने यूनियन के सदस्यों का बैठक में स्वागत किया। परिचयात्मक वार्ता के बाद बैठक की प्रक्रिया आगे बढ़ी। मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह ने रेलवे की चुनौतियों और सेवाओं में कर्मचारियों का सहयोग मांगा और प्रबंधन की ओर से आश्वस्त किया कि कर्मचारी हित के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। संगठन के मंडल सचिव शलभ सिंह ने कहा कि प्रबंधन वर्क टू रूल का पालन कराए। संगठनों के पदाधिकारी पहले कर्मचारी हैं, उसके बाद कोई पदाधिकारी है।

संगठन के शेखर ठाकुर, पीके भटनागर, सीपी सिंह, नरेंद्र कुमार, मोहम्मद अनीस, धर्मवीर, आकाश, रवि थापा, अरुण पासवान, सिद्धार्थ शंकर, अमित यादव, राकेश कुमार, संतोष, राजीव गुप्ता, अरविंद मुख्य रूप से उपस्थित रहे। रेल प्रबंधन की ओर से प्रवर मंडल प्रबंधक एनएन सिंह, वरिष्ठ मंडल कमांडेंट आरपीएफ संमुआ बाडीवेल, सीनियर डीईएन (सी) पारितोष गौतम के अलावा निर्माण, संरक्षा, कैरेज एंड वैगेन, सिग्नल एंड टेलिकाम आदि के शाखा अधिकारी उपस्थित रहे।

### 12 घंटे 43 मिनट की देरी से पहुंची कुंभ एक्सप्रेस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेल प्रबंधन लंबी दूरी की ट्रेनों को समय से चलाने में असफल साबित हो रहा है क्योंकि, कोहरा सीजन खत्म होने के बाद इस तरह की स्थिति बनी हुई है। ट्रेनों की देरी की वजह से दैनिक यात्री बसों का सहारा लेने को मजबूर हैं। गुरुवार को कुंभ एक्सप्रेस ने देरी का नया रिकार्ड बनाया। यह गाड़ी 12 घंटे 43 मिनट की देरी से यहां पहुंची। हावड़ा से देहरादून के बीच चलने वाली दून एक्सप्रेस भी 5 घंटे 7 मिनट प्रभावित रही। ट्रेनों के विलंब से चलने की वजह से मुरादाबाद से दिल्ली और हरिद्वार रूट के यात्रियों को मजबूर होकर बसों से यात्रा करनी पड़ रही है। आंनद विहार की ओर आ रही सुपरफास्ट सप्त क्रांति 5 घंटे 8 मिनट देरी से जंक्शन आई। सत्याग्रह एक्सप्रेस 6 घंटे 47 मिनट, जनसाधारण 5 घंटे 31 मिनट, सियालदह 3 घंटे 31 मिनट, किसान 1 घंटे 42 मिनट, लोहित एक्सप्रेस 2 घंटे 18 मिनट प्रभावित रही जबकि, कर्मभूमि, जननायक, गजरौला एक्सप्रेस, सहारनपुर मेमू आदि के इंतजार में यात्री खड़े रहे। दोपहर बाद की अमरनाथ एक्सप्रेस 1 घंटा 33 मिनट और जलियांवाला बाग एक्सप्रेस 1 घंटा 44 मिनट देरी से पहुंची।

### बैठक में उठीं प्रमुख मांगें

- रनिंग स्टाफ का ट्रेन अराइवल (टीए) के नाम पर उत्पीड़न बंद किया जाए।
- सहायक लोको पायलट/लोको पायलट (गुड्स) के विभिन्न स्टेशनों पर स्थानांतरण का अनुरोध स्वीकार हो।
- पायलट और ट्रेन मैनेजर को नई वॉकी टॉकी शीघ्र उपलब्ध करवाई जाए।
- लंबे समय से मुख्य लोको इंस्पेक्टर व रनिंग स्टाफ (स्टेशनरी ड्यूटी) से लाइन पर कार्य लिया जाए।
- खुर्जा जंक्शन से सहारनपुर फ्रेट कॉरिडोर शुरू हो गया, गुड्स क्रू की जंक्शन पर पोस्टिंग की जाए।
- ट्रैकमैन कैटेगरी के सदस्यों को साइकिल एलाउंस का एरियर सहित भुगतान हो।
- एसएसई पीवे/इंचार्ज मुरादाबाद की गंभीर शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई की जाए।
- बरेली हेडक्वार्टर पर लोको पायलट गुड्स के 105 पद किए जाएं।
- असिस्टेंट लोको पायलट ग्रेड-पे 1900 को वरिष्ठ असिस्टेंट लोको पायलट का लाभ शीघ्र दिया जाए।
- मुरादाबाद स्टेशन से स्पेयर वर्किंग के नाम पर विभिन्न स्टेशनों पर भेजे गए स्टाफ को 36 घंटे में वापस किया जाए ।
- मंडल के सभी विभागों के लगभग 17500 कर्मचारियों के प्लास्टिक आइडेंटिटी कार्ड जारी किए जाएं।
- ट्रेन मैनेजर गुड्स ट्रेन मैनेजर पैसेंजर-मेल में लंबे समय से पेंडिंग प्रमोशन शीघ्र किया जाए।
- समस्त रेल फाटकों पर बिजली और पीने के पानी की व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाएं।
- यूनियन पदाधिकारियों द्वारा मीटिंग के नाम पर प्रशासनिक कार्य न करने की प्रवत्ति को रोका जाए ।
- मंडल के सभी गैंग हट पर समुचित सुविधाओं का प्रावधान किया जाए ।

### लीगल एंड डिफेन्स काउंसिल के लिए 27 फरवरी से साक्षात्कार

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** लीगल एंड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम के अन्तर्गत चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, डिप्टी लीगल एंड डिफेन्स काउन्सिल के एक-एक पद तथा असिस्टेंट लीगल एंड डिफेन्स काउन्सिल के दो पद पर नियुक्ति होनी है।

चीफ लीगल एड डिफेन्स तथा डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के एक-एक पद पर साक्षात्कार 27 फरवरी को और असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के दो पदों पर साक्षात्कार 28 व 29 फरवरी को होंगे। रिपोर्टिंग समय तीन बजे व साक्षात्कार सायं 4:30 बजे से जनपद न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में शुरू होगा। प्रथम, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि जन सामान्य को निशुल्क विधिक सहायता प्रदान कराने के उद्देश्य से जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में जिले में इन पदों के लिए 15 फरवरी तक मिले आवेदन पत्रों के अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के संबंध में अभ्यर्थियों को अलग से सूचना दी है। निर्धारित तिथि व समय पर साक्षात्कार के लिए न आने पर फिर अवसर नहीं मिलेगा।

# रेलवे स्टेशन पर एक और स्वचालित सीढ़ी लगेगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- प्लेटफार्म एक पर आरपीएफ पोस्ट के पास लिफ्ट भी तैयार

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेशनों के विस्तार में जंक्शन को एक और स्वचालित सीढ़ी (एस्केलेटर) मिलने वाली है। यह सुविधा दिल्ली रूट के यात्रियों के लिए होगी। अब यह स्टेशन की दूसरी स्वचालित सीढ़ी होगी। मार्च में इसके निर्माण के लिए टेंडर निकलने की उम्मीद है। सब कुछ सामान्य रहा तो चार माह में यह कार्य पूरा हो जाएगा।

वैसे तो रेल प्रबंधन ने अभी निर्माण एजेंसी का चयन नहीं कर पाया है लेकिन, एक साल पुराने प्रस्ताव की विभागीय सुस्ती दूर हुई है। मंडल मुख्यालय पर यात्रियों को सभी सुविधा देने और स्टेशन को मॉडल के रूप में स्थापित करने की योजना का यह हिस्सा है। लखनऊ दिशा की ओर प्लेटफार्म संख्या एक पर यह सेवा है जबकि, आरपीएफ पोस्ट के पास लिफ्ट पूरी तरह से तैयार है। अब इसका उद्घाटन होना ही बाकी है। इस क्षेत्र से दिल्ली और सहारनपुर लाइन के यात्रियों को रेल की सेवा मिलती है, यहां औसतन 17 से 20 हजार यात्री हर दिन ट्रेन की सेवा लेते हैं। बुजुर्ग और दिव्यांग यात्रियों को दिक्कत होती है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि दिल्ली दिशा में प्लेटफार्म संख्या एक की स्वचालित सीढ़ी यहां के लिफ्ट के समानांतर खड़ी होगी, यहां लिफ्ट निर्माण की देरी ने एस्केलेटर का निर्माण रोक दिया। 13 माह पहले इस योजना को लेकर रेल प्रबंधन ने चर्चा की थी। सभी विभागों को इस कार्य के लिए प्रस्ताव तैयार करना था। मगर, सिग्नल एंड टेलिकाम, बिजली, सिविल इंजीनियरिंग के समन्वय में कमी की वजह से यह परियोजना जमीन पर नहीं उतर पाई। अब अगर समय से एजेंसी का चयन हो जाए तो मात्र चार माह का काम है। उसके बाद यहां भी यात्रियों को आसानी होगी।

रेलवे निर्माण विभाग के सहायक अभियंता (कार्य) बलजीत सिंह का कहना है कि एक साल पहले ही इस प्रस्ताव का टेंडर निकाला गया था। लेकिन, काम रुक गया। कैश कार्यालय के पास बनी लिफ्ट के सहारे ही एस्केलेटर (स्वचालित सीढ़ी) को उठाया जाएगा। इस सुविधा से दिल्ली दिशा के यात्रियों को आसानी होगी। अभी इस कार्य की एजेंसी का निर्धारण नहीं हुआ है।

### मछली पालन, सिंघाड़ा की खेती से मिलेगा रोजगार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारों को राज्य सरकार तालाबों के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराएगी।

मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने बताया कि सरकारी तालाबों में मछली पालन, सिंघाड़ा खेती और मोती पालन के लिए योजना चलाई जा रही है। जो किसान या बेरोजगार युवक इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं। वह विकास भवन स्थित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। तालाबों में मछली पालन और सिंघाड़े की खेती के लिए राज्य सरकार सब्सिडी दे रही है। इसका फायदा ग्रामीण क्षेत्र के उन लोगों को मिलेगा जो अब तक रोजगार से वंचित थे। ऐसे परिवारों को इसके माध्यम से रोजगार मिलने से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होंगी और अन्य लोगों को भी रोजगार दे पाएंगे। सीडीओ ने इसके अतिरिक्त भी कई योजनाओं की जानकारी दी।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मुगलपुरा थाना क्षेत्र का मामला एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट

**अमृत विचार:** मुगलपुरा थाना क्षेत्र निवासी महिला ने पति और ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। आरोप है कि जेठ ने कमरे में घुसकर छेड़छाड़ की। शिकायत पर पति और ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। इतना ही नहीं पति ने दूसरा निकाह कर लिया। पीड़िता की शिकायत पर मुगलपुरा पुलिस ने पति समेत छह ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

महिला ने बताया कि उसका निकाह तीन साल पहले अमरोहा जिले के मोहल्ला कटकुई यूसुफ शाह मजार निवासी युवक से हुआ था। महिला ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि निकाह में मिले दहेज से उसके ससुराल वाले खुश नहीं थे। वह आए दिन उसके साथ मारपीट करते थे। आरोप है कि एक दिन पति घर से बाहर गया था। उसी दौरान रात में जेठ जबरन कमरे में घुस आया और छेड़छाड़ की। पति और सास से शिकायत की तो दोनों ने उल्टा उसे ही भला बुरा कहा। पांच दिन बाद पति और ससुरालियों ने पीड़िता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोप है कि अब उसके पति ने दूसरा निकाह कर लिया है। परेशान होकर पीड़िता ने एसएसपी से गुहार लगाई, जहां से एफआईआर के आदेश हुए। इस संबंध में एसएचओ मुगलपुरा मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति, जेठ, सास, ननद समेत छह ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### गैंगस्टर नवाब की 95 लाख की संपत्ति कुर्क

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को कटघर थाना क्षेत्र निवासी गैंगस्टर नवाब के खिलाफ कड़ा कदम उठाया। पुलिस ने गैंगस्टर की 95 लाख, 10 हजार, 260 रुपये की चल व अचल संपत्ति को कुर्क किया।

अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे क्रम में गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने मुगलपुरा थाना में पंजीकृत मामले में गैंगस्टर के आरोपी कटघर थाना क्षेत्र में गुलाबबाड़ी निवासी नवाब के खिलाफ कार्रवाई की। इसमें पुलिस ने गैंगस्टर ने अपराध के माध्यम से जुटाई संपत्ति को कुर्क किया। इसमें उन्होंने एक प्लाट रकबा 119 वर्ग मीटर कीमत 52,39,000 रुपये, एक प्लाट रकबा 212 वर्ग मीटर कीमत 42,59,260 रुपये, एक विक्की लूना कीमत 12 हजार समेत कुल 95 लाख 10 हजार 260 रुपए की संपत्ति को कुर्क किया।



भारतीय जनता पार्टी की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# सभी के लिए योजनाएं चला रही सरकार

संवाददाता, मैनाठेर

- नगर पंचायत महमूदपुर माफी में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**अमृत विचार :** क्षेत्र में गुरुवार को नगर पंचायत महमूदपूर माफी में भारतीय जनता पार्टी की गांव चलो अभियान की कार्यशाला हुई। जिसमें मुख्य अतिथि विधानसभा क्षेत्र प्रभारी राजू कालरा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन प्रतिनिधि मंगल सेन सैनी ने की।

कार्यशाला में महमूदपुर माफी मंडल के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य अतिथि ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सभी वर्गों के लिए योजनाएं चला रही है। चेयरमैन प्रतिनिधि मंगल सेन सैनी ने बताया कि सरकार की सारी योजनाओं को गरीबों तक पहुंचाएं एवं 2024 में नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनाएं। इस दौरान धर्मेंद्र सैनी, इलियास सैफी, निजाम भारती, मोहम्मद नबी, रोबिन कुमार, पूर्व प्रधान सुखबीर चौधरी, धर्मपाल पासी आदि लोग मौजूद रहे।

### निर्यातकों की बैठक में भुगतान को लेकर चर्चा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** निर्यातकों की बैठक गुरुवार को दिल्ली रोड स्थित एक होटल में हुई, जिसमें एमएसएमई की 45 दिन में भुगतान को लेकर चर्चा हुई।

निर्यातक अवधेश अग्रवाल ने वित्तमंत्री से पिछले दिनों दिल्ली में हुई मुलाकात को लेकर आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर निर्यातकों को शीघ्र राहत मिलने की आशा है। अवधेश अग्रवाल व नीरज खन्ना ने कहा यदि ऐसा नहीं हुआ तो देश के सभी निर्यातक एक साथ फैक्ट्री बंद कर इस कानून के विरोध में सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। बैठक में नजमुल इस्लाम, नवेदुर्रहमान, परवेज, विशाल अग्रवाल, सलमान, सौरभ जैन, नबील अहमद, हरविंदर सिंह, नदीम खान, हुसैन अख्तर, सुरेश, गुप्ता, राकेश खन्ना, विनय गुलाटी, मो. शारिक, कौशल आदि निर्यातक उपस्थित रहे।

**सियासत** प्रधानमंत्री, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आने के बाद अब राहुल गांधी की बारी

# दलों के दिग्गजों के दौरे से बढ़ा राजनीतिक तापमान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**तैयारी**

- एक सप्ताह में तीन बड़े नेताओं के आगमन से मंडल में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले दलों के दिग्गजों के दौरे से मंडल का राजनीतिक तापमान बढ़ गया है। एक सप्ताह में तीन बड़े नेताओं के कार्यक्रम से राजनीतिक हलचल तेज है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का दौरा हो चुका है। अब 24 फरवरी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर राहुल गांधी आ रहे हैं। इससे राजनीतिक गतिविधियों में अचानक तेजी आ गई है।

19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्भल के कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे। उनके आने को देखते हुए न सिर्फ मुरादाबाद मंडल बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई राजनीतिक चेहरों के अलावा संत महात्मा भी कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शामिल होकर बड़ा संदेश दिया। कल्कि धाम के शिलान्यास कार्यक्रम के मंच से निकले संदेश ने राजनीतिक सरगर्मी भी बढ़ा दी। इसके बाद 21 फरवरी को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मुरादाबाद पहुंचे। उन्होंने ठाकुरद्वारा के सपा विधायक नवाब जान खान के बेटे के शादी के उपलक्ष्य में पहुंचकर बेटे बहू को आशीर्वाद देने के साथ ही कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती सम्भल के सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क का हाल जाना। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने राजनीतिक तीर भी चलाए। उन्होंने चंडीगढ़ के महापौर चुनाव में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत कर भाजपा को कटघरे में खड़ा कर लोकसभा चुनाव में जनता के द्वारा भाजपा को सबक सिखाने की बात कही। तो पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक का मामला उठाकर युवाओं की सरपरस्ती के माध्यम से प्रदेश सरकार पर निशाना साधा।

अब बारी कांग्रेस की है। 24 फरवरी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर राहुल गांधी का आना प्रस्तावित है। इसकी सफलता के लिए मुरादाबाद सहित मंडल के दूसरे जिले में भी कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल आदि बैठक कर रहे हैं। महानगर में यात्रा को देखते हुए कांग्रेस के स्थानीय पदाधिकारी जुटे हैं। इस यात्रा में प्रियंका गांधी, पूर्व सांसद व क्रिकेटर अजहरूद्दीन के भी आने की चर्चा है। जिसे लोकसभा चुनाव का माहौल कांग्रेस के पक्ष में करना माना जा रहा है। मोहम्मद अजहरूद्दीन 2009 में मुरादाबाद से कांग्रेस के सांसद रह चुके हैं। हालांकि अभी मुरादाबाद सीट पर भाजपा सहित किसी दल ने उम्मीदवार के नाम पर पत्ता नहीं खोला है। मगर दिग्गजों के दौरे से मुरादाबाद मंडल मुख्यालय की सीट जीतने को जोर आजमाइश को और बल मिला है।

### महिला से मारपीट में तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नागफनी थाना क्षेत्र के शिव विहार कालोनी निवासी महिला ने पड़ोसी दंपती समेत तीन के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना नागफनी के बंगला गांव शिव विहार कालोनी निवासी मीरा देवी पत्नी रामदेव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 31 जनवरी को वह अपने दूसरे मकान पर गई थी। जहां पड़ोसी जगत सिंह और उसकी पत्नी बॉबी दीवार में नुकसान पहुंचा रहे थे। मीरा देवी के अनुसार उन्होंने ऐसा करने से मना किया तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे। पीड़िता के अनुसार विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। थाना प्रभारी नागफनी चमन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी जगत सिंह, उसकी पत्नी बॉबी और भाई सोमपाल के खिलाफ मारपीट और धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# महिला संबंधी योजनाओं की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डिलारी में महिला कल्याण विभाग द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण में उपस्थित आशा स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डिलारी में गुरुवार को महिला कल्याण विभाग द्वारा आशा बहुओं को बाल व महिला संरक्षण पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम में प्रशिक्षण दिया। केंद्र की प्रबंधक गुंजन तिवारी ने वन स्टॉप सेंटर के कार्य के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया की वन स्टॉप सेंटर महिलाओं और बालकों के लिए विधिक सहायता, रिपोर्टिंग पुलिस चौकी, परामर्श व अल्पावास की व्यवस्था की जाती है। महिलाओं के लिए चलाई जा रही सेवाओं जैसे वूमेन हेल्पलाइन 1090, 181, पुलिस हेल्पलाइन 112 के बारे में बताया। जीशान अंसारी मंडलीय सलाहकार बाल संरक्षण यूनिसेफ के द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्पॉन्सरशिप, बाल सेवा योजना, श्रम विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। महिला कल्याण अधिकारी अरुण ने बताया कि महिलाओं की समस्या के लिए सरकार टोल फ्री नंबर चला रही है। जिससे उनकी मदद की जा सके। उन्होंने आशाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन योजना के बारे में बताया। कहा कि ग्राम स्तर पर परिवारों के साथ काम करते हैं, सरकार का प्रयास है की लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। इसमें आशाओं का सहयोग महत्वपूर्ण है। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी, चिकित्सा अधिकार सहित केंद्र से संबंधित आशाएं मौजूद रहीं।

## एक नजर

### विषय विशेषज्ञ को मिलेगा दो हजार मानदेय

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में संचालित निशुल्क कोचिंग सेंटरों पर इतिहास, भूगोल, अर्थ शास्त्र, राजनीति शास्त्र, करंट अफेयर, सीसैट समेत अन्य विषयों को पढ़ाने के लिए विषय विशेषज्ञ रखे जाएंगे। इसके लिए 29 फरवरी तक समाज कल्याण कार्यालय में आवेदन करना होगा। दो हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा।

### 27 से 29 तक राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद में 27 से 29 तारीख तक राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता होगी। इसके लिए मंडल की टीम का चयन हो गया है। बालक और बालिका जूनियर वर्ग में प्रतियोगिता होगी। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी प्रेम कुमार ने बताया कि इसमें सभी मंडलों के खिलाड़ी हिस्सा लेने पहुंचेंगे। प्रतियोगिता के लिए भव्य तैयारी की जा रही है। जिले के बाद मंडल के ट्रायल भी चुके हैं। प्रदेश के सभी मंडलों के खिलाड़ियों के इस प्रतियोगिता में पहुंचने की उम्मीद है।

# महिला से दुष्कर्म की कोशिश एसएसपी से की शिकायत

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**आरोप**
- एसएसपी ने मझोला थाना प्रभारी को दिए जांच के आदेश
- पीड़िता के यहां किरायेदार है आरोपी युवक

**अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र निवासी महिला ने उसके मकान में रह रहे युवक पर दुष्कर्म की कोशिश का आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

मझोला के लाकड़ी फाजलपुर चौकी क्षेत्र निवासी महिला ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उन्होंने लाकड़ी फाजलपुर में 56 वर्ग मीटर का एक मकान सात लाख रुपये में खरीदा था। 18 जनवरी 2022 को पूरी करम देकर मकान का बैनामा करा लिया था। महिला के अनुसार मकान का बैनामा कराने के बाद उसे बेचने वाले ने कहा कि जब तक किराये का कमरा नहीं मिलता है तब तक मकान के एक कमरे में मुझे रहने दो। पीड़िता के अनुसान मानवता के नाते उसने रहने के लिए उसे कमरा दे दिया। उसी मकान में पीड़िता भी अपने बच्चों के साथ रहने लगी। पीड़िता के अनुसार बीते 20 जनवरी को रात करीब 12:30 बजे उसे मकान बेचने वाला उसके कमरे में घुस आया। आरोपी ने महिला के साथ दुष्कर्म की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी ने गाली गलौज और मारपीट की। साथ ही धमकी दी कि यदि कहीं शिकायत की तो जान से मार दूंगा। यह भी धमकी दिया कि तुम्हें झूठे मुकदमे में फंसाकर मकान किसी और को बेच दूंगा। एसएसपी ने मझोला थाना प्रभारी को मामले में जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

### आरटीई के तहत प्रवेश के लिए 7100 आवेदन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रवेश लेने के लिए प्रथम चरण में 7100 आवेदन आए हैं। महानगर क्षेत्र से 4900 आवेदन व देहात क्षेत्र से 2200 आवेदन प्राप्त हुए हैं। अब इन आवेदनों का सत्यापन बीएसए कर रहे हैं। 26 फरवरी को प्रथम चरण की लॉटरी निकाली जाएगी।

बीएसए अजीत कुमार ने बताया कि आरटीई के तहत 18 फरवरी तक आवेदन लिए गए थे। इसमें बिलारी से 215, भगतपुर टांडा से 53, ठाकुरद्वारा से 52, मुरादाबाद ग्रामीण से 437, डिलारी से 65, कुंदरकी से 28, मूंढापांडे से 31, बनियाखेड़ा से 2, छजलैट से 46, मुरादाबाद नगर से 4948, नगर पालिका ठाकुरद्वारा से 315, नगर पालिका परिषद बिलारी 485, नगर पंचायत उमरी कलां से एक, नगर पंचायत कुंदरकी से 43, नगर पंचायत कांठ से 20, नगर पंचायत ढकिया से 40, नगर पंचायत पाकबड़ा से 299 व नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर से 20 आवेदन आए।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर सकते हैं जनपद की गोशालाओं का निरीक्षण

# जिले में बनी 16 गोशालाएं, प्रदेश में पहला स्थान

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**



भोजपुर स्थित अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल। ● अमृत विचार

**उपलब्धि**
- 16 गोशालाओं में 10-15,000 गोवंश रखने की है क्षमता
- मौजूदा समय में सभी गोशालाओं में हैं 5500 गोवंश

**अमृत विचार:** गोशाला की संख्या में प्रदेश में मुरादाबाद पहले स्थान पर है। जिलाधिकारी ने जिला ग्राम्य विकास अभिकरण द्वारा 16 गोशालाओं का निर्माण कराया है। जिसमें अब तक गोपालक कक्ष से लेकर भूसा बैंक समेत गोवंशों के लिए सारी सुविधाएं कराई गई है। जिलाधिकारी द्वारा शासन को भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर निदेशालय से मिले संकेत के अनुसार इन गोशालाओं का मुख्यमंत्री निरीक्षण कर सकते हैं।

जिले के आठ ब्लाकों में प्रत्येक ब्लॉक में दो ग्राम पंचायतों में गोशालाएं बनकर तैयार हैं। 16 गोशाला में 10-15,000 गोवंश रखने की क्षमता है। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा ने बताया की एक गोशाला में वर्तमान में 500 से 600 गोवंश है। सभी गोशाला में लगभग 5500 पशुओं को आश्रय दिया गया है। जिनके लिए हर गोशाला में हाई मास्टलाइट लगाई है। भूसा बैंक में पर्याप्त मात्रा में भूसा भरा है। हर गोशाला में गोवंश के भरण पोषण के लिए निकटतम 10-10 ग्राम पंचायतों के प्रधान व सचिवों को लगाया गया है। इन्हीं ग्राम पंचायतों में से हरा चारा भी गोशाला के लिए आना है। सर्दी के लिए गोशाला के चारों तरफ तिरपाल लगाए गए हैं। गर्मी के मौसम में पशुओं के लिए बने शेड में पंखे की व्यवस्था व सुबह शाम गोवंशों को नहलाने के सबमर्सिबल से बड़े पाइप की व्यवस्था है। समय-समय पर पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता है। परियोजना निदेशक ने बताया की गोशाला की रिपोर्ट जिलाधिकारी को दे दी गई है। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने खुद कई बार गोशालाओं का निरीक्षण कर निर्माण जल्द पूरा करने का निर्देश दिया था। इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। निदेशालय से मुरादाबाद के पहले स्थान पर होने के साथ मुख्यमंत्री के निरीक्षण करने की जानकारी दी गई है। दो मार्च को मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह गोशालाओं का निरीक्षण करेंगे।

### ट्रेन से कटकर रामपुर के युवक की मौत, कोहराम

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में चंदौसी रेल लाइन पर बुधवार की रात ट्रेन की चपेट में आकर रामपुर के टांडा थाना क्षेत्र निवासी युवक की मौत हो गई। वह अपनी नानी के घर रहकर फर्म में काम करता था। पहचान के बाद पुलिस ने गुरुवार को पोस्टमार्टम करा कर शव परिवार वालों को सौंप दिया।

रामपुर जिले में टांडा थाना क्षेत्र के मोहल्ला टंडोला निवासी केशव सैनी (22 वर्ष) पुत्र नेमचंद्र सैनी कटघर थाना क्षेत्र के देहरी गांव स्थित एक्सपोर्ट फर्म में हेल्पर का काम करता था। वह तीन महीने से कटघर क्षेत्र के ही बलदेवपुरी बसंत विहार कॉलोनी में अपनी नानी के घर रहता था। परिवार के लोगों के अनुसार बुधवार को केशव फर्म से दोपहर में ही छुट्टी लेकर निकल गया था। देर शाम जब वह घर नहीं पहुंचा तो उसकी तलाश की गई। रात करीब आठ बजे मुरादाबाद-चंदौसी रेल लाइन पर पीतलबस्ती चौकी क्षेत्र के पंडित नगला रेलवे क्रॉसिंग के पास एक युवक का शव मिला। सूचना पर पहुंची कटघर पुलिस ने जांच शुरू की। सूचना पर परिवार के लोग पहुंचे और उसकी शिनाख्त केशव के रूप में की। उसकी मौत से मां उषा, भाई विशाल और पिता नेमचंद का रो-रोकर बुरा हाल है।

# श्रीराम के आदर्शों पर चलने को किया प्रेरित

## माता सीता के स्वयंवर का जीवंत मंचन कर कलाकारों ने किया लोगों को प्रभावित

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**



एमआईटी में आयोजित रामायण नाट्योत्सव में मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय रामायण व वैदिक शोध संस्थान अयोध्या संस्कृति विभाग की ओर से एमआईटी में तीन दिवसीय रामायण नाट्योत्सव के अंतिम दिन मंजरी लोक नाट्य कला संस्था के कलाकरों ने सीता स्वयंवर का भावपूर्ण व जीवंत मंचन कर सभी को प्रभावित किया। युवाओं को भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया गया।

मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, सदस्य विधान परिषद गोपाल अंजान, डॉ. विशेष गुप्ता, मदन कबीर, अनिता गुप्ता, सुरेश चंद्र अग्रवाल ने मां शारदे के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। विकसित पंडित के निर्देशन में कलाकारों ने सीता स्वयंवर का सुंदर व भावपूर्ण मंचन किया। रामायण नाट्योत्सव के स्थानीय समन्वयक व विख्यात रामलीला निर्देशक डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल ने कहा कि आयोजन अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के निदेशक डॉ. लवकुश द्विवेदी के मार्गदर्शन में चल रहा है। उनका प्रयास है कि श्रीराम पर आधारित नृत्योत्सव, नाट्योत्सव आदि आयोजनों के द्वारा युवाओं को प्रभु श्रीराम के आदर्शों पर चलने को प्रेरित किया जा सके। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में वंडर गर्ल के नाम से प्रसिद्ध श्रद्धया और आदविका ने राम भजन पर सुंदर युगल नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद सीता स्वयंवर का मंचन हुआ। मंचन में देश देशांतर के राजा महाराजा जब शिव धनुष को तोड़ न सके तो जनक राज ने दुखी हृदय से पृथ्वी को वीरों से खाली बोल दिया। इस पर लक्ष्मण ने क्रोधित होकर कहा कि यदि गुरु और भाई आज्ञा दें तो मिट्टी के ढेले के समान धनुष को उठाकर सौ योजन तक दौड़ जाऊं या फिर कमल की डंडी की तरह चुटकी में तोड़ डालूं। गुरु विश्वामित्र द्वारा लक्ष्मण को शांत करके राम को धनुष भंग करने की आज्ञा दी गई। श्रीराम के द्वारा धनुष भंग करते ही ''बनी रहे जोड़ी सिया राम जी की जोड़ी रे'' गीत गाकर सभी ने खुशियां मनाई। इसके बाद लक्ष्मण और परशुराम के बीच सुंदर संवाद के साथ नोकझोंक होती है और अंततः परशुराम को श्रीराम के अवतार लेने का भान हो जाता है। मुख्य अतिथि डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने कार्यक्रम की सराहना की। समापन समारोह में सभी कलाकारों, निर्देशकों, श्रीराम सेवा में लगे लोगों व वालंटियर्स को सम्मानित किया गया। स्थानीय सहयोगी संस्था की अध्यक्ष अनिता गुप्ता ने भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आश्वासन दिया।

### बदायूं के युवक ने किया किशोरी का अपहरण

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** गलशहीद थाना क्षेत्र निवासी 14 वर्षीय किशोरी घर से लापता हो गई। पिता ने बदायूं निवासी दूसरे समुदाय के एक युवक और उसके भाई पर बहला फुसला कर अगवा करने का केस दर्ज कराया है। पुलिस तलाश में जुटी है।

थाना गलशहीद के ईगदाह क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी आठवीं कक्षा की छात्रा है। शिकायतकर्ता के अनुसार किशोरी जब स्कूल आती जाती थी तो बदायूं के बिसौली थाना क्षेत्र के मोहल्ला किला निवासी विकास उसे रोक कर शादी के लिए दबाव बनाता था। पीड़ित ने यह भी बताया कि उसकी ससुराल बिसौली में है। बेटी वहां गई थी तभी आरोपी उसके पीछे पड़ गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार 19 फरवरी को सुबह करीब 9 बजे उसकी बेटी घर से स्कूल के लिए निकली, लेकिन उसके बाद घर वापस नहीं आई। आरोप लगाया कि विकास ने अपने भाई के साथ मिलकर उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अगवा किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी गलशहीद सौरभ त्यागी ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी और उसके भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# 27 तक ग्राम पंचायतों को खर्च करनी होगी पंचायत निधि

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- तीन दिनों में मॉडल ग्राम पंचायतों के लिए गांवों का चयन नहीं होने पर सचिवों के वेतन पर लगेगी रोक

**अमृत विचार :** जिले की ग्राम पंचायतों में तैनात सचिव अपने कार्य के प्रति लापरवाही कर रहे हैं। जिसका नतीजा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड समीक्षा पोर्टल पर जिले की रैंकिंग कम हो रही है। शासन से मिले ग्राम पंचायतों में विकास कार्य की निधि को खर्च नहीं किया गया है। ऐसी ग्राम पंचायतों में तैनात सचिवों का जनवरी का वेतन पहले से ही रोक दिया था। गुरुवार को डीपीआरओ ने सचिवों के साथ बैठक में 27 फरवरी तक विकास कार्य की निधि को खर्च करने के निर्देश के साथ विकास कार्य न होने पर फरवरी का वेतन भी रोकने की चेतावनी दी है।

गुरुवार को बैठक में डीपीआरओ वाचस्पति झा ने जनपद में औसतन व्यय से कम खर्च करने वाले सचिवों को 27 फरवरी तक ग्राम पंचायत की निधि गांव के विकास में खर्च करने के निर्देश दिए हैं। जिले के चार ब्लॉकों में विकास कार्य की निधि को औसतन भी खर्च नहीं किया गया है। मूंढापांडे, कुंदरकी, मुरादाबाद और छजलैट ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में विकास कार्य नहीं हो पाए हैं। सचिवों को जिला पंचायत राज अधिकारी ने 27 फरवरी तक विकास कार्य कराकर डीपीआरओ कार्यालय में सूचित करने के निर्देश दिए हैं। 27 फरवरी तक जिन ग्राम पंचायतों में निधि खर्च नहीं होगी। उन सचिवों का फरवरी का वेतन रोकने की चेतावनी दी है। ऐसे 45 सचिवों का जनवरी का वेतन इन्हीं कारणों से रुका है। जोकि कार्य पूरा न होने के कारण अभी बहाल नहीं हो पाया गया है। उन्होंने बताया की इन्हीं ब्लॉकों में जनवरी में 10-10 ग्राम पंचायतों को मॉडल ग्राम पंचायतों के लिए चयनित करने का कार्य किया जाना था। कार्य में बरती जा रही लापरवाही के चलते जनवरी में होने वाला कार्य में फरवरी तक नहीं हो पाया है। इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों के सचिवों को डीपीआरओ ने तीन दिन का समय दिया है। तीन दिन में मॉडल ग्राम पंचायत चयनित कर सूची न देने वाले सचिव के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ उनका फरवरी का वेतन रोक दिया जाएगा।

# नित्यानंद प्रभु के गीतों पर झूमे श्रद्धालु

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**



आशियाना स्थित इस्कान सेंटर पर पूजा करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन की ओर से आशियाना में श्रीनित्यानंद (बलराम) त्रयोदशी महोत्सव का आयोजन हुआ। इसे बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान प्रभु के भजनों पर भक्त खूब झूमें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमआईटी कॉलेज के चेयरमैन सुधीर गुप्ता की पत्नि अनुभा गुप्ता, डॉ. अपूर्व मित्तल, डॉ. अनुपमा रहीं।

इस अवसर पर केंद्र प्रबंधक उज्जवल सुंदर दास ने बताया कि द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण के अवतार के समय उनके साथ उनके बड़े भाई के रूप में बलराम जी का अवतार हुआ था। त्रेता युग में भगवान राम के अवतार के अवसर पर उनके छोटे भाई के रूप में लक्ष्मण भी अवतरित हुए थे। इस प्रकार कलयुग में भगवान श्रीकृष्ण ही चैतन्य महाप्रभु के रूप में अवतरित हुए हैं। उनके भाई नित्यानंद के रूप में बलराम जी का अवतार हुआ था। त्रयोदशी को होने के कारण इसको नित्यानंद त्रयोदशी कहा जाता है। वैष्णव भक्तों के लिए इस दिन का बहुत महत्व है। वह इसे बहुत धूमधाम उत्साह के साथ मनाते हैंष। पूर्वाह्न 11 बजे से से हरि नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। भक्तों ने हरे कृष्ण महामंत्र कीर्तन किया और वैष्णव भजन गाकर नित्यानंद प्रभु की कृपा की याचना की। इसके साथ ही श्रीनित्यानंद प्रभु को 56 भोग अर्पित किए गए तथा आरती की गई। व्यवस्था में समर्पित गौर दास, राधा कांत गिरधारी दास, अनिकुल दास, अरुण उदय दास, सरन प्रिय दास, सचिन्दन दास, महामुनि दास, साक्षी गौरांग दास, विद्वान गौरांग दास, मोहित अग्रवाल, मनोज सिक्का आदि रहे।

### दिव्य लोक आश्रम में अखंड रामायण पाठ शुरू

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सुधांशु जी महाराज ने 23 फरवरी 1999 में मुरादाबाद आगमन पर श्रद्धालुओं को गुरु दीक्षा दी थी। इस वर्ष गुरु दीक्षा के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। विश्व जागृति मिशन इसे एक उत्सव के रूप में मना रहा है।

गुरुवार को आशियाना स्थित दिव्य लोक आश्रम में अखंड रामायण का पाठ आरंभ किया गया। शुक्रवार को इसे विश्राम दिया जाएगा। इसके बाद भजन कीर्तन और भंडारे का आयोजन होगा। व्यवस्था में मंडल प्रधान राकेश अग्रवाल एवं महिला मंडल प्रधान शोभा अग्रवाल सहित प्रवीण अग्रवाल, गीता अग्रवाल, डा. आशा चंद्रा, पूनम साहनी, मीरा अग्रवाल, मधु चौधरी, पूनम नागपाल, विनोद भटनागर, राजीव गुलाटी, सत्या आदि व्यवस्था में शामिल हैं।

# पेपर लीक मामले की जांच कराए सरकार

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**



कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन देते समाजवादी पार्टी छात्र सभा के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- सपा छात्र सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव ने पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले की जांच कराए जाने की सरकार से मांग की है। उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

सपा छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव वसीम अकरम कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की पिछले कुछ वर्षों से यूपी में छात्रों के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में डेढ़ दर्जन से ज्यादा पेपर लीक हुए हैं। 17 फरवरी की दूसरी शिफ्ट में आयोजित यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने का दावा सोशल मीडिया पर किया गया है। उन्होंने राष्ट्रपति से तुरंत जांच कर प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में मजदूर सभा के शाकिर अली राइनी, सपा महानगर कमेटी में उपाध्यक्ष फहीम मंसूरी, छात्र नेता फाजिल मलिक, छात्र नेता राशिद सिद्दीकी, सपा महानगर कमेटी के सचिव शकील अंसारी, दाऊद अंसारी, एडवोकेट सुलतान, नाजिम हुसैन, छात्र नेता विवेक चौहान, विपिन कुमार आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे ।

### जीआईसी मानपुर की प्रधानाचार्य ने डीएम को लिखा पत्र

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जीआईसी मानपुर मुजफ्फरपुर की प्रधानाचार्य डॉ. श्वेता पूठिया ने डीएम को पत्र लिखकर डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे की शिकायत की है।

उन्होंने शिकायती पत्र में बताया है कि डॉ. दुबे ने जूनियर को सचल दल का प्रभारी बना दिया और सीनियरों की अनदेखी की है। डॉ. श्वेता पूठिया का आरोप है कि बोर्ड परीक्षा में वरिष्ठता को दरकिनार किया गया है। वहीं सेवा में जूनियर हाईस्कूल के प्रिंसिपल को सचल दल में लगा दिया गया है। डॉ. श्वेता को मुकुंद राम इंटर कॉलेज मौढ़ा तैय्या में अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

**पहल** | समूह की महिलाओं की मदद से लोगों को खाद्य सामग्री मुहैया करा रहा संघ

# मोबाइल वैन से कॉलोनियों में बेची शुद्ध खाद्य सामग्री

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**



जिला सहकारी संघ की मोबाइल वैन से सामान खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिला सहकारी संघ की ओर से नई पहल की गई है। समूह की महिलाओं की मदद से लोगों को शुद्ध और पौष्टिक खाद्य सामग्री मुहैया कराई जाएगी। मोबाइल वैन के जरिए हरी सब्जी से लेकर दाल, चावल, आटा, अचार, गुड़ व अन्य खाद्य सामग्री के साथ मिलेट्स के उत्पादों को घर घर पहुंचाने काम कर रहा है।

स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के रोजगार के लिए सहकारिता विभाग की ओर से ठोस पहल की गई है। अपनी इस पहल से सहकारिता विभाग देश की आधी आबादी के साथ खड़े होने का दावा कर रहा है। इस उद्देश्य से सहकारिता विभाग की ओर से मोबाइल वैन शुरू की गई है। गुरुवार को कांठ रोड स्थित गौर ग्रेशियस सोसायटी में पहुंची वैन से सब्जियां खरीद रही महिलाओं ने इसकी सराहना की है। क्योंकि इस पहल के द्वारा जहां शहरी आवासीय क्षेत्र की महिलाओं को शुद्ध सब्जियां और खाद्य सामग्री मिल रही है। घरेलू जरूरतों का सभी सामान इस वैन के माध्यम से लोगों को घर के द्वार पर ही मिल रहा है। मोबाइल वैन की अगुवाई कर रही सहकारिता विभाग की अपर जिला सहकारी अधिकारी दिव्या श्रीवास्तव व राज नारायण ने बताया की वैन गौर ग्रैशियस आवासीय सोसायटी में भेजी गई है। उन्होंने इस वैन के द्वारा हमारी टीम उस समान की बिक्री कर रही है जो स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं तैयार करती हैं। बागवानी के द्वारा जो सामग्री तैयार की जाती है वह सब हमारी वैन के द्वारा महानगर की अलग-अलग कॉलोनियों में बेची जा रही है। हम स्वयं सहायता समूह से उनके प्रोडक्ट खरीदते हैं। उपायुक्त एवं उप निबंधक सहकारिता वीर विक्रम सिंह का कहना है कि महानगर में विभाग की ओर से यह पहल की गई है। जल्द ही मंडल के अन्य जनपदों में भी इस तरह की पहल को शुरू किया जाएगा।

### विधायक की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सपा विधायक नवाबजान खां के नाम से विधानसभा अध्यक्ष को भेजा शिकायती पत्र फर्जी निकला। विधायक ने कहा कि पत्र पर मेरे हस्ताक्षर नहीं हैं। विधायक की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एक दिसम्बर को ठाकुरद्वारा से समाजवादी पार्टी के विधायक नवाबजान खां के नाम से सूचना प्राप्त करने के लिए पत्र विधानसभा अध्यक्ष व प्रमुख सचिव विधानसभा उत्तर प्रदेश को भेजा गया था। बताया गया है कि इस पत्र में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा कुछ अन्य पुलिस कर्मियों के विरुद्ध शिकायत की गई थी। सपा विधायक का कहना है कि उनके नाम का गलत इस्तेमाल कर किसी ने फर्जी पत्र तैयार कर उनके फर्जी हस्ताक्षर किए हैं। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।




गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल के कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# स्थापना दिवस पर मेधावियों का सम्मान

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल में गुरुवार को स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि ओम प्रकाश गोयल, प्रमोद खन्ना, डायरेक्टर अंकुर खन्ना और राजीव गोयल मौजूद रहे।

इस अवसर पर खेल दिवस के प्रतिभागी शिक्षकों एवं कक्षा 12वीं के छात्रों के बीच क्रिकेट मैच में विजेता शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया। अंतर्सदन प्रतियोगिता में विजेता को ट्रॉफी से पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा गत वर्ष आयोजित विभिन्न क्षेत्रीय खेल, नृत्य, गायन, लेखन, वाचन, अनुशासित, विद्यालय उपस्थित, नियमितता की भूमिका को निभाने वाले विजेता मेधावी छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार वितरण किया गया। प्रधानाचार्य डॉक्टर घावरी ने कहा कि काश इन सुनहरी यादों को बांध लूं ऐसे, इन पलों को जीते हुए पलकों में सपना पाल लूं जैसे। कहा कि यह विद्यालय केवल 20 बच्चों से प्रारंभ किया गया था, किंतु आज हम हजारों विद्यार्थियों की संख्या बताते हुए गौरव महसूस करते हैं।

## एक नजर

### अभियान में राजपाल सिंह को मिला 5वां स्थान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स अकाउंट से विकसित भारत एंबेसडर अभियान में देश में प्रथम पांच एंबेसडर चिन्हित किए। जिनमें मुरादाबाद के भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान देश में पांचवें स्थान पर रहे। जिन्होंने घर-घर जाकर मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र में 98 हजार सदस्य नमो एप पर जोड़े हैं। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान और उनकी टीम ने गांव-गांव और घर-घर जाकर लोकसभा क्षेत्र के लोगों को नमो ऐप जोड़ा। पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान को देश में पांचवां स्थान मिलने पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।



### एएसपी के नेतृत्व में हुई वाहनों की जांच, चालान

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** कस्बे में चौकी के पास एएसपी ने चेकिंग अभियान चलाया। अचानक पुलिस को जांच करते देख वाहन चालक इधर उधर भागने लगे। चौकी के पास सभी सड़कों पर थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा, सब इंस्पेक्टर और सिपाही भी चेकिंग पर लग गए। बाइक और कारों को रोक कर जांच की गई। कागज एवं हेलमेट न होने पर चालान काटे गए। एएसपी/क्षेत्राधिकारी हाईवे अमरिंदर सिंह ने कहा कि थाना प्रभारी और सब इंस्पेक्टर को निर्देश दिया है कि चेकिंग में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। काम के प्रति पुलिस कर्मी हमेशा सजग और गंभीर रहें।

### छत से गिरकर वाहन चालक की मौत

**कुंदरकी, अमृत विचार :** गुरुवार देर शाम मकान की छत से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर छिरावली में गुरुवार शाम अपने मकान की छत से गिरकर सुरेंद्र सिंह उम्र 52 वर्ष पुत्र कृपाल सिंह घायल हो गया। परिजनों ने सुरेंद्र सिंह को गांव में ही निजी चिकित्सक को दिखाया। इसके बाद घायल को लेकर परिजन सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सक ने सुरेंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। पता चला है कि सुरेंद्र सिंह वाहन चलाता था। उसकी पत्नी ब्लॉक कुंदरकी में आशा कार्यकर्ता है। सुरेंद्र सिंह की आकस्मिक मौत से परिवार में सभी का बुरा हाल है।

# घर जा रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

## कमालपुरी गांव की निर्माणाधीन पुलिया के पास हुआ हादसा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**दुर्घटना**

- पिता की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- शादी समारोह से वापस घर लौट रहा था युवक

**अमृत विचार :** विवाह समारोह में शामिल होकर लौट रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



हिमांशु का फाइल फोटो।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कमलापुरी निवासी 25 वर्षीय हिमांशु पुत्र वेद प्रकाश मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। वह बुधवार शाम को ठाकुरद्वारा-डिलारी मार्ग पर गांव किशनपुर गांवड़ी स्थित मैरिज हाल में शादी समारोह में गया था। वहां से रात करीब साढ़े दस बजे के आसपास हिमांशु बाइक से अपने घर वापस लौट रहा था। गांव कमालपुरी के निकट निर्माणाधीन नहर की पुलिया पर अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया।

हादसे में उसकी की मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। देखते ही देखते भीड़ लगने से वहां जाम लग गया। सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सड़क हादसे की सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी किरणपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और युवक के परिजनों को समझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा।

बेटे की हादसे में मौत से पिता वेद प्रकाश और मां सावित्री देवी, बड़े भाई मुकेश कुमार व छोटे भाई रजत का बुरा हाल हो गया। मृतक की पत्नी प्रियंका ने पति के शव को सड़क पर पड़े देखा तो वह बेहोश हो गई। हिमांशु के पिता की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार शाम शव गांव में पहुंचा तो माहौल गमगीन हो गया। शाम को हिमांशु के शव का अंतिम संस्कार किया गया।

# निर्धारित मार्गों से ही निकालें संत रविदास की शोभायात्रा

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** थाने में संत रविदास जन्मोत्सव समिति के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में संत रविदास के जन्मदिवस पर शोभायात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से निकालने के निर्देश एसडीएम ने समिति के पदाधिकारियों को दिए।

गुरुवार को बैठक में एसडीएम सचिन राजपूत ने कहा कि संत रविदास जन्मोत्सव पर अनुमति लेकर ही कार्यक्रम करें। निर्धारित रास्तों पर ही शोभायात्रा निकाली जाए। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि संत रविदास जन्मोत्सव शोभायात्रा के जो रूट थाने के रजिस्टर में लिखे हुए हैं, उन्हीं रास्तों से शोभायात्रा निकालें। इस अवसर पर दिनेश कुमार, ओमप्रकाश सिंह, पवन कुमार, अरविंद कुमार, करतार सिंह, जयपाल सिंह, हरपाल सिंह, यादराम सिंह, संजय कुमार, हरि सिंह, मनीराम सहित ग्राम महमूदपुर माफी, आवी हाफिजपुर, सलेमपुर, बेगमपुर, सिरसा ठाठ आदि ग्रामों के संत रविदास जन्मोत्सव के पदाधिकारी एवं पुलिस उप निरीक्षक उपस्थित रहे।



थाने में मौजूद पुलिस अधिकारी और समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



बिलारी में शोभायात्रा में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### प्रभात फेरी के अंतिम दिन निकाली शोभायात्रा

**बिलारी, अमृत विचार :** गुरुवार को प्रभात फेरी के अंतिम दिन मंदिर राय सती प्रांगण से भगवान श्रीराम की शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से निकाली गई। शोभायात्रा में पंडित विनायक शर्मा ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। जिसमें हिमांशु नागर, शिव हरी गुप्ता, अंकुर गुप्ता, सियाराम गुप्ता, राहुल ठाकुर, सुमित ठाकुर, नीलम शर्मा ,जीतू शर्मा मौजूद रहे। शुक्रवार को राय सती मंदिर में हवन के बाद भंडारा होगा।



विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

### टैलेंट हंट प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

**कांठ, अमृत विचार :** हावर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं हुईं और टैलेंट हंट कंपीटेशन का परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तहसीलदार आनंद कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार सिंह और कांठ, सलेमपुर, सहसपुर और गढ़ी क्षेत्र के सम्मानित लोग उपस्थित रहे। गुरुवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। वहीं टैलेंट हंट कंपटीशन और खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दिए गए। प्रबंधक दीपेश सिंह ने कहा कि प्रतियोगिताएं बच्चों का मानसिक, भौतिक एवं शारीरिक विकास करतीं हैं। प्रधानाचार्य रणजीत कौर ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधक दीपेश सिंह व प्रधानाचार्य रणजीत कौर ने विद्यालय आगमन पर समस्त अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों तथा छात्रों का आभार जताया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### संदलीपुर के जंगल में तेंदुआ दिखाई देने से दहशत

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम सन्दलीपुर के जंगल में तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों ने तेंदुए को पकड़वाने की मांग की है। बता दें कि गांव के आसपास कई दिनों से किसानों को तेंदुआ दिखाई दे रहा था। गुरुवार को सुबह नौ बजे गांव के रामकिशन खेत से पशुओं के लिए चारा लेने जा रहा था। जैसे ही वह देवराज के खेत के पास पहुंचा तो उसको खेत में तेंदुआ बैठा दिखाई दिया। जिससे वह डर के कारण गांव की तरफ वापस जाने लगा। कुछ दूर चलने पर गांव के ही देवराज भी जंगल जा रहे थे। दोनों के शोर मचाने पर तेंदुआ गन्ने के खेत में चला गया। गांव के लोगों का कहना है कि जंगल में कई दिनों से तेंदुआ दिखाई दे रहा है। सभी किसान चौपाल और घर के बाहर छप्पर में सोते हैं। कहीं ऐसा न हो कि तेंदुआ किसी को नुकसान पहुंचा दे। क्षेत्र के नागरिकों व किसानों में तेंदुए के कारण दहशत है। गांव के किसानों व अन्य नागरिकों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने की मांग की है।

### मारपीट के मामले में सभासद व पुत्रों पर रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** अपनी जमीन में वॉलीबाल खेलने का विरोध करने पर सभासद व उसके पुत्रों ने विधवा से गाली गलौज कर मारपीट की। पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया है। नगर के मोहल्ला जाटवान निवासी रामसखी देवी पत्नी स्व. वीर सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की थी कि मेरे घर के पास मेरी खाली भूमि पर मोहल्ले के सभासद राकेश पुत्र कृपाल व उसके पुत्र अनुराग, छोटू व आदित्य वॉलीबाल खेल रहे थे। पीड़िता का कहना है कि जब उसने इन लोगों से उसकी जमीन में खेलने का विरोध किया तो उक्त सभी ने गाली गलौज करते हुए उससे धक्का मुक्की करते हुए मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने वहां लगा उसका बोर्ड भी हटा दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### दुकानदार ने बकाया रुपये मांगे तो दुकान पर बाइक छोड़ गया ग्राम प्रधान, थाने में दी चोरी की तहरीर

**छजलैट, अमृत विचार :** ग्राम प्रधान छजलैट स्थित एक दुकान से 30 हजार रुपये का सबमर्सिबल का सामान ले गया था। दुकानदार ने सामान के रुपये मांगे तो ग्राम प्रधान ने दुकानदार के पास बाइक छोड़ दी और थाने में बाइक चोरी की तहरीर दे दी। पुलिस ने जांच में यह मामला झूठा पाया। थाना क्षेत्र के ग्राम भीकनपुर निवासी समरपाल की छजलैट में इंजन आदि के पार्ट्स की दुकान है। एक ग्राम प्रधान तीन वर्ष पहले दुकानदार से 30 हजार रुपये के सबमर्सिबल का सामान उधार ले गया था। दुकानदार ने ग्राम प्रधान से सामान के रुपये मांगे तो ग्राम प्रधान टाल मटोल करता रहा। बाद में दुकानदार के पास वह बाइक खड़ी छोड़ गया और थाने में चोरी की तहरीर दी। पुलिस छजलैट में दुकानों पर बाइक की तलाश में सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही थी। पुलिस ने समरपाल से जब इस संबंध में पूछा तो उसे पता चला कि ग्राम प्रधान की बाइक चोरी हो गई है। तब दुकानदार ने पुलिस को सारा मामला बताकर कहा कि ग्राम प्रधान उसकी दुकान पर बिना बताए अपनी बाइक जानबूझकर छोड़ गया है। पुलिस की जांच में मामला झूठा पाया गया। पुलिस अब ग्राम प्रधान के विरुद्ध पुलिस को भ्रमित करने के मामले में कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

### अधिक क्षमता का बिजली ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

**बिलारी, अमृत विचार :** गुरुवार को नगर पालिका चेयरमैन रघुराज सिंह यादव ने विद्युत समस्याओं से निजात पाने के लिए विद्युत अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मोहल्ला हर्ष नगर में फल मंडी के नजदीक सड़क पर रखे 400 केवीए के ट्रांसफार्मर को हटाकर अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। ज्ञात हो कि मोहल्लेवासियों ने रघुराज सिंह यादव को पत्र देकर बताया था कि ट्रांसफार्मर को बिना सुरक्षा के सड़क पर रखा गया है। चेयरमैन रघुराज सिंह यादव ने बताया कि अधिक दूरी पर लगे विद्युत खंभों के बीच अतिरिक्त पोल बढ़ाए जाएंगे। बिजली के जर्जर तारों को बदलवाया जाएगा। बैठक में अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह, विद्युत उपखंड अधिकारी प्रणब चौधरी, लाइनमैन शहंशाह अली, वरिष्ठ लिपिक संजय सक्सेना, शाहिद हुसैन, अभिषेक पांडे, गिरीश चंद्र आदि लोग शामिल रहे।

### मारपीट और शान्तिभंग में तीन आरोपी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** अलग-अलग गांवों में मारपीट और गाली-गलौज के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव घोटों की मडैय्या गझेड़ा आलम निवासी शीतल कुमार पुत्र तेजपाल सिंह व अजय कुमार उर्फ भूरे पुत्र छत्रपाल सिंह के साथ किसी बात को लेकर गाली गलौज व मारपीट पर उतारू हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शांतिभंग की आशंका के चलते शीतल कुमार को गिरफ्तार कर लिया। वहीं थाना क्षेत्र के गांव निर्मलपुर निवासी विजेन्द्र पुत्र मुन्ना सिंह व गांव के बालू सिंह पुत्र रघुवीर सिंह आपस में बात करने के दौरान गाली गलौज पर उतारु हो गए और दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया।

# 12 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्वक हुई हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** हाईस्कूल व इंटर की यूपी बोर्ड की परीक्षाएं प्रथम दिन तहसील क्षेत्र के 12 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न हुई। केंद्रों पर कुल 7438 परीक्षार्थियों में से 432 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज, श्री कृष्णा इंटर कॉलेज पाठंगी, पब्लिक इंटर कॉलेज ऊमरी कलां, केसर जहां कयामुद्दीन इंटर कॉलेज, श्रीमती शांति देवी इंटर कॉलेज फत्तेपुर विश्नोई, डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ, कृषक उपकारक इंटर कॉलेज मतलबपर सदरपुर, मुकुंदरम इंटर कॉलेज मौढा तैहिया, पब्लिक इंटर कॉलेज पट्टी मौढा, बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, कवि इंटर कॉलेज चंगेरी, भारत माता विद्या मंदिर इंटर कॉलेज काजीखेड़ा में परीक्षाएं सम्पन्न हुईं। डीएसएम कॉलेज के प्रभारी रामसागर ने बताया हाईस्कूल की परीक्षा में 4786 परीक्षार्थी की पंजीकृत थे, जिनमें से 4450 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। इंटर की हिंदी प्रश्न पत्र की परीक्षा में 2652 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें से 2556 उपस्थित हुए। कुल 96 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।



कांठ में परीक्षा देते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

### सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा

**डिलारी, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटर की हिंदी विषय की परीक्षा को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में संपन्न कराया गया। ब्लॉक क्षेत्र में 12 परीक्षा केंद्रों राजकीय इंटर कॉलेज अदलपुर, आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज डिलारी, सर्वोदय इंटर कॉलेज डिलारी, एसएसएन इंटर कॉलेज सिहाली खादर, देवकी नंदन इंटर कॉलेज बहेड़ी ब्रह्मनान, किसान इंटर कॉलेज जहांगीरपुर, आर्य इंटर कॉलेज पैंदापुर, बलवंत सिंह इंटर कॉलेज अदलपुर, भारत सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज अदलपुर, किसान शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज सहसपुरी, अनीशा खातून इंटर कॉलेज आलमपुर, लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज सुल्तानपुर में बनाए गए हैं।

### तिलक लगाकर किया स्वागत

**बिलारी, अमृत विचार :** अमरपुर काशी स्थित श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती मंदिर इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिन प्रथम पाली में हिंदी विषय की परीक्षा देने आईं बेटियों का तिलक कर स्वागत किया। गुरुवार को हाई स्कूल संस्थागत हिंदी की परीक्षा देने आईं छात्राओं का विद्यालय के मुख्य द्वार पर मीनू यादव की देखरेख में प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा के निर्देशन में तिलक कर स्वागत किया। इस अवसर पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट राशिद अली, अतिरिक्त केंद्र विस्थापक मोहम्मद रिजवान, पर्यवेक्षक सुगंधा भारती, भावना यादव, शिवानी सैनी उपस्थित रहे।



बिलारी में छात्राओं को तिलक लगाता इंटर कालेज का स्टाफ। ● अमृत विचार

### तलाशी के बाद दिया प्रवेश

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गुरुवार को यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा हुई। प्रथम दिन दोनों पालियों में परीक्षा केंद्रों के बाहर पुलिस तैनात रही। जबकि परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी रही। परीक्षार्थियों को केंद्र में तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया। सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज, मुस्लिम इंटर कॉलेज, शरीफ नगर के कृषक इंटर कॉलेज, सुरजननगर के गांधी स्मारक इंटर कॉलेज समेत सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण परीक्षा हुई। तहसीलदार रमेश चंद्र पांडे ने नगर से लेकर देहात क्षेत्र के कई परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

# बिना पंजीकरण चल रहा अस्पताल सील

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर विभाग के एसीएमओ/नोडल अधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह ने विभाग और पुलिस टीम के साथ छापा मारकर बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे नर्सिंग होम को सील कर दिया। इस दौरान ऑपरेशन थिएटर से मरीज को निकालकर छुट्टी दी गई। एक मरीज को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने शिकायत के आधार पर एसीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह को अवैध नर्सिंग होम संचालक और झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। गुरुवार को डॉ. नरेंद्र सिंह स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की टीम के साथ कांठ सिटी नर्सिंग होम पहुंचे। वहां उन्होंने मौजूद स्टाफ एवं चिकित्सकों से रजिस्ट्रेशन तथा अन्य दस्तावेज मांगे तो वह कोई संतोष जनक जवाब या दस्तावेज नोडल अधिकारी को नहीं दे पाए। जिसको गंभीरता से लेते हुए नोडल अधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह ने सिटी नर्सिंग होम को सील कर दिया। उन्हें वहां ऑपरेशन के दो मरीज मिले और दो अन्य मरीज उपचार कराते मिले। डॉ. नरेंद्र सिंह ने वहां से कुछ मरीजों की छुट्टी करा दी और एक मरीज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की एंबुलेंस बुलाकर उसे उपचार के लिए भेज दिया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की छापेमारी से अवैध नर्सिंग होम संचालकों और झोलाछापों में हड़कंप मच गया।



अस्पताल में भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

## सामूहिक दुष्कर्म का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**डिलारी, अमृत विचार :** पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया।

छह माह पहले युवती कहीं जा रही थी। तभी नगर पंचायत ढकिया निवासी मोहम्मद अतीक ने तीन साथियों की मदद से युवती का अपहरण कर लिया था। आरोप है कि उत्तराखंड स्थित किसी ढाबे पर उसे बंधक बनाकर, नशीला पदार्थ खिलाकर तीन दिन तक दुष्कर्म किया। बाद में उसे घर के दरवाजे पर छोड़कर भाग गए। पीडिता ने थाना डिलारी में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया था। गुरुवार को पुलिस ने नगर पंचायत ढकिया निवासी मोहम्मद अतीक को गिरफ्तार कर न्यायालय के सुपुर्द पेश कर दिया। जहां से अदालत ने उसे जेल भेज दिया।

# अधिकांश सरकारी हैंडपंप खराब, अधिकारी अनजान

संवाददाता, कांठ/छजलैट

**अमृत विचार :** कांठ नगर पंचायत क्षेत्र के सभी 17 वार्डों में हैंडपंप लगे हुए हैं। लेकिन इनमें से अधिकांश खराब पड़े हैं।

मोहल्ला फकीरगंज, पट्टीवाला, चौक बाजार, महमूदपुरा, घोसीपुरा, पृथ्वीगंज, सहित तमाम स्थानों पर हैंडपंप खराब पड़े हैं। जो हैंडपंप चल रहे हैं उनमें से भी कई का पानी पीने योग्य नहीं है। जल निगम और नगर पंचायत प्रशासन के अधिकारी इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऊमरी कलां में भी सार्वजनिक स्थानों पर सरकारी हैंड पंप खराब पड़े हैं। जिम्मेदारों से शिकायत कर खराब हैंडपंपों को दुरुस्त कराने की मांग कर चुके हैं। लेकिन किसी ने भी इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया है।



खराब पड़ा हैंडपम्प। ● अमृत विचार

वहीं विकासखंड छजलैट क्षेत्र के सभी 82 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले करीब 150 से अधिक गांवों में सरकारी हैंड पंप की स्थिति दयनीय है। ग्राम पंचायत सलेमपुर, गढ़ी, सिकंदराबाद, नया गांव, कासमपुर, मुख्त्यारपुर नवादा, छजलैट, कुचावली आदि गांवों में हैंडपंप खराब पड़े हैं। लोगों ने खराब हैंडपंपों को ठीक करने की मांग की है।



बैठक में मौजूद कांग्रेस पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# गरीबों, किसानों और दलितों के लिए राहुल कर रहे संघर्ष

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव फिरोज अनवर के कैंप कार्यालय पर पार्टी की बैठक हुई।

बैठक में उन्होंने कहा कि 24 फरवरी को सुबह 10 बजे राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जामा मस्जिद चौराहे से प्रस्थान करेगी और इंदिरा चौक, गल शहीद चौक, ईदगाह रोड, संभल रोड होते हुए कोहिनूर तिराहा पहुंचेगी जहां जनसभा होगी। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी देश के गरीबों, किसानों, दलितों, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बैठक में ठाकुर जयप्रकाश सिंह, याकूब अली, तस्लीम अल्वी, आबिद अंसारी, राशिद अंसारी, जाकिर अली, जाहिद अंसारी, तहसीन मंसूरी आदि उपस्थित रहे।

## 300 किलो मांस बरामद चार आरोपी गिरफ्तार

**भोजपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को पुलिस ने 300 किलोग्राम मांस के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से टेम्पो, तमंचा और चाकू भी बरामद किया है।

थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह के आदेश पर उप निरीक्षक राज किशोर पुलिस टीम के साथ क्षेत्र के गांव ताजपुर माफी पहुंचे थे। पुलिस ने गांव में एक स्थान से 300 किलोग्राम भैंस का मांस का बरामद कर चार लोगों को पकड़ लिया। इस दौरान तलाशी में पांच भैंसों की खाल, कुल्हाड़ी, तमंचा, चार चाकू और टेम्पो भी सीज कर दिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम जमीर निवासी जामा मस्जिद थाना मुगलपुरा, जैद निवासी असालतपुरा, तौसीफ निवासी बड़ी मस्जिद असालतपुरा, गुलजेब भुडे का चौराहा थाना गलशहीद बताया। पुलिस ने चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में जिलाधिकारी ने देखे मॉडल

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व उप जिलाधिकारी मणि अरोड़ा ने फीता काटकर किया।

प्रदर्शनी में जिलाधिकारी ने बच्चों के रचनात्मक कार्य की प्रशंसा कर कहा कि बच्चों में जिस भावना का विकास किया जा रहा है। यह बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में बड़ी भूमिका निभाएगा। गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा चार से आठ तक के एवं कक्षा 9 एवं 11 के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रदर्शनी में भाग लेने वालों में अवंतिका, आलिया, एलिजा, समृद्धि, सिदरा, लक्ष्य, नबी, अराध्या, माहिया, शिवांशी, परिधि, सृष्टि, शिव, अन्यनया, विजेता, अभिराज, खुशी जैन, अखलाक, जया, कलीम, प्रभु, आदित्य, अंशुल, अर्पित, गौरव, तेजस्व, उदित, पाथ, पारस, असद, अंश, जोशी, अभय, सार्थक, शिवांगी, मान्या, सुमेधा, मिशवा, अक्षरा, सिद्धि, सिया, प्रियांशी, सोफिया, सारिका, आयान असद, श्रुति डाबर और प्रियांशु आदि का प्रयास सराहनीय रहा। कक्षा 12वीं कॉमर्स की मानवी ने जिलाधिकारी को उनकी पेंसिल स्क्रैच से फोटो बनाकर भेंट की। प्रबंधक राजीव सहाय ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया । प्रधानाचार्य संयोग वशिष्ठ, शिवांगी चावला ने अतिथियों का स्वागत किया। बैंक आफ इंडिया के मुख्य शाखा के प्रबंधक राजीव गंगवार ने सभी मॉडल को देखा। इस अवसर पर मुकुल अग्रवाल, अनुज गुप्ता, जगदीप अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, रामवीर सिंह, सुनील सहाय, महेश गुप्ता, डॉ. विश्वास शर्मा, साजन शर्मा उपस्थित रहे।



एसबीएस स्कूल में प्रदर्शनी में मॉडल देखते जिलाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

## एक नजर

### जमीन के विवाद में महिला को पीटा, 3 पर रिपोर्ट

गजरौला, अमृत विचार : जमीन के विवाद के चलते महिला से मारपीट की। कार्रवाई नहीं होने पर पीड़िता को कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के पखरौला हाशमपुर गांव निवासी मुनसफ व नजर मोहम्मद के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। आए दिन दोनों गुटों के बीच विवाद होता रहता है। आरोप है कि नजर मोहम्मद साथियों के साथ घर में घुस गया तथा मुनसफ की पत्नी को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। तब मुनसफ को कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि नजर मोहम्मद, गुड्डू व शेरू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### शांतिपूर्ण तरीके से हुई बोर्ड परीक्षा

रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार : पहली पाली में दसवीं के विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू हुई यूपी बोर्ड की परीक्षाओं के तहत हाईस्कूल का पहला पेपर शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। रहरा में शिक्षा भारती इंटर कॉलेज व गंगेश्वरी ब्लाक क्षेत्र के अन्य कई परीक्षा केन्द्रों पर भी बोर्ड परीक्षा हुई। परीक्षा देकर बाहर निकले छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले दिखाई दिए।

# हिंदी का पेपर सरल आने पर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

## जिले में 79 केंद्रों पर हुई यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा, हाईस्कूल में 1503 और इंटरमीडिएट में 959 परीक्षार्थियों ने किया किनारा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : गुरुवार को जिले में 79 केंद्रों पर यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा हुई। हाईस्कूल हिंदी की परीक्षा में 28434 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें 26931 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 1503 छात्र-छात्राओं ने हिंदी की परीक्षा छोड़ दी। पहली पाली में इंटरमीडिएट सैन्य विज्ञान की परीक्षा भी हुई। इसमें 15 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें 11 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। चार परीक्षार्थी परीक्षा से नदारद रहे।

गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच यूपी बोर्ड की परीक्षा हुई। पहले दिन पेपर को लेकर छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित नजर आए। छात्र-छात्राएं सुबह ही अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए। प्रवेश पत्र दिखाने के बाद ही उन्हें कक्ष के अंदर भेजा गया। हाईस्कूल हिंदी की परीक्षा में 28434 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें 26931 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 1503 ने हिंदी की परीक्षा छोड़ दी। वहीं पहली पाली में इंटरमीडिएट सैन्य विज्ञान की परीक्षा भी हुई। इसमें 15 में से 11 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। चार परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट हिन्दी की परीक्षा हुई। जिले के 79 परीक्षा केंद्रों पर 22426 परीक्षार्थियों में से 21467 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। जबकि 959 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली में हाईस्कूल वाणिज्य की परीक्षा भी हुई। इसमें 282 पंजीकृत में से 272 ने परीक्षा दी। दस छात्र-छात्राएं परीक्षा से नदारद रहे। दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व सचल दल स्तर से विशेष सतर्कता बरती गई। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। हिंदी का पेपर सरल आने पर छात्र-छात्राओं ने राहत की सांस ली। हंसते हुए चेहरे परीक्षा केंद्रों से बाहर निकले।


केंद्र में परीक्षा देने जाते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**बोर्ड परीक्षा**
- इंटरमीडिएट सैन्य विज्ञान में चार ने छोड़ी परीक्षा
- जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट रहे तैनात


परीक्षा केंद्र के अंदर लगी छात्रों की कतार। ● अमृत विचार

### सभी परीक्षा केंद्रों पर तैनात रही पुलिस

गजरौला, अमृत विचार : हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं गुरुवार को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई। सभी केंद्रों पर पुलिसकर्मी तैनात रहे। परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र देखकर व तलाशी लेकर प्रवेश दिया गया। परीक्षाएं सुबह व दोपहर की पाली में हुईं। ज्ञान भारती इंटर कालेज, शिव इंटर कालेज, यश पब्लिक इंटर कालेज, रामसरन दास इंटर कालेज सहित कई विद्यालयों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए। पहले दिन हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट का हिन्दी का पेपर था। प्रत्येक केन्द्र पर पुलिस तैनात रही। उड़नदस्तों ने भी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

### परीक्षार्थियों में दिखा उत्साह

मंडी धनौरा, अमृत विचार : यूपी बोर्ड की परीक्षाएं गुरुवार से कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुईं। पहली पाली हाईस्कूल सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक संपन्न हुई। दूसरी पाली इंटरमीडिएट की 2 से 5:15 बजे तक चली। पहली पाली में हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हिंदी व दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं ने हिंदी व सामान्य हिंदी की परीक्षा दी। पहली पाली में कुछ छात्रों की सैन्य विज्ञान की परीक्षा हुई। सुबह में चेकिंग के साथ छात्रों को प्रवेश दिया गया। परीक्षा के पहले दिन छात्र छात्राओं में उत्साह देखने को मिला। कड़ी सुरक्षा और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में यह परीक्षा कराई जा रही है। पहले दिन हिंदी का पेपर छात्र- छात्राओं को आसान लगा। इस कारण उनके चेहरों पर मुस्कान नजर आई। पहले दिन राष्ट्रीय इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर निकलतीं छात्राओं ने बताया कि पेपर काफी आसान था। जो तैयारी की उसी से संबंधित प्रश्न पूछे गए। अच्छे अंक आने की उम्मीद है। कंचन बाजार स्थित श्री गांधी इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर निकलते छात्रों ने बताया कि पेपर अच्छा रहा।

### डॉ. विनोद अग्रवाल के निधन से छाया शोक

हसनपुर, अमृत विचार : नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. विनोद अग्रवाल का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। इससे उनके मित्रों एवं शुभचिंतकों में शोक छा गया। मोहल्ला कायस्थान निवासी डॉ. विनोद अग्रवाल का नाम नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में लिया जाता है। अपने जीवन के काफी साल उन्होंने चिकित्सा सेवा में बिताए। वह काफी समय से बीमार थे। इसके चलते उनके बड़े पुत्र नेत्र चिकित्सक डॉ. पल्लव अग्रवाल उन्हें अपने साथ मुरादाबाद ले गए थे। वहां गुरुवार की सुबह पांच बजे 85 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। गुरुवार की दोपहर उनके पार्थिक शरीर को नगर स्थित आवास पर लाया गया। उनके बड़े बेटे पल्लव अग्रवाल वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक हैं। उनके छोटे पुत्र पंकज अग्रवाल अमेरिका में इंजीनियर है। डॉ. विनोद अग्रवाल ने 2005 में रोटरी क्लब हसनपुर आस्था की स्थापना की थी।



# मां-बेटी से तीन लाख रुपये हड़पे

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के एक युवक पर बीमा क्लेम व पट्टे के नाम पर तीन लाख रुपए हड़पने को लेकर तहसील पर दोनों पक्षों में हंगामा हो गया। वहां मौजूद किसी ने इसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सोहरका निवासी बुद्धो अपनी बेटी कृष्णा पत्नी संजीव निवासी फतेहपुर अधेक थाना आदमपुर के साथ तहसील में किसी काम से आई थी। आरोप है कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बीमा क्लेम व पट्टे की जमीन के नाम पर उनसे तीन लाख रुपये लिए थे। कृष्णा का कहना है कि कुछ समय पूर्व उसके ताऊ की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। तब आरोपी कृष्णा की ससुराल आने-जाने लगा और ताऊ की मौत के बाद पट्टे की जमीन व बीमा क्लेम के बारे में कहने लगा। कृष्णा ने सारी बात मायके वालों को बताई।तब उन्होंने एक साहूकार से कई बार में तीन लाख रुपये ब्याज पर लेकर आरोपी को दिए। गुरुवार की दोपहर आरोपी युवक तहसील में मिल गया। मां-बेटी ने उसे घेर लिया और अपनी रकम मांगने लगीं। इस पर वहां हंगामा हो गया। किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सूचना पर डायल 112 पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद पुलिस मां-बेटी और आरोपी कोतवाली ले आई। मां-बेटी का कहना है कि पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। शुक्रवार को उच्च अधिकारियों से शिकायत की जाएगी।


तहसील परिसर में हंगामा करते दोनों पक्ष। ● अमृत विचार

- तहसील पर दोनों पक्षों में हुआ हंगामा, वीडियो वायरल

# अलग-अलग हादसों में आठ वर्षीय बच्चा व युवती घायल

संवाददाता, बुरावली

अमृत विचार : रहरा-हसनपुर मार्ग पर हाई स्कूल का पेपर देकर लौट रहे तेज रफ्तार बाइक सवार छात्र ने पीछे से ऑटो में टक्कर मार दी। इससे ऑटो में बैठी युवती नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गांव बांसका कला निवासी सीमा ऑटो में बैठकर हसनपुर से आ रही थी। बुरावली के पास बाइक सवार छात्र ने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवती सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने युवती को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

दूसरा हादसा गांव हाकमपुर में हुआ। आदमपुर निवासी कुंवर पाल अपनी पत्नी पुष्पा व आठ वर्षीय बेटे अरुण के साथ बाइक पर सवार होकर हसनपुर जा रहा था। गांव हाकमपुर में सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार कृष्ण ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें अरुण गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


घायल अरुण।

- छात्र ने ऑटो में मारी बाइक से टक्कर, गिरकर युवती हुई जख्मी

# कल अमरोहा आएंगे राहुल गांधी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा 24 फरवरी को अमरोहा आएगी। इसमें पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी भी शामिल रहेंगे। कार्यकर्ता यात्रा की तैयारियों में जुट गए हैं। सपा और कांग्रेस गठबंधन में अमरोहा सीट कांग्रेस के खाते में गई है।

गुरुवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने एक वैंक्वेट हाल में मीडियाकर्मियों से बात की। उन्होंने कहा कि देश में हर समुदाय की भावनाओं का ख्याल रखना चाहिए। सांसद कुंवर दानिश अली पार्टी में आते हैं तो उनका स्वागत है। विपक्षी दल से जो भी नेता पार्टी में शामिल होगा उसका भी स्वागत है, लेकिन टिकट हाईकमान तय करती है। कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी भी शामिल होंगे। प्रदेश सचिव सचिन चौधरी ने क्षेत्र से मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली को कांग्रेस से टिकिट मिलने की खबरों पर फिलहाल विराम लगा दिया है। उन्होंने कहा कि अमरोहा लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के पास काम करने वाले कार्यकर्ता हैं। इसलिए किसी बाहरी व्यक्ति की आवश्यकता नहीं है। कहा कि खुद सचिन चौधरी अमरोहा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं और एक बार फिर टिकट की प्रबल दावेदारी कर रहे हैं। अगर पार्टी ने उन्हें टिकट दिया तो वह चुनाव लड़ेंगे वरना जिसे टिकट मिलेगा उसे पूरी ताकत से चुनाव लड़ाएंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया, प्रदेश सचिव सुखराज सिंह आदि मौजूद रहे।



प्रेव वार्ता में बोलते कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल। ● अमृत विचार

- कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने मीडिया से की बात


तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

# पुलिस भर्ती परीक्षा की निष्पक्ष जांच कराएं

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

गुरुवार को पुलिस भर्ती परीक्षा दे चुके सैकड़ों अभ्यर्थी तहसील परिसर पहुंचे। उन्होंने उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव को सौंपा। इसमें उन्होंने कहा कि सभी अभ्यर्थियों ने काफी मेहनत करके पुलिस परीक्षा का पेपर दिया था। पेपर आउट होने से अभ्यर्थी परेशान हैं। उनकी मेहनत पर पानी फिर गया है। उन्होंने निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

# नगर में त्योहारों पर की जाए सफाई

संवाददाता, डिडौली

अमृत विचार : गुरुवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम की जोया इकाई के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त ईओ विपिन कुमार सेंगर का स्वागत किया। त्योहारों के मौके पर साफ-सफाई कराने के लिए ज्ञापन सौंपा।

ईओ ने आश्वासन देते हुए कहा कि कस्बे में हर छोटी-बड़ी हर समस्या को दूर करने का प्रयास करेंगे। साफ-सफाई को लेकर अभियान चलाया जाएगा। व्यापारियों और क्षेत्रवासियों के सहयोग से हर समस्या को हल किया जाएगा। इस मौके पर नगर पंचायत चेयरमैन हाजी जुबैर अहमद, व्यापारी सुरक्षा फोरम के नगर चेयरमैन मौहम्मद फहीम, नगर अध्यक्ष हरस्वरूप माथुर, युवा नगर चेयरमैन नाजिल हसन, युवा अध्यक्ष मोहसिन, मंत्री तौसीफ आलम, उपाध्यक्ष अंजार अहमद, ओमप्रकाश सिंह, मनोज कुमार, पंकज वर्मा, रूप सिंह, नवनीत कुमार गुप्ता, महेश कुमार गुप्ता, राहुल, तनवीर आदिल, मोहम्मद तैय्यब आदि व्यापारी मौजूद रहे।


ईओ को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

- व्यापारी सुरक्षा फोरम की जोया इकाई के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त ईओ को सौंपा ज्ञापन

### चामुंडा मंदिर का रास्ता खुलवाने की मांग

आदमपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव दमगड़ा के निवासियों ने मुख्यमंत्री शिकायत पोर्टल पर चामुंडा देवी मंदिर के रास्ते से कब्जा हटवाने की मांग की है। गंगेश्वरी ब्लाक के दमगढ़ा गांव की उत्तर दिशा में चामुंडा देवी मंदिर है। मंदिर के नाम पर राजस्व अभिलेखों में लगभग पौन बीघा जमीन दर्ज है। मंदिर पर जाने के लिए चकरोड भी है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने मंदिर की भूमि तथा चकरोड पर कब्जा कर लिया है। शिकायत कराने वालों में ग्राम प्रधान शंकर, ब्रजेश कुमार, महीपाल सिंह, किशनलाल, धनवीर, दिनेश, नरेश, लोकेश आदि शामिल रहे।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हेड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

**परेशानी** बार-बार शिकायत करने के बावजूद ठेकेदार नहीं कर रहा समस्या का समाधान, गिरकर चोटिल हो रहे लोग

# हर घर जल योजना ने बिगाड़ी सड़कों की सूरत, ग्रामीण परेशान

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : नमामि गंगे योजना के अंतर्गत हर घर जल योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण करा कर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत मकनपुर शुमाली में पाइप लाइन डाली जा रही है। इसके लिए खोदी गईं सडकें उखड़ी पड़ी हैं। इसके कारण सड़क में गड्ढे हो गए हैं। ग्रामीणों को आवाजाही में दिक्कत हो रही है। आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत मकनपुर शुमाली में हर घर जल योजना चल रही है। ठेकेदार ने पाइप लाइन डालने का कार्य शुरू किया था। इस दौरान खड़ंजा, इंटरलॉकिंग और डामरीकृत मार्ग पाइप डालने के लिए खोद दिए। पाइप लाइन डालने के बाद इनकी मरम्मत नहीं की।

रास्ते खराब होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिन रास्तों पर पाइप लाइन बिछाई जा गई है, वहां खोदकर पाइप डाली जा रही है, लेकिन ठेकेदार रास्तों को यूं ही ऊबड़-खाबड़ छोड़ रहे हैं। इसके चलते गांव वालों को आवागमन में दिक्कत होती है। दोपहिया वाहनों का निकलना मुश्किल है। कुछ जगहों पर तो लोग पैदल भी नहीं निकल पा रहे हैं। लाखों रुपये खर्च कर ग्राम पंचायतों के रास्तों में इंटरलाकिंग और खड़ंजा बनाए गए हैं। इन मार्गों को खोदकर पाइप डाली जा रही है।

गांव के लगभग सभी रास्तों के हालात ऐसी ही हैं। ग्रामीण ठेकेदार से सड़कों को ठीक कराने की लगातार मांग कर रहे हैं, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। इससे ग्रामीणों में रोष है।


गांव में खुदी पड़ी सड़क। ● अमृत विचार


"हर घर जल योजना के तहत ठेकेदार ने कई बार कहने के बाद भी खोदी गई सड़कों को सही नहीं कराया है। उच्च अधिकारियों से मिलकर ठेकेदार की शिकायत दर्ज कराई जाएगी।" – बंटी चौहान, ग्राम प्रधान


"गांव में हर घर जल योजना के तहत काम चल रहा है। पानी की टंकी की लाइन के चलते गांव के सभी रास्ते पूरी तरह खराब हो गए हैं। इन्हें ठेकेदार द्वारा सही नहीं कराया गया है।" –होमपाल


"ठेकेदार ने पाइपलाइन डालने के बाद उखड़ी सड़कों को सही नहीं कराया। इसके कारण काफी परेशानी हो रही है। हमारी मांग है कि जल्द से जल्द गांव की सड़क सही कराई जाएं।" – रामवीर सिंह


"सरकार ने लाखों रुपये खर्च करके हर घर जल योजना के तहत टंकी का निर्माण कराया है। लेकिन ठेकेदार ने शासन की मंशा के अनुरूप काम न करके ग्रामीणों के लिए और परेशानी खड़ी कर दी है।" – रोहित कुमार


"गांव में टंकी की पाइपलाइन बिछे हुए काफी समय हो गया है, लेकिन खोदी गई सड़कों को ठेकेदार द्वारा सही नहीं कराया गया है। जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।" – सोनू कुमार

**एक नजर**



मंदिर के लिए भूमि पूजन करते ग्राम प्रधान।

## शिव मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

**बुरावली, अमृत विचार :** ब्लॉक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव फरौटा में गुरुवार को शिव मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन हुआ। भोले शंकर के मंदिर में भूमि पूजन के बाद नींव की पहली ईंट ग्राम प्रधान अनिल ने रखी। लोगों ने मंदिर का निर्माण कार्य अविलंब पूरा कराने का संकल्प लिया। ग्राम प्रधान ने कहा कि गांव में शिव मंदिर के निर्माण से गांव के साथ पूरे प्रखंड के लोग लाभान्वित होंगे। लोगों में आस्था बढ़ेगी। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक नागर, यशपाल सिंह, डॉ. विजेंद्र इकबाल, रामदेव त्यागी, अशोक डीलर, नरेंद्र भाटी, अशोक विधूड़ी, काले सिंह आदि मौजूद रहे।

# सड़क जाम करने जा रहे भाकियू चढ़ूनी के पदाधिकारियों को रोका

### गुस्साए पदाधिकारियों की पुलिसकर्मियों से हुई धक्का-मुक्की

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** सड़क जाम करने जा रहे भाकियू चढ़ूनी गुट के पदाधिकारियों को पुलिस ने रोक दिया। इससे मौके पर हंगामा हो गया। गुस्साए पदाधिकारियों की पुलिसकर्मियों के साथ धक्कामुक्की भी हुई। हरकत में आई पुलिस ने सभी कार्यकर्ताओं को संगठन के जिलाध्यक्ष के घर नजरबंद कर लिया। कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए मोहल्ले के बाहर पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया।

दिल्ली में किसान आंदोलन जारी है। जिले के किसान संगठनों के पदाधिकारियों का गुस्सा भी इसे लेकर बढ़ता जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के जिलाध्यक्ष नरेश चौधरी ने गुरुवार दोपहर दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में सड़क जाम करने की चेतावनी दी थी। जानकारी पर पुलिस टीम जिलाध्यक्ष के मोहल्ला अवंतिका नगर स्थित आवास पर पहुंच गई। मौके पर कार्यकर्ता जमा हो रहे थे। जैसे ही कार्यकर्ता सड़क जाम करने के लिए जिलाध्यक्ष के आवास से निकले तभी पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इसे लेकर जमकर हंगामा हुआ। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने सभी कार्यकर्ताओं को जिलाध्यक्ष के आवास पर नजरबंद कर लिया।



पुलिस के साथ धक्का-मुक्की करते भाकियू चढ़ूनी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

जिलाध्यक्ष ने कहा कि एमएसपी गारंटी कानून बनाने, किसानों के सभी तरह के कर्ज माफ करने समेत अन्य मांगों को लेकर संगठन के पदाधिकारी लगातार आवाज उठाते रहेंगे। इस दौरान प्रदीप चौधरी, रवि चौधरी, संजीव चौधरी, अभिषेक चड्ढा, संदेश चड्ढा, देव चौधरी, हिमांशु, जगदेव सिंह, रविंद्र सिंह, तस्लीम सैफी, नफीस मेवाती, जाकिर, चरण सिंह, सोनू यादव, समरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## भांजी से दुष्कर्म में मामा को 10 साल की कैद

**रामपुर, अमृत विचार :** भांजी से दुष्कर्म के मामले में अपर विशेष न्यायधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट ने रिश्ते के मामा को 10 साल की सजा सुनाई और 16,000 रुपये जुर्माना भी लगाया।

पटवाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित के अनुसार, 24 जुलाई 2019 को वह घर में अकेली थी। तभी मुरादाबाद निवासी रिश्ते का मामा घर में घुस गया। उसने तमंचा दिखा पर दुष्कर्म किया। विरोध पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के कुछ देर बाद पीड़िता के माता-पिता घर आए तो उसने उन्हें पूरी बात बताई। इसके बाद मां उसे लेकर थाने पहुंची, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी प्रेम सिंह के खिलाफ पांच अक्टूबर 2019 को मामला दर्ज किया। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी। इस मामले की सुनवाई अपर विशेष न्यायधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने प्रेम सिंह पर दोष सिद्ध किया। उसे 10 साल की कैद और 16 हजार का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। एडीजीसी ओमप्रकाश लोधी ने बताया कि दोषी को 10 साल की कैद सजा सुनाई है।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते जैन समाज के लोग। ● अमृत विचार

# जैन समाज ने एसडीएम से की कब्जा हटवाने की मांग

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** दिगम्बर जैन समाज के लोगों ने उपजिलाधिकारी चंद्रकांता से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मोहल्ला गंज बाजार बड़े फाटक के पास स्थित शिव मंदिर व मुस्तरका आंगन की भूमि पर कब्जा कर पक्का निर्माण करने से रोकने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से बताया कि मोहल्ला गंज बाजार बडे. फाटक के पास शिव मंदिर व मुस्तरका आंगन की भूमि है। यह सहन नेम कुमार जैन के नाम से करीब 110 साल से प्रसिद्ध है। इसमें शिव रात्रि के भंडारे, रामलीला की राजगद्दी व रामलीला का मंचन बहुत पहले से होता चला आ रहा है। इसके अलावा हर मंगलवार को बाजार भी लगता है।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग मुस्तरका आंगन को अपना बताकर खुर्द-बुर्द करके नगर पालिका की सड़क तक अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इससे पूर्व भी इन लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर मुस्तरका आंगन की जमीन पर कब्जा कर पक्का निर्माण करने का प्रयास किया था। ज्ञापन देने वालों में आरके जैन, अंकुश जैन, अर्पित जैन, नीरज जैन, अनिल जैन सहित समाज के काफी लोग मौजूद रहे।

## चलती ट्रेन से गिरकर बदायूं के मजदूर की मौत

**मिलक, अमृत विचार :** क्षेत्र में चलती ट्रेन से गिरकर बदायूं के मजदूर की मौत हो गई। जीआरपी ने उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बुधवार रात 10 बजे हावड़ा अमृतसर ट्रेन मिलक क्षेत्र से गुजर रही थी। इस दौरान क्योरार रेलवे फाटक के पास बोगी के दरवाजे पर बैठे बदायूं के उझानी थाना क्षेत्र में गांव गोदरागंज निवासी राजीव (27) ट्रेन से नीचे गिर गया। उसके नीचे गिरते ही बोगी में अफरा-तफरा मच गई। ट्रेन में राजीव के साथ सफर कर रहे बड़े भाई के साले ओम नारायण व धर्मवीर ने चीख-पुकार मचा दी। आनन-फानन ट्रेन की चेन खींची गई तो दो किलोमीटर दूर जाकर ट्रेन रुकी। ट्रेन रुकते ही दोनों ने घटना स्थल की ओर दौड़ लगा दी। इस दौरान ट्रेन 5 मिनट तक रेलवे ट्रैक पर खड़ी रही। ग्रीन सिग्नल मिलने के बाद ट्रेन रवाना हो गई। दोनों ने घटनास्थल पर पहुंचकर देखा तो राजीव की मौत हो चुकी थी। हालांकि एंबुलेंस से उसे सरकारी अस्पताल लाया गया। राजीव अपने दोनों साथियों के साथ बरेली से ट्रेन में सवार हुआ था। वह मजदूरी करने अंबाला जा रहा था। मृतक ने अपने पीछे माता-पिता और एक भाई को छोड़ा है।

# एक मिनट में निपटी बोर्ड बैठक की कार्रवाई

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** नगर पालिका बोर्ड की बैठक की कार्रवाई मात्र एक मिनट में ही पूरी कर दी गई। कोरम पूरा करने में सफल हुई पालिकाध्यक्ष राजेंद्री देवी की अध्यक्षता में 38.63 करोड़ रुपये का बजट पास हो गया। विपक्षी खेमे के सभासदों ने चरमराई सफाई व्यवस्था के विरोध में हंगामा भी किया।

गुरुवार सुबह 11 बजे नगर पालिका परिषद की बोर्ड की बैठक पालिका कार्यालय में शुरू होनी थी। लेकिन 11:15 बजे तक 12 सभासद बैठक में शामिल होने पहुंच गए। कोरम पूरा करने के लिए एक सभासद की जरूरत और थी। ऐसे में ईओ व चेयरपर्सन की कोशिश के बाद 11:40 बजे सभासद सरताज के बैठक में पहुंचने पर कोरम पूरा हो गया। इस बीच वार्ड एक से सभासद रॉकी ने शहर में चरमराई सफाई व्यवस्था के विरोध में हंगामा शुरू कर दिया। आनन-फानन में बैठक की कार्रवाई शुरू होते ही लेखाकार आदेश अग्रवाल ने 38.63 करोड़ रुपये का बजट पास होने की बात कही। सभासदों ने इस पर सहमति दे दी। मात्र एक मिनट में ही बजट पास हो गया। ईओ गार्गी त्यागी के मुताबिक 25 में से 13 सभासद बैठक में शामिल हुए।



बैठक में मौजूद नगर पालिकाध्यक्ष, ईओ व सभासद। ● अमृत विचार

▸▸ **नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में 38.63 करोड़ का बजट पास**

गौरतलब है कि 13 फरवरी को कोरम पूरा नहीं होने पर पालिका बोर्ड की बैठक स्थगित कर दी गई थी। तब सिर्फ चार सभासद ही बैठक में पहुंचे थे। इसके बाद 19 फरवरी को बैठक की दूसरी तारीख तय की गई, लेकिन तब भी बैठक नहीं हो सकी। गुरुवार को भी बोर्ड की बैठक में कोरम काफी मुश्किल से पूरा हो सका।

# किशोरी से दुष्कर्म में दोषी को 10 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

▸▸ **अदालत ने दोषी पर 87,000 रुपये जुर्माना भी लगाया**

**अमृत विचार :** कोर्ट ने किशोरी से दुष्कर्म से जुड़े मामले में आरोपी युवक को दोषी ठहराते हुए 10 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर 87,000 रुपये जुर्माना भी लगाया है। आरोपी युवक गिरफ्तारी के बाद से ही जेल में बंद है।

यह घटना 24 जून 2023 की थाना हसनपुर क्षेत्र से जुड़ी है। यहां एक मजदूर का परिवार रहता है। कॉलोनी में रहने वाला शहजाद मजदूर की 16 वर्षीया बेटी से मोबाइल पर बातचीत करता था। घटना वाले दिन शाम के समय शहजाद ने किशोरी को डरा-धमकाकर अपने घर बुला लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के शोर मचाने पर मौके पर जमा हुए लोगों की मौजूदगी में शहजाद उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने शहजाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था। काफी प्रयास के बाद भी उसकी जमानत मंजूर नहीं हो सकी थी। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम डा.कपिल राघव की कोर्ट में चली। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक रतन लाल लोधी ने मजबूत पैरवी की। गुरुवार को कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर शहजाद को दोषी मानते हुए 10 साल कारावास और 87,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

# सभी को मिल रहा योजनाओं का लाभ

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत जोया रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर बैठक हुई। जिलाध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि प्रत्येक दरवाजे पर दस्तक देकर लाभार्थियों को मोदी सरकार से क्या लाभ मिला है और क्या लाभ लेना चाहिए, इसकी जानकारी देनी है। मोदी सरकार ने देश के हर गरीब व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2014 के बाद से 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकला है। उत्तर प्रदेश में छह करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकला है। प्रधानमंत्री ने गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ और उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन योजना तथा 51 करोड़ से अधिक गरीबों को जन धन खातों के जरिए बैंक की व्यवस्था से जोड़ा। 10 करोड़ से अधिक मुफ्त एलपीजी कनेक्शन दिए गए। 11.72 करोड़ लोगों के शौचालय का निर्माण कराया गया। उज्ज्वला योजना के तहत प्रदेश में 1.75 करोड़ परिवारों को कनेक्शन दिया गया है। भाजपा तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने को लेकर आश्वस्त है। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों से संपर्क करने का मतलब है कि केंद्र सरकार की माला में एक कमल अमरोहा का भी हो। इस अवसर पर हिमांशु त्यागी, अभिनव कौशिक, अतुल चौधरी, कृष्ण कुमार, वीरेंद्र सिंह चौधरी, रमेश कलाल, शुभम चौधरी, मनोज शर्मा, चंद्रभान सिंह भाटी, पूरन सिंह, राकेश वर्मा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी। ● अमृत विचार



जाम के बीच गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

# आए दिन के जाम से परेशानी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** आंबेडकर पार्क से बाजार तक जाम लगना आम बात हो गई है। इससे व्यापारियों एवं नगर वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। व्यापारी संगठनों ने कई बार समस्या का निस्तारण करने की मांग की। मगर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जाम की समस्या आम हो गई है।

आंबेडकर पार्क हो या इंदिरा चौक हर जगह जाम लग रहा है। पार्किंग की व्यवस्था न होने से निजी वाहन सीधे बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। कई चालक सड़क पर ही आड़े तिरछे वाहन खड़े कर देते हैं। इससे आवाजाही बाधित हो जाती है। लोगों का कहना है कि दोपहिया और चार पहिया वाहन चालक निर्धारित स्थल पर पार्किंग नहीं करते। इससे हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। गुरुवार को नगर के वर्मा मार्केट से लेकर इंदिरा चौक तक दोपहर को लगभग एक घंटे मार्ग जाम रहा।

## सड़क हादसे में मामा भांजा घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार:** शादी के कार्ड बांटने जा रहे मामा-भांजे की बाइक को बिलासपुर में केमरी रोड पर सामने से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों गंभीर घायल हो गए। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

जहां से उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घायलों में उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर जिले के किच्छा थाने के नौली गांव निवासी ओमवीर (24) पुत्र फकीरी लाल तथा उसका भांजा दिनेश (20) पुत्र मोर सिंह शामिल हैं। उनके परिचितों ने बताया कि ओमवीर की शादी होने वाली है। वह अपने भांजे दिनेश के साथ रिश्तेदारी में कार्ड बांटने के लिए मिलक की तरफ जा रहा था। केमरी रोड पर ताल महावर गांव के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।

# नौकरी करने गए अमरोहा के युवक की सऊदी अरब में मौत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**दुखद**

▸▸ **मृतक के दो भाई सऊदी में करते हैं नौकरी, 20 दिन पूर्व गया था फैसल**

▸▸ **कोतवाली के मोहल्ला कटरा बख्तावर का निवासी है युवक**

**अमृत विचार :** सऊदी अरब में 20 दिन पहले घर से नौकरी के लिए निकले युवक की बुधवार की रात अचानक मौत हो गई। युवक मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हालांकि युवक की मौत का कारण अभी पता नहीं लग पाया है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा बख्तावर में स्व. जमील अहमद का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी रेहाना के अलावा दो बेटियां और तीन बेटे हैं। उनके दो बेटे सलमान और सुल्तान सऊदी अरब में नौकरी करते हैं। बताया जाता है कि दो फरवरी को छोटा बेटा फैसल भी नौकरी के सिलसिले में सऊदी अरब के रियाद गया था। इस दौरान उसकी कुछ दिन पहले तबीयत खराब हो गई। इस पर वहां रह रहे हैं दोनों भाइयों ने उसको अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बुधवार की देर रात उसकी मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि मृतक के शव को यहां लाने में कुछ दिक्कत आ रही थी। इसलिए गुरुवार की शाम उसे वहीं दफनाने का फैसला लिया गया। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## डूंगरपुर के तीन मामलों में कोर्ट में हुई सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर के तीन मामलों में गुरुवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान बचाव पक्ष की ओर प्रार्थना पत्र दिया गया। अब इस मामले में 23 फरवरी को सुनवाई होगी।

वर्ष 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने लोगों ने गंज थाने में कई मामले दर्ज कराए थे। इनमें पूर्व मंत्री आजम खां के इशारे पर उनसे मारपीट, लूटपाट कर उनके घर को जेसीबी ध्वस्त करना का आरोप लगा था।

इन मामलों में आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, सेवानिवृत्त सीओ आलेहसन, ठेकेदार बरकत अली, जिबरान समेत अन्य कई लोगों को आरोपी बनाया गया। एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष प्रार्थना पत्र देकर समय मांगा है।



सड़क का उद्घाटन करते विधायक महेंद्र खड़गवंशी। ● अमृत विचार

# सीसी रोड का किया लोकार्पण

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने विधानसभा क्षेत्र के एक गांव में सीसी रोड का लोकार्पण एवं डामर रोड का शिलान्यास किया।

गुरुवार को विधायक गांव शाहपुर कला पहुंचे। उन्होंने 2400 मीटर लंबी गांव फूलपुर बिजलपुर सीसी रोड का लोकार्पण किया। इसके बाद 2400 मीटर लंबी डामर रोड व नाली निर्माण कार्य का फीता काट कर उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार ने हर तरफ सड़कों का जाल बिछाने का कार्य किया है। गांव-गांव, गली-मोहल्लों में सड़क निर्माण का कार्य किया है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, देवेंद्र खड़गवंशी, शिवकुमार खड़गवंशी, नंदन सिंह, जगत सिंह, रघुवीर, भूप सिंह, जयप्रकाश, राधेलाल आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

**क्रिकेट** बेहतरीन प्रदर्शन करने पर अभिषेक गिल चुने गए मैन ऑफ द मैच

# जीएमसीसी को हरा सेमीफाइनल में पहुंचा अनिल इलेवन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** दाऊद सराय रोड स्थित स्टार न्यू फ्रेंड्स क्रिकेट एकेडमी के संयोजन में शेरू परवेज मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट चल रहा है। गुरुवार को क्वालीफाई मैच जीएमसीसी और अनिल इलेवन के बीच खेला गया।

इसमें टॉस जीतकर जीएमसीसी ने पहले फील्डिंग का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अनिल इलेवन की टीम 16 ओवर में 120 रनों पर आउट हो गयी। अभिषेक ने 21, ठाकुर विवेक ने 21, समद ने 20 व करन ने 16 रन बनाए। जीएमसीसी के गेंदबाज अजहर अब्बासी ने छह विकेट लिए। जवाब में उतरी जीएमसीसी का कोई भी बल्लेबाज ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सका। अभिषेक गिल ने अनिल गेंदबाजी करते हुए जीएमसीसी को 70 रन पर ढेर कर दिया। कप्तान अनिल चौहान व अभिषेक गिल ने 3-3 और करन यादव व राहुल गुज्जर ने 2-2 विकेट लिए। बेहतरीन प्रदर्शन करने पर अभिषेक गिल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इकबाल हैदर, सलमान मंसूरी व तैयब सलमानी ने पुरस्कार दिया।

इस दौरान वजीर अहमद, खुर्शीद अहमद, आरिफ मसूद, सलीम पहलवान, नईम शेख, अमीन राइनी, अनस जैदी, मोहम्मद अजीम, फहीम पहलवान, वसीम बैग, फैज सिद्दीकी, असद जानू, शाहरूख पठान, तैयब सुल्तान, अदनान मसरूर, फैजी खान, साईम खान, अजहर अब्बासी, शुऐब फारूकी, रामिश बोस, मोइन उल हक, शाह फैज, हनी आदि मौजूद रहे।





मैच जीतने के बाद खुशी जताते विजयी टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## एसडीओ की संपत्ति की कराई जाए जांच

**रामपुर, अमृत विचार:** नवाब गेट डिवीजन में तैनात तृतीय विनय कुमार की सम्पत्ति की जांच कराने को लेकर किसानों ने एसई को ज्ञापन सौंपा। कहा कि शहर क्षेत्र में कई अधिकारी व कर्मचारी चेकिंग के नाम पर लोगों को परेशान कर रहे हैं।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरान शाह खां के नेतृत्व में गुरुवार को पदाधिकारी एकत्र होकर एसई कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने विद्युत निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ नारेबाजी की। कहा कि 15 दिन में समस्या का निस्तारण कराया जाए। नहीं तो धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

इस दौरान मोहम्मद हारून खां, जिया उर रहमान खां उर्फ बाबू, मोहम्मद रिजवान, शाह आलम खां, शाकिर अली, मोहम्मद वसीम, इरफान खां, सुक्खा सिंह, फरीद खां और बाबर खां आदि शामिल रहे।



किशोर को उसके परिजनों को सौंपती पुलिस। ● अमृत विचार

# गुमशुदा किशोर को पुलिस ने परिजनों के हवाले किया

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** पुलिस ने गुमशुदा किशोर को ऑपरेशन मुस्कान के तहत बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।

गांव रखेडा निवासी विजय सिंह का 18 वर्षीय पुत्र गौतम नाराज होकर घर से चला गया था। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने 15 फरवरी को गुमशुदगी दर्ज की थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत जनपद शाहजहांपुर की पुलिस के सहयोग से गौतम को स्थानीय पुलिस ने बरामद करके परिजनों को सौंप दिया। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि गौतम शाहजहांपुर चला गया था। पुलिस ने उसे सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है।

## अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोपी पकड़ा

**केमरी, अमृत विचार:** किशोरी पर शादी का दबाव बनाने व उसके मंगेतर पक्ष को अश्लील फोटो भेजकर रिश्ता तुड़वाने के मामले में दर्ज रिपोर्ट कर केमरी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शिवनगर गांव निवासी आरोपी मुकेश पुत्र रामपाल पप्पू को अपराध निरीक्षक अजयवीर सिंह ने गुरुवार सुबह उसके घर के बाहर से गिरफ्तार किया।

पीड़िता के पिता ने बुधवार को आरोपी के उसके खिलाफ पॉक्सो व आईटी एक्ट समेत कई धाराओं में मामला दर्ज कराया था। आरोप है कि युवक किशोरी से रास्ते में छेड़खानी व अश्लील हरकतें करता था। उसने किशोरी के घर में घुसकर अश्लील फोटो खींच लिए थे और ब्लैकमेलिंग करते हुए शादी का दबाव बना रहा था। प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है।

## एक नजर

### नाबालिग को लेकर फरार हुआ युवक, रिपोर्ट दर्ज

**गुन्नौर अमृत विचार** : महिला की नाबालिग बेटी को युवक लेकर फरार हो गया। महिला ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला विधवा है। उसने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की है कि उसके पड़ोस में रहने वाला मनोज 16 साल की बेटी को बहला फुसलाकर ले गया है। महिला का आरोप है कि उसकी बेटी को भगाने की साजिश में पड़ोसी युवक के दो भाई भी शामिल हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होगी भाकपा

**संभल अमृत विचार** : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी संभल की बैठक पूर्व सांसद कामरेड मौलाना इसहाक संभली के निवास एवं पार्टी कार्यालय पर हुई। जिसमें कहा गया कि पार्टी इंडिया गठबंधन भागीदारी की हैसियत से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 24 फरवरी को संभल में होने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भागीदारी करेगी। यात्रा में पार्टी के कार्यकर्ता झंडों बैनरों के साथ शामिल होंगे। बैठक में वसीम, अंसार, विनोद, आमना बी, सलमा बी, सबीहा परवीन, फरमान, राजाराम आदि रहे। अध्यक्षता शाहिद हुसैन ने तथा संचालन मोहम्मद हस्सान संभली ने किया।

### ससुरालियों ने महिला से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**गुन्नौर अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के गांव नंदरौली की महिला को पति और ससुरालियों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिला का जिला अस्पताल में उपचार कराया है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नंदरौली निवासी मोहिनी की ओर से कोतवाली में पति सोनपाल उर्फ सोनू, सास नन्हीं, ननद बबीता आदि के विरुद्ध मारपीट कर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। ससुराल वालों की मारपीट में घायल हुई मोहिनी मायके पहुंची। मायके वालों ने मोहिनी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मोहिनी के भाई हेतराम निवासी गांव ईसमपुर डांडा का आरोप है कि बहनोई सहित ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर उसकी बहन को प्रताड़ित करते हैं और आये दिन मारपीट करते हैं।



संभल के रसूलपुर धतरा गांव में जाल में कैद तेंदुए को चारपाई के नीचे दबाते वन कर्मी व पुलिस। ● अमृत विचार



तेंदुए के हमले में घायल सीओ को इंजेक्शन लगाता स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

# वन विभाग की लापरवाही ने ली तेंदुए की जान

## संसाधन होते तो बेजुबान को अपनी जान नहीं गंवानी पड़ती, घर में घुसे तेंदुए को पकड़ने को खाली हाथ पहुंची टीम

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** जनपद के हयातनगर थाना क्षेत्र में किसान के घर में घुसे तेंदुए को पकड़ने के लिए पहुंची वन विभाग की टीम के पास न तो तेंदुए को बेहोश करने के लिए ट्रेंकुलाइजर था और न ही पिंजरा। ऐसे में तेंदुए को काबू करने के लिए उसके साथ खूब बेरहमी हुई। तेंदुआ जाल में आ गया तो तेंदुए के ऊपर उल्टी चारपाई डालकर कई लोग खड़े हो गये। ये लोग तब तक तेंदुए के ऊपर खड़े रहे जब तक एक घंटा बाद ट्रेंकुलाइजर इंजेक्शन और पिंजरा वहां नहीं पहुंचा। कहा जा रहा है कि इसी वजह से तेंदुए की मौत हुई।

हयातनगर थानाक्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा में किसान रामकुंवर के घर में तेंदुए के घुस जाने की खबर पर न सिर्फ वन विभाग के कर्मचारी बल्कि रेंजर और डिप्टी रेंजर तक मौके पर पहुंचे। वन विभाग का अमला इस तरह पहुंचा जैसे तेंदुआ उनकी शक्ल देखकर सरेंडर कर देगा।

शायद इसी वजह से न तो टीम तेंदुए को बेहोश करने के लिए ट्रेंकुलाइजर इंजेक्शन लेकर गई थी और न ही पिंजरा उसके पास था। ऊपर से घर में बंद बेजुबान को पकड़ने की इतनी जल्दबाजी कि संसाधन पहुंचने का इंतजार किए बिना तेंदुए को पकड़ने में जुट गये। किसी तरह तेंदुआ जाल में आ गया तो जाल सहित भागने का प्रयास करने लगा। फिर क्या था,तेंदुए को जमीन पर डालकर उसके ऊपर चारपाई उल्टी कर डाल दी गई। इसके बाद कई लोग उस चारपाई पर खड़े गये गये।

तेंदुए के हाथ पैर रस्सी से कसकर बांध दिये तब भी उसके ऊपर खड़े लोग नहीं उतरे। जमीन पर पड़ा तेंदुआ एक घंटे तक असहाय पड़ा रहा। एक घंटे बाद जब इंजेक्शन व पिंजरा आया तब तक तेंदुए बेसुध सा नजर आने लगा था। शायद वह मौत के बेहद नजदीक पहुंच चुका था या फिर उसकी मौत हो चुकी थी।



तेंदुए के डर से घरों की छतों पर चढ़े ग्रामीण। ● अमृत विचार



जाल में कैद तेंदुए को पिंजरे में बंद करते वनकर्मी। ● अमृत विचार

- वन विभाग का अमला ऐसे पहुंचा जैसे तेंदुआ देखते ही सरेंडर कर देगा

### रात तक छिपाते रहे तेंदुए की मौत की बात

**संभल, अमृत विचार** : तेंदुए की मौत हो गई तो वन विभाग के अधिकारियों को लगा कि वह कुछ गलत कर बैठ हैं। इसके बाद फजीते से बचने के लिए देर रात तक तेंदुए की मौत की बात को ही छिपाये बैठे रहे।वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने फोन उठाना ही बंद कर दिया। प्रभागीय वनाधिकारी जीबी शेंडे भी तेंदुए की मौत की बात पर चुप्पी साधकर कहते रहे कि हम इस घटना को लेकर प्रेस नोट जारी कर रहे हैं। रात साढ़े आठ बजे के बाद वन विभाग ने प्रेस नोट जारी किया। बताया कि पिंजरे में डालते समय तेंदुए की अवस्था सुस्त एवं निष्क्रिय थी। उसे उपचार के लिए लेकर गये लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। बताया कि इस मामले में एनटीसीए के प्रोटोकॉल के तहत कार्रवाई होगी। पैनल के द्वारा तेंदुए का पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### डर के मारे छतों पर जा चढ़े ग्रामीण

**संभल, अमृत विचार** : गांव रसूलपुर धतरा में रामकुवंर के घर में तेंदुआ आने की सूचना मिलने पर महिलाऐं, बड़े और बच्चे डर की वजह से घरों की छतों पर जा चढ़े। वहीं लोग मोबाइल फोन से जाल में कैद चारपाई के नीचे दबे तेंदुए का वीडियो बनाकर रिश्तेदारों व सोशल मीडिया पर वायरल करते रहे। छतों से लोगों की भीड़ से हटाने के लिए पुलिस बार बार कहती रही। भीड़ रेस्क्यू खत्म होने तक छतों पर ही डटी रही।

# ट्रांसफार्मर बदले जाने से दिनभर गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** :नगरीय क्षेत्र में रायसत्ती बिजलीघर पर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि कार्य के चलते गुरुवार को कई क्षेत्रों की बिजलीघर दिनभर गुल रही। हजारों उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शाम तक कार्य चलने के कारण बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी थी।

रायसत्ती बिजलीघर पर 15 एमवीए क्षमता के दो ट्रांसफार्मर पहले से ही रखे थे। बिजली विभाग ने 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर हटाकर 10 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर रखने का काम गुरुवार को शुरू कराया। जिस कारण रायसत्ती, हातिम सराय, नई बस्ती, बढ़ई वाली बस्ती, मियां सराय फुलवार, ठंडी कोठी, दीपा सराय, कटरा बाजार आदि क्षेत्र की बिजली सुबह 8 बजे ही गुल कर दी गई। हजारों घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इस बीच एसडीओ प्रथम यशपाल सिंह की मौजूदगी में बिजली घर में 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित कराने का काम चलता रहा। शाम को साढ़े पांच बजे तक बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी। एसडीओ प्रथम यशपाल सिंह ने बताया कि जैसे की ट्रांसफार्मर रखने का काम पूरा होगा, वैसे ही बिजली आपूर्ति सुचारू करा दी जाएगी।



संभल के रायसत्ती बिजली घर पर ट्रांसफार्मर रखती हाइड्रा। ● अमृत विचार

- नगर क्षेत्र में रायसत्ती बिजलीघर पर रखा गया 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर
- हजारों घरों की बिजली बाधित रहने से उपभोक्ताओं को हुई परेशानी

## आर्थिक तंगी के चलते चाट विक्रेता ने फंदे से लटककर दी जान

**बबराला, अमृत विचार** :नगर के मोहल्ला सुंदर नगरी में चाट विक्रेता का शव फंदे से लटका मिला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना अंतिम संस्कार कर दिया। बताया गया है कि चाट विक्रेता ने आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण जान दी है।

नगर निवासी राजू कुशवाहा (30 वर्ष) पुत्र मोहन मोहल्ला सुंदर नगरी में किराये का मकान लेकर चाट की ठेली लगाता था। देर रात राजू को कमरे में छत के कुंडे के सहारे फंदे से लटका देख पत्नी पुष्पा की चीख निकल गई। आस पड़ोस के लोगों ने राजू को फंदे से नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के चार बच्चे हैं। बताते हैं कि उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। जिससे वह परेशान रहता था। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# टप्पेबाज ने वृद्धा के पैर छुए और पौत्र से 16000 रुपए लेकर चंपत

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार** : बैंक ऑफ बड़ौदा से रुपये निकालकर लौट रही वृद्धा को झांसे में लेकर टप्पेबाज ने रिश्तेदारी निकालकर पैर छुए। टप्पेबाज वृद्धा के पौत्र से 16000 रुपये लेकर चंपत हो गया। सरेआम टप्पेबाजी की वारदात भीड़भाड़ वाले तहसील के आगे हुई। बताया गया कि घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बिचपुरी सैलाब निवासी 60 वर्षीय दूधनियां पत्नी गट्टू सिंह गुरुवार को पौत्र सुमित को साथ लेकर नगर में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा से 25,000 रुपये निकाल कर वापस अपने घर लौट रही थी। वृद्धा के अनुसार, जैसे ही वह तहसील के आगे पहुंची तो उसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने आवाज देकर रोका और रिश्तेदारी निकालते हुए वृद्धा के पैर छुए। वृद्धा के पौत्र सुमित को कहा कि तेरे पिता और चाचा को जानता हूं।

तेरे पिता के मुझ पर चार हजार रुपये बाकी हैं। टप्पेबाज ने झांसा देकर सुमित से 16000 रुपये ले लिए और मौका देख उड़नछू हो गया। पुलिस को दी तहरीर में वृद्धा ने बताया कि घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है।

- गुन्नौर में सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना



पीड़ित महिला दूधनियां। ● अमृत विचार



नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

# नुक्कड़ नाटक से खुले में शौच नहीं करने का दिया संदेश

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** विकासखंड दफ्तर पर स्वच्छ भारत अभियान फेज-2 के तहत आम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने को लेकर कार्यक्रम में लखनऊ से पहुंचे कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से खुले में शौच नहीं करने के लिए जागरूक किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़कवंशी व बीडीओ प्रेमचंद ने किया। इसके बाद कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर आम जन को खुले में शौच न करने के लिए जागरूक किया। बहन बेटियों की रखो लाज नामक गीत प्रस्तुत कर कलाकारों ने जमकर तालियां बटोरी।वहीं घर पर शौचालय बनाए जाने का भी आह्वान किया। पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़कवंशी ने कहा कि आम आदमी स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाते हुए खुले में शौच न जाए। इसके बाद पूर्व जिला अध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़कबंशी व बीडीओ प्रेमचंद ने कलाकारों की टीमों को विकास खंड के सभी ग्राम पंचायत में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**कयास** विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहैल को टिकट की पैरवी, समर्थकों ने खुलकर रखी बात

# डा. बर्क बीमार हुए तो टिकट को सक्रिय हुआ विधायक खेमा

भीष्म सिंह देवल,संभल

**अमृत विचार:**समाजवादी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए संभल लोकसभा क्षेत्र से घोषित प्रत्याशी मौजूदा सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क बीमारी के चलते अस्पताल में भर्ती हुए तो संभल सीट पर टिकट बदले जाने के कयास शुरु हो गये हैं। इस हालात में विधायक इकबाल महमूद की लाबी टिकट के लिए सक्रिय हो गई है। समर्थकों ने विधायक के बेटे सुहेल इकबाल को टिकट की दावेदारी की है। इस मामले को लेकर सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा है कि पार्टी हाईकमान राय मांगेगा तो वह इस मसले पर अपनी राय रखेंगे।

संभल लोकसभा सीट पर 2019 के लोकसभा चुनाव में डा. शफीकुर्रहमान बर्क ने समाजवादी पार्टी प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज कराई थी। इस बार सपा विधायक इकबाल महमूद खुद या अपने बेटे के लिए लोकसभा टिकट की दावेदारी कर रहे थे। डा. बर्क से छत्तीस का आंकड़ा रखने वाला विधायक खेमा ज्यादा उम्र की वजह से उनका टिकट काटने की मांग हाईकमान से कर रहा था। हालांकि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विधायक के विरोध और बाकी टिकट दावेदारों की दावेदारी को खारिज करते हुए 30 जनवरी को जारी की गई 16 उम्मीदवारों की पहली ही सूची में डा. शफीकुर्रहमान बर्क को संभल सीट से सपा का उम्मीदवार घोषित कर दिया था। टिकट घोषित होने के बाद डा. बर्क बीमार होने के बाद अस्पताल में भर्ती हुए तो संभल सीट पर टिकट बदले जाने की चर्चा चलने लगी है। ऐसे में बर्क का विरोधी गुट फिर से टिकट के लिए सक्रिय हो गया।



अपने आवास पर समर्थकों की बैठक में बोलते सुहैल इकबाल। ● अमृत विचार

### इकबाल महमूद के सामने रखी जायेगी बात: सुहैल

**संभल,अमृत विचार** : विधायक के पुत्र सुहैल इकबाल ने कहा कि बैठक में कुछ कार्यकर्ताओं ने अपनी भावनाएं रखी थीं। संभल में बुजुर्ग सांसद को टिकट हुआ था, लेकिन उनकी तबीयत खराब है और वो अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी तबीयत खराबी को देखते हुए ही चुनाव लड़ने को लेकर लोगों ने बात रखी थी। क्योंकि जनसंपर्क करने में वो अभी असहाय नजर आते हैं। इसीलिए ही यह मांग रखी गई है। अब पार्टी को सोचना चाहिए कि वह किसे इसकी जिम्मेदारी दे। हमारे नेता इकबाल महमूद के सामने इस बात को रखकर ही फैसला किया जाएगा।





### समर्थकों ने कहा हो बदलाव तो सुहैल बनें प्रत्याशी

**संभल, अमृत विचार** : गुरुवार को सपा विधायक नवाब इकबाल महमूद के आवास पर राहुल गांधी की यात्रा को लेकर बैठक के दौरान विधायक इकबाल महमूद के कई समर्थकों ने कहा कि अस्पताल में भर्ती मौजूदा प्रत्याशी डा. शफीकुर्रहमान बर्क की सेहत चुनाव लड़ने लायक नहीं होती है और अध्यक्ष के द्वारा टिकट बदलने का फैसला लिया जाता है तो संभल की जनता सुहैल इकबाल के लिए टिकट चाहेगी।

## सार-संक्षेप

### गुरुद्वारा में कल मनाई जाएगी भगत रविदास की जयंती

**संभल अमृत विचार** : गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार में भगत रविदास की जयंती 24 फरवरी को मनाई जाएगी। जिसमें सुबह सुखमनी साहिब का पाठ होगा और महान कीर्तन दरबार सजेगा। दीवान समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर होगा। शाम को दीपमाला का कार्यक्रम होगा। जयंती को लेकर गुरुद्वारा को भव्य तरीके से सजाया जाएगा। आयोजन में हरदीप सिंह, सतपाल सिंह, हरज्ञान सिंह, कुलवीर सिंह, धर्म सिंह, रामपाल सिंह एडवोकेट, मुन्नालाल, विनोद, सागर, विपिन, गुरजीत सिंह, कुलदीप सिंह, नवजोत सिंह, अभीत सिंह, जसजीव सिंह, सुरेंद्र सिंह, वीर खालसा सेवा दल व सुखमनी महिला सोसाइटी सहयोगी रहेंगे।

### ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**संभल अमृत विचार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय संभल की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों का शिविर प्राचार्य डॉ.प्रभा शर्मा की अध्यक्षता में लगा। स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार और सचिन कुमार के निर्देशन में लक्ष्य गीत उठें समाज के लिए उठें उठें गुनगुनाया। प्राचार्य ने टोलियों को सौंपे कार्यों को पूर्ण मनोयोग से करने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवकों ने प्राथमिक विद्यालय घुंघावली पहुंचकर ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। वहीं महाविद्यालय परिसर के युवाओं ने श्रमदान करके स्वच्छता का संदेश दिया। दूसरे सत्र में केरियर काउंसलिंग एवं कौशल विकास से संबंधित व्याख्यान में विक्रमशिला संस्थान के अमित तिवारी और आकाश त्यागी ने केरियर के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी।



सीओ व थाना प्रभारी को ज्ञापन देते भाकियू चढ़ूनी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### ऐंचौड़ा कम्बोह बने तहसील, नाम हो कल्कि धाम

**संभल/असमोली, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के जिलाध्यक्ष दलजीत सिंह उर्फ सोनू चौधरी ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीओ असमोली संतोष कुमार सिंह को सौंपा। जिसमें एमएसपी का वादा पूरा करने की मांग की गई।कहा कि गन्ना मूल्य में सिर्फ 20 रुपये की बढ़ोतरी बहुत कम है। इस पर पुनर्विचार किया जाए। इसके साथ ही मांग रखी कह ऐंचौड़ा कम्बोह का नाम बदलकर कल्कि धाम किया जाये। ऐंचौड़ा कम्बोह को तहसील घोषित किए जाने की मांग भी की गई। इसके साथ ही कहा कि ऐंचौड़ा कम्बोह और मनोटा रोड के बीच शाहपुर सिरपुड़ा से वाया बाबू खेड़ा इकौंदा रोड का एनएच-9 तक चौड़ीकरण कराया जाए।

### अंडरपास का अनुमोदन पत्र नहीं मिलने से किसानों में रोष

**संभल अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों का धरना 30वें दिन जारी रहा। किसानों ने अंडरपास निर्माण की मांग उठाई। धरने पर बैठे किसानों ने अंडरपास बनवाने के लिए अनुमोदन पत्र नहीं मिल पाने पर रोष व्यक्त किया। भाकियू असली जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने कहा कि अंडरपास निर्माण के लिए अनुमोदन पत्र नहीं दिया जा रहा है। शुक्रवार को धरना स्थल पर मासिक पंचायत होगी। इस दौरान जयवीर यादव, दिनेश सिरोही, चौधरी संजीव गांधी, दलवीर सिंह, सुरेश, कृपाली, जसवंत, चंद्रप्रकाश, राहिद आदि रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

संभल/असमोली अमृत विचार : ऐंचौड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में सैदनगली मनोटा मार्ग पर गांव भटपुरा से आगे पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। रवि बाइक से उछलकर सड़क किनारे गिरकर गंभीर घायल हो गया। चालक अज्ञात वाहन लेकर भाग गया। हादसे के बाद पेट्रोल पंप कर्मियों से सूचना मिलने पर एंबुलेंस पहुंची। घायल रवि को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने रवि को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### बच्चों में हुए विवाद के बाद पथराव, पिता पुत्र घायल

**संभल, अमृत विचार** :नखासा थाना क्षेत्र में रात को हुए बच्चों के विवाद के बाद सुबह को सगे भाइयों ने बेटे व बेटी के साथ मिलकर दूसरे पक्ष के घर पर पथराव कर दिया। जिसमें पिता पुत्र घायल हो गए। तहरीर मिलने पर पुलिस ने घायल पिता पुत्र का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया। थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर सराय निवासी सोराज के बच्चों का मंगलवार की देर रात परिवार के ही करतार के बच्चों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उस समय तो मुहल्ले के लोगों ने समझा बुझाकर दोनों को शांत करा दिया। आरोप है कि बुधवार की सुबह करतार रात में हुए विवाद को लेकर अपने भाई, बेटे व बेटी के साथ मिलकर सोराज के घर पहुंचा और गाली गलौज करते हुए पथराव करने लगा। जिसमें सोराज व उसका पिता सुखीराम घायल हो गया। जिसके बाद घायल पिता पुत्र थाने आ गए। तहरीर मिलने पर पुलिस ने सोराज व सुखीराम का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया।

### नशे में दोस्त की पत्नी से की छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार** : कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव रोरादीप निवासी विरलेश बुधवार को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अपने दोस्त के पड़ोसी के यहां तेरहवीं की दावत खाने गया था। आरोप है कि विरलेश ने अपने दोस्त के साथ अधिक शराब पी। जिससे विरलेश को नशा अधिक हो गया और दोस्त की पत्नी के साथ नशे की हालत में छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर विरलेश भाग गया। जिसके बाद देर शाम दंपति थाने पहुंचा और तहरीर दी। पुलिस में विरलेश के खिलाफ छेड़छाड़ के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

### किसान के साथ भाइयों ने की मारपीट

**संभल अमृत विचार** : कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर निवासी जगपाल ने बुधवार की देर शाम छह बजे थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि गांव के ही सगे तीन भाई पांच बजे खेत में खड़ी गेहूं फसल के बीच से फसल की सिंचाई करने के लिए पाइप लाइन डाल रहे थे। आरोप है कि जगपाल ने विरोध किया तो सगे भाई मिलकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। सिर में डंडा लगने से जगपाल घायल हो गया। जिसके बाद सगे भाई धमकी देते हुए मौके से भाग गए।

### चाकू के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**संभल/जुनावई अमृत विचार** : जुनावई थाना क्षेत्र के गांव रिबाड़ा मोड़ मंदिर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और चाकू बरामद कर संदिग्ध को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर संदिग्ध ने अपना नाम थाना क्षेत्र के गांव पुशावली निवासी रियासुद्दीन बताया। जिसके बाद पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर रियासुद्दीन का चालान कर दिया।

### छत से गिरकर दो वर्षीय बच्ची घायल

**संभल/ओबरी अमृत विचार** : असमोली थाना क्षेत्र के गांव मदाला निवासी फाजिल की 2 वर्षीय पुत्री असमीरा बुधवार को दादी के साथ जीने से होकर छत पर जा रही थी। असमीरा जैसे ही छत पर पहुंची अचानक से फिसलकर सीढ़ियों से नीचे गिरकर घायल हो गई। जिसके बाद परिजन आनन फानन में असमीरा को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और असमीरा का डॉक्टर से उपचार कराया।

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**संभल अमृत विचार** : नखासा थाना क्षेत्र के गांव सुजातपुर निवासी विजयपाल न्यायालय में चल रहे मामले में पैरवी नहीं कर रहा था। न्यायालय ने वारंट जारी कर विजयपाल को गिरफ्तार करने का निर्देश पुलिस को दिया। बुधवार को सूचना मिलने पर पुलिस विजयपाल के घर पहुंची और उसे गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

### चोरी के मामले में वांछित को दबोचा

**चन्दौसी, अमृत विचार** : जीआरपी ने पिछले कई वर्षों से चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गुरुवार को बनियाठेर थाना क्षेत्र के गुमथल रेलवे क्रासिंग से गिरफ्तार कर लिया। जीआरपी प्रभारी राजदेव पूनिया ने बताया कि गुरुवार की सुबह मुखबिर ने सूचना दी कि चोरी के मामले में वांछित चल रहा आरोपी गुमथल रेलवे क्रासिंग पर खड़ा होकर कही जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंच गई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम मनोज कुमार निवासी ग्राम गुमथल थाना बनियाठेर बताया। बताया कि आरोपी ने 2011 में ट्रेन में आईटीबीपी के जवान का बैग चोरी कर लिया था। घटना की रिपोर्ट जीआरपी में दर्ज कराई गई थी।

## एक नजर

### दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल

संभल/जुनावई अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र में दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। थाना क्षेत्र में जनता इंटर कॉलेज के पास कट पर गुरुवार को गांव बिलासपुर निवासी धर्मपाल पुत्र शंकर सिंह की बाइक जनपद बदायूं के जरीफनगर निवासी आराम सिंह की बाइक से टकरा गई। हादसे में धर्मपाल के अलावा दूसरी बाइक पर सवार आराम सिंह की पत्नी छोटी और पुत्रवधू कविता घायल हो गई। राहगीरों ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

### मारपीट मामले में आरोपी को एक वर्ष की सजा

चन्दौसी, अमृत विचार : न्यायालय एडीजे एससी/एसटी एक्ट संभल स्थित चन्दौसी ने गुरुवार को मारपीट के मामले में एक आरोपी को एक वर्ष के कठोर कारावास व एक हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। मामला वर्ष 2017 का है। थाना गुन्नौर पुलिस ने बल्लू शर्मा पुत्र चोखे लाल निवासी बाघउ थाना गुन्नौर के खिलाफ मुकदमा 323, 324, 506 आईपीसी व 3(1) एससी/एसटी एक्ट के तहत पंजीकृत किया था। अदालत ने आरोपी बल्लू शर्मा को एक वर्ष के कठोर कारावास व एक हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। सजा कराने में एडीजीसी शालिनी का योगदान रहा।

### नाबालिग को बहला फुसला कर ले गए युवक

चन्दौसी, अमृत विचार : थाना बनियाठेर क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी को एक युवक बहला फुसला कर भगा ले गया। पीड़ित मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने पति व दो बच्चों के साथ उत्तराखण्ड में किराए के मकान में रह कर मजदूरी करती है। उसकी 16 वर्षीय बड़ी बेटी जेठ के पास रह कर कक्षा सात की पढ़ाई कर रही थी। जेठ ही बेटी की पढ़ाई का खर्चा कर रहे थे। 19 फरवरी की रात किसी समय एक युवक उसकी बेटी को बहला फुसला कर ले गया। उसने काफी तलाश किया लेकिन बेटी का सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी सनी निवासी मोहल्ला हाथी खाना कस्बा नरौली थाना बनियाठेर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# ढाई हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने छोड़ी हिंदी की परीक्षा

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हाईस्कूल के 24644 इंटरमीडिएट के 20936 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

संवाददाता,बहजोई/संभल


श्री जीसुखराम यादव इंटर कॉलेज में परीक्षा के बाद बाहर आती छात्राएं। ● अमृत विचार

अमृत विचार:कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा 77 परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न हुई। प्रथम पाली में हाईस्कूल की हिंदी विषय की परीक्षा में 25860 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 24172 ने परीक्षा दी। जबकि 1688 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। वहीं द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की हिंदी विषय की परीक्षा में इंटरमीडिएट के 21407 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 20348 परीक्षा देने पहुंचे। जबकि 1059 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे।

बोर्ड परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों पर उत्साह के साथ परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंच रहे थे। उन्हें सघन तलाशी के बाद कक्ष में प्रवेश दिया गया। जहां पर परीक्षा देने परीक्षार्थी पहुंचे। प्रथम पाली में हाई स्कूल की हिंदी विषय की परीक्षा में 25807 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 24172 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वही इंटरमीडिएट की सैन्य विज्ञान परीक्षा में 125 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 116 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की हिंदी विषय की परीक्षा में 21407 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 20348 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 1059 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। हाई स्कूल के कॉमर्स विषय की परीक्षा में 487 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 472 ने परीक्षा दी। पहले दिन नकल विहीन परीक्षा कराने को लेकर सचल दल, जोनल मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने औचक निरीक्षण किया। डीआईओएस बेदराम ने सभी केंद्रों पर परीक्षा नकल विहीन होने का दावा किया है।

### सीसीटीवी कैमरों से हो रही निगरानी

बहजोई, अमृत विचार : नकल पर नकेल कसने को लेकर सभी परीक्षा केंद्रों को वायस रिकॉर्डिंग के साथ सीसीटीवी कैमरा से लैस किया गया था। जिसका कंट्रोल रूम डीआईओएस दफ्तर पर बनाया गया था। जहां पर बैठे कर्मचारियों ने परीक्षा के समय पूरी तरह से सीसीटीवी कैमरा से निगरानी रखी।

### पहला दिन

▶▶ नकल विहीन परीक्षा कराने को लेकर सचल दलों ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

"जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा नकल विहीन व शांतिपूर्ण संपन्न हुई है। परीक्षा को नकल विहीन करने को लेकर जहां सचल दल ने औचक निरीक्षण किया तो वह भी कई परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। सभी केंद्रों पर नकल विहीन परीक्षा कराने को लेकर कड़ी निर्देश जारी किए गए थे।
- बेदराम, डीआईओएस

# 90 छात्राओं को बांटे स्मार्ट फोन


कॉलेज में स्मार्ट फोन के साथ छात्राएं व अतिथि। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▶▶ ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुगंधा मुख्य अतिथि और एसडीएम नीतू रानी रहीं विशिष्ट अतिथि

अमृत विचार: स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत एनकेबीएमजी कॉलेज में छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बनियाखेड़ा डॉ. सुगंधा सिंह, विशिष्ट अतिथि एसडीएम नीतू रानी ने संयुक्त रुप मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। प्राचार्या डॉ. अलका रानी अग्रवाल, प्रबंध समिति सदस्य पंकज शर्मा, संगीता भार्गव व नोडल अधिकारी अमनदीप कौर ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद बीएससी तृतीय वर्ष की 90 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। मुख्य अतिथि ने कहा कि असफलता से घबराना नहीं चाहिए बल्कि जीवन की असफलताओं का सामना कर उससे सीख लेनी चाहिए। एसडीएम ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप जिस क्षेत्र में जाना चाहते हैं उसी क्षेत्र में कठिन परिश्रम करें। सफलता अवश्य मिलेगी। संचालन डॉ. प्रीति देवी तथा संयोजन अमनदीप कौर ने किया। इस अवसर पर डॉ. भावना विष्ट, डॉ. बबिता आदि रहीं।

# कड़ी सुरक्षा में यूपी बोर्ड परीक्षाएं शुरू

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


एसएम इंटर कॉलेज से बोर्ड की परीक्षा देकर आते छात्र। ● अमृत विचार

अमृत विचार: कड़ी सुरक्षा के बीच यूपी बोर्ड की परीक्षा शुरू हो गई हैं। परीक्षा के पहले दिन बीएमजी इंटर कॉलेज में माध्यमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने पहुंचकर परीक्षा देने पहुंची छात्राओं का तिलक किया। गुरुवार को पहली पाली में जब छात्राएं बीएमजी इंटर कॉलेज में हिंदी की परीक्षा देने पहुंची तो उनका स्वागत धूमधाम से किया गया। राज्यमंत्री गुलाब देवी ने पहुंच छात्राओं से वार्ता की। उन्हें परीक्षा ध्यान पूर्वक देने की बात कही। इसके बाद उनके माथे पर तिलक कर कक्षाओं में भेजा। एसएम इंटर कॉलेज सहित अन्य विद्यालयों का भी राज्यमंत्री ने निरीक्षण कर परीक्षा का जायजा लिया।

गुरुवार को पहली पाली में हाईस्कूल की हिंदी की परीक्षा हुई। जबकि दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की सामान्य हिंदी, साहित्यक हिंदी व हाईस्कूल की वाणिज्य विषय की परीक्षा हुई। परीक्षाओं के दौरान काफी सतर्कता बरती गई। गुरुवार को शहर के इंटर कॉलेजों में परीक्षा देने पहुंचे छात्र-छात्राओं की विद्यालय के गेट पर तलाशी ली गई। इसके बाद उन्हें कक्षाओं में प्रवेश दिया गया।

▶▶ राज्यमंत्री ने छात्राओं का किया तिलक


"प्रश्न पत्र मिलने से पहले काफी घबराहट हो रही थी कि क्या होगा। मगर जैसे ही प्रश्न पत्र मिला, सारी घबराहट दूर हो गई। -अतुलेत शर्मा


"हिंदी का पेपर अच्छा होने पर खुशी महसूस हो रही है। जिससे अगले पेपर की तैयारी करने में कोई परेशानी उत्पन्न नहीं होगी। -जयकांत गिरी


"हिंदी का पेपर बेहद ही आसान आया था। प्रश्न पत्र में पूछे गए सभी प्रश्नों के जवाब आते थे। हल करने में परेशानी नहीं हुई। पेपर अच्छा होने से खुश हूं। -सोनू

## सार-संक्षेप


डिप्टी कलेक्टर विनय कुमार मिश्रा को ज्ञापन देते सछास के कार्यकर्ता।

### पेपर लीक घटनाओं पर रोक के लिए हो कड़ी कार्रवाई

बहजोई, अमृत विचार : समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारी ने उत्तर प्रदेश में हुई पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा पेपर लीक होने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। पेपर लीक की जांच कर कर ऐसी घटनाओं को रोकने की मांग उठाई।राष्ट्रीय सचिव मुकुल यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। जहां उन्होंने डिप्टी कलेक्टर विनय कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर कहा कि आई उत्तर प्रदेश में छात्रों के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में डेढ़ दर्जन से ज्यादा पेपर लीक होने की घटनाएं प्रकाश में आ चुकी हैं। 17 फरवरी को दूसरी शिफ्ट में आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में सोशल मीडिया द्वारा यूजर्स पेपर लीक होने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेपर लीक मामले की जांच कर कर प्रभावी कदम उठाए जाएं। इस दौरान सोहेल खान, शिवम यादव, कृष्ण मुरारी शंखधार, चेतन गुप्ता, सद्दाम कुरैशी, अंश गुप्ता, ज्वाला प्रसाद, सचिन कुमार, निसार अहमद आदि मौजूद रहे।

### संत गाडगे की जयंती पर कार्यक्रम को जिम्मेदारी सौंपी

चन्दौसी, अमृत विचार : गुरुवार को दिवाकर (धोबी) समाज की एक बैठक संत गाडगे पार्क आवास विकास पर आयोजित की गई। जिसमें 23 फरवरी को स्वच्छता के जनक संत गाडगे महाराज की 149वीं जयंती हर वर्ष की भांति संत गाडगे पार्क निकट मनोकामना इंटर कॉलेज के सामने आवास विकास में दोपहर दो बजे से मनाने का निर्णय लिया गया। जयंती कार्यक्रम को धूमधाम से मनाने के लिए एक दूसरे को जिम्मेदारी सौंपी। साथ ही अधिक से अधिक समाज के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। इस अवसर पर उत्तम चंद दिवाकर, सेवाराम दिवाकर, हरपाल दिवाकर, रोहित दिवाकर, राहुल दिवाकर, श्याम दिवाकर, अनुपम सिंह, सत्यपाल दिवाकर, राजू दिवाकर, रमन दिवाकर, राहुल राय, संजू दिवाकर आदि उपस्थित रहे।

### कोर्ट के आदेश पर सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

चन्दौसी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला ने अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोप में चार नामजद सहित सात लोगों के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। 38 वर्षीय महिला ने बताया कि 26 जून 2023 को उनके भांजे की पत्नी जनपद बदायूं के बिसौली से आई और बाजार से कपड़े खरीदने की बात कहकर ले गई। उक्त महिला ने पीड़िता से कहा कि उसके कुछ रिश्तेदार आ रहे हैं और उन्हें भी बाजार से खरीदारी करनी है। पीड़िता होमगार्ड शौकत अली निवासी शरूपपुर थाना उघैती जनपद बदायूं की गाड़ी में बैठ गई। वह उसे बिसौली ले गया। जब महिला ने भांजे की पत्नी से कहा कि उसे घर जाना है तो उसने कहा कि हमने तुझे होमगार्ड के हाथों बेच दिया है। इन लोगों ने उसे कमरे में बंद कर दिया और उसके साथ दस दिन तक सामूहिक दुष्कर्म किया। तीन जुलाई 2023 को महिला मौका पाकर वहां से निकल आई और अपने घर आकर पति को घटना की जानकारी दी। महिला ने आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है। मगर सुनवाई नहीं होने पर एसपी को प्रार्थना पत्र दिया। यहां भी सुनवाई नहीं हुई तो महिला ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने होमगार्ड शौकत अली, भांजे की पत्नी, लियाकत निवासी रुदायन थाना कैला देवी जनपद संभल, महबूब मोहल्ला लक्ष्मण गंज तथा तीन अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।


बैडन पावेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करतीं प्राचार्या अलका रानी। ● अमृत विचार

### स्काउटिंग के जनक बैडन पावेल का जन्मदिन मनाया

चन्दौसी, अमृत विचार : एनकेबीएमजी कॉलेज में स्काउटिंग के जनक व विश्व के मुख्य मार्ग दर्शक स्टीफेंस स्थिम बैडन पावेल व उनकी पत्नी ओलवे लेडी बैडन पावेल के जन्मदिन को रेंजर्स स्थापना दिवस के रूप में मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल ने उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। प्राचार्य ने कहा कि बैडन पावेल ने स्काउट की स्थापना की थी। जिससे आज इंटर तक के विद्यालय में स्काउट गाइड व महाविद्यालयों में रोबर्स-रेंजर्स के रूप में स्थापित किया गया है। इनके तहत विद्यालय व महाविद्यालयों में प्रत्येक वर्ष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। अंत में छात्राओं को उनके मार्ग पर चलने की शपथ ग्रहण कराई गई। इसके बाद छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव, डॉ. मनीषा अग्रवाल, डॉ. इमराना, मीनू भारती तथा छात्राओं में ज्योति, ईशा रस्तोगी, कोमल, समीक्षा, संजना, फरहीन आदि मौजूद रहीं।

### कादराबाद में आज निकलेगी राम बरात

संभल/जुनावई अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र के गांव कादराबाद में शुक्रवार को राम बरात निकाली जाएगी। जिसके लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। गांव कादराबाद में पिछले शुक्रवार को बिना अनुमति के निकाली जा रही राम बरात को पुलिस प्रशासन ने रुकवा दिया था। जिसके बाद एसडीएम ने 23 फरवरी को राम बरात निकालने की अनुमति दी थी। जिसके तहत शुक्रवार को राम बरात निकाली जाएगी। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि डेढ़ सेक्शन पीएसी, 40 सिपाही की तैनाती की गई है।


अधिकारियों को निर्देश देते सीडीओ भारत कुमार मिश्रा। ● अमृत विचार

### निर्माण योजनाओं को समय से पूरा करें अधिकारी

बहजोई, अमृत विचार :सीडीओ ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। सीडीओ ने अधिकारियों को सभी निर्माण की योजनाओं को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सीडीओ भारत कुमार मिश्रा ने जनपद में चल रही निर्माण कार्यों की योजनाओं की विभाग बार समीक्षा की। जिसमें जिला अर्थ व सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार ने निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति से सीडीओ को अवगत कराया। जिसमें हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं आरईडी विभाग द्वारा बनाए जा रहे प्राथमिक विद्यालयों व लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे प्राथमिक विद्यालयों के निर्माण को लेकर जानकारी की। ओडीआर एमडीआर व नई सड़क, ग्राम सड़क योजना के द्वारा कराई जा रहे निर्माण कार्यों, सेतु निर्माण को लेकर सीडीओ जानकारी करते हुए निर्माण की योजना को समय से पूरा कराए जाने के निर्देश दिए। सीडीओ जल निगम ग्रामीण द्वारा बनाई जा रही है। परियोजनाओं को लेकर जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। उनको हैंडओवर की प्रक्रिया में लाया जाए।


बनियाठेर के गांव अकरौली में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# श्रीरामकथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

कार्यालय संवाददाता, बनियाठेर/चन्दौसी

▶▶ बनियाठेर के गांव अकरौली में सात दिवसीय श्रीरामकथा का आयोजन

अमृत विचार: बनियाठेर के गांव अकरौली में शुक्रवार से सात दिवसीय श्रीरामकथा का आयोजन किया जा रहा है। रामकथा के आयोजन से पूर्व गुरुवार को बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। भजन कीर्तन किया गया। रामकथा प्रतिदिन दोपहर दो बजे से अपराह्न चार बजे तक होगी।

गुरुवार को कथा स्थल से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। वहीं कीर्तन मंडली भजन गाती चल रही थी। कलश यात्रा का पुष्प वर्षा से जगह-जगह स्वागत किया गया। कलश यात्रा गांव के मुख्य तिराहे व चौराहे समेत आंबेडकर पार्क, प्राचीन काली मंदिर, मुख्य बाजार में स्थित शिव मंदिर एवं शनि मंदिर होते हुए कथा स्थल पहुंच कर संपन्न हुई। कलश यात्रा में शकुंतला, राजरानी, मुन्नी देवी, मीना देवी, सविता, अचला शर्मा, संगीता गुप्ता, कमलेश शर्मा, सावित्री देवी, मनीषा मौर्य, हरिकृष्ण शर्मा समेत तमाम महिलाओं व पुरुषों की भागीदारी रही।

## बोलेरो ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, तीन लोग घायल

संभल/रजपुरा, अमृत विचार :रजपुरा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार मां-बेटा समेत तीन लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी में भर्ती कराया।

थाना क्षेत्र में गवां-बबराला मार्ग पर डीएसएम शुगर मिल के पास तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को टक्कर मारी। हादसे में थाना क्षेत्र के गांव सेमरी निवासी मिथलेश पत्नी हरपाल, प्रेमवती पत्नी राकेश और सुरेंद्र पुत्र राकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद मिथलेश को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया। हादसे के बाद बोलेरो लेकर चालक भाग गया।

# रीडिंग के लिए अब मीटर का फोटो या वीडियो लेना जरुरी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▶▶ गलत बिल मिलने से परेशान रहते थे उपभोक्ता

▶▶ शीघ्र ही बिलिंग बाई मंथ की व्यवस्था शुरू की जाएगी

अमृत विचार: अब विद्युत निगम बिलिंग बाई मंथ की व्यवस्था शुरू करने जा रहा है। जिसके तहत मीटर रीडर घर बैठकर बिल नहीं बना सकेगा। रीडिंग के समय मीटर की वीडियो या फोटो भी रीडर लेना अनिवार्य होगा। इससे विद्युत उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी।

जनपद में साढ़े तीन लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ता हैं। उपभोक्ता अक्सर गड़बड़ रीडिंग के बिल की समस्या से जूझते हैं। उपभोक्ताओं की शिकायत रहती है कि कर्मी अपने मन से रीडिंग दर्ज कर बिल बना देते हैं। ग्रामीण इलाकों में यह समस्या ज्यादा रहती है। विभाग के पास पर्याप्त मीटर रीडर न होना भी खास वजह मानी जा रही है। अब विभाग ने बिल बनाने की समस्या को गंभीरता से लिया है। शीघ्र ही बिलिंग बाई मंथ की व्यवस्था शुरू की जाएगी। जिसमें मीटर रीडर मन मुताबिक रीडिंग फीड नहीं कर सकते। उनको उपभोक्ता के मीटर तक पहुंचना ही होगा और मीटर की रीडिंग, वीडियो या फोटो अपलोड करना होगा। विभाग के एसई विनोद कुमार ने बताया कि रीडिंग के हिसाब से बिजली का बिल बनाने का आदेश रीडरों को दे रखा है। लेकिन कुछ लापरवाही बरत रहे हैं। जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी होती है। अब बिलिंग बाई मंथ की व्यवस्था से उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी।

# अभिभावक बच्चों की रूचि देख कर लें फैसला : डॉ. सुरेखा किशोर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▶▶ जीनियस गर्ल्स स्कूल में कन्या पूजन के साथ प्रवेश आरंभ


पत्रकारों से बात करतीं डॉ. सुरेखा किशोर।

अमृत विचार: कंप्टीशन का दौर चल रहा है। ऐसे में अभिभावकों को भी चाहिए कि बच्चों की रूचि को देख कर ही फैसला लें। बच्चे की रूचि जिस ओर है उसे उसी ओर अग्रसर करें। ये बात भारतीय चिकित्सा परिषद की वरिष्ठ सदस्य डॉ. सुरेखा किशोर ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। वह गुरुवार को नगर के पतरौआ मार्ग पर स्थित नवनिर्मित जीनियस गर्ल्स स्कूल में कन्या पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने आई थीं।

गुरुवार को कन्या पूजन के साथ छात्राओं को विद्यालय में प्रवेश दिया गया। 28 मार्च से शिक्षण कार्य आरंभ होगा। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची भारतीय चिकित्सा परिषद की वरिष्ठ सदस्य डॉ. सुरेखा किशोर ने प्रेस वार्ता के माध्यम से अभिभावकों को आवश्यक संदेश देते हुए कहा कि यदि बच्चे के रूचि इंजीनियर बनने की है तो उसे उसी लाइन में भेजने का प्रयास करें। किसी की होड़ न करें। जबरन बच्चे पर अन्य लाइन में जाने की जिम्मेदारी ना थोपें। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि एसडीएम नीतू रानी ने भी अभिभावकों और छात्राओं का मार्गदर्शन किया। चेयरमैन पवन कुमार गुप्ता व निदेशक सुनील मिश्र ने कहा कि विद्यालय में शिक्षक से लेकर गार्ड तक महिला स्टाफ होगा। बच्चों को घर से लाने व ले जाने की जिम्मेदारी विद्यालय की होगी।

**समस्या** स्वीकृत होने के बाद भी पालिका नहीं कर रही सड़क का निर्माण

# गुलडेहरा रोड पर जलभराव से लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


चन्दौसी के गुलडेहरा रोड पर फिर होने लगा जलभराव। ● अमृत विचार

अमृत विचार: गुलडेहरा रोड की हालत बहुत खराब है। जलभराव होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टेंडर होने के बाद भी सड़क का निर्माण नहीं होने से लोगों में रोष व्याप्त है। बताया जाता है कि सड़क व नाली का टेंडर होने के बाद नाली के टेंडर में कुछ विवाद हो गया था। जिससे सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया जा सका है। नगर पालिका की ओर से शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू कराने की बात कही जा रही है।

चार वर्षों से गुलडेहरा रोड की सड़क खस्ता हाल है। साथ ही नालियां टूटे होने से पानी सड़क पर भरना शुरू गया है। जिससे आवागमन के दौरान लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसमें सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल के बच्चों के साथ महिलाओं को उठानी पड़ रही है। अक्सर स्कूली बच्चे निकलने के दौरान गंदे पानी में गिरने से चुटैल होने के साथ उनकी ड्रेस खराब हो जाती है। सड़क पर जलभराव होने से पैदल चलने वाले राहगीरों को अधिक परेशानी होती है।

### मिनी बाईपास के रूप में जाना जाता है यह मार्ग

चन्दौसी, अमृत विचार : गुलडेहरा रोड को मिनी बाईपास के रूप में जाना जाता है। प्रमुख मार्ग होने के कारण लोगों का इस पर आवागमन रहता है। लेकिन मार्ग जर्जर होने व जलभराव के कारण आवागमन में परेशानी उठानी पड़ती है। सड़क में जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं।

"गुलडेहरा रोड की सड़क व नाली के टेंडर हो चुके हैं। मगर नाली के टेंडर में कुछ विवाद होने पर कार्य शुरू नहीं कराया जा सका है। शीघ्र ही समाधान होने के बाद कार्य शुरू करा दिया जाएगा।
-केके अग्रवाल, कार्यवाहक ईओ, नगर पालिका

## बेंच से टकराई बाइक दो परीक्षार्थी घायल

संभल, अमृत विचार :सदर कोतवाली क्षेत्र में जामा मस्जिद के पास हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे परीक्षार्थियों की बाइक ओवरटेक करते समय बेंच से टकरा गई। जिसमें दोनों परीक्षार्थी घायल हो गए। परिजनों ने उपचार के लिए परीक्षार्थियों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला देहली दरवाजा निवासी मोहम्मद अदीब व नखासा पुलिस चौकी के पास निवासी अहमद रजा हाईस्कूल के छात्र हैं। मोहम्मद अदीब और अहमद रजा बुधवार को सुबह साढ़े छह बजे बाइक से हाईस्कूल की परीक्षा देने शंकर भूषण शरण इंटर कॉलेज केंद्र आने लगे। जामा मस्जिद के पास किसी वाहन को ओवरटेक करते समय बाइक सड़क किनारे पड़ी बेंच से टकरा गई। जिससे मोहम्मद अदीब व अहमद रजा घायल हो गए। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल मोहम्मद अदीब व अहमद रजा को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

ते पुत्रा ये पितुर्भक्ताः स पिता यस्तु पोषकः।
तन्मित्रं यत्र विश्वासः सा भार्या यत्र निर्वृतिः॥

संतान वही है जो अपने पिता की सेवा करे। पिता वही है जो अपने पूरे परिवार का लालन-पालन करे। मित्र वही है जिस पर विश्वास किया जा सके और पत्नी वही है, जो आपको हमेशा खुश रखे।

## संपादकीय

# नई हरित क्रांति की जरूरत

बढ़ती आबादी के साथ खाद्यान्न की तेज होती मांग और कृषि उत्पादन बढ़ाने का दबाव सरकार पर है। आजादी के समय खाद्य सुरक्षा की समस्या देश को विरासत में मिली थी। पहली हरित क्रांति ने जहां एक तरफ देश को खाद्य सुरक्षा की समस्या से काफी हद तक निजात दिलाई और देश को एक खाद्यान्न आयातक देश से खाद्यान्न निर्यातक देश में बदल दिया परन्तु जैसे-जैसे हरित क्रांति आगे बढ़ती गई, ठीक उसी प्रकार उत्पादकता में ठहराव आता गया। ऐसे में भारत को दालों और खाद्य तेल जैसी कम पानी की खपत वाली फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए द्वितीय हरित क्रांति की शुरुआत करने की जरूरत महसूस की गई। देश में हरित क्रांति की शुरुआत 1966-67 में हुई थी। खाद्यान्न उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने दो वर्ष पहले पूर्वी भारत में ब्रिंगिंग ग्रीन रिवोल्यूशन इन ईस्टर्न इंडिया (बीजीआरईआई) कार्यक्रम शुरू किया था। यह कार्यक्रम सात राज्यों-असम, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चलाया जा रहा है। वर्ष 2000 के आसपास द्वितीय हरित क्रांति की चर्चा शुरू हो गई। 1998 में अटल बिहारी बाजपेयी ने सबसे पहले द्वितीय हरित क्रांति का उल्लेख किया। वर्ष 2000 में घोषित राष्ट्रीय कृषि नीति में भी द्वितीय हरित क्रांति शुरू करने पर बल दिया गया था। 2002 में एपीजे अब्दुल कलाम के राष्ट्रपति बनने पर इसे एक नया आयाम मिला परन्तु मई 2004 में सत्ता परिवर्तन होने पर द्वितीय हरित क्रांति ठंडे बस्ते में चली गई। परन्तु यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में पुनः एक बार द्वितीय हरित क्रांति पर फोकस किया गया और इसकी शुरुआत पूर्वी भारत से हुई जिसे आशा और संभावनाओं दोनों ही दृष्टियों से देखा जा रहा है।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने गुरुवार को कृषि क्षेत्र के लिए मुफ्त बिजली को हतोत्साहित करने की बात कही। जीटीआरआई की रिपोर्ट में कहा गया है, दलहन, तिलहन और सब्जियों जैसी कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा देने की जरूरत है, जो पानी की मांग को काफी कम कर सकती हैं और सरकार इन फसलों पर एमएसपी की गारंटी दे सकती है। ये सिफारिशें महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि कुछ राज्यों में किसान अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं जिसमें फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी शामिल है। ध्यान रहे छठे दशक में हरित क्रांति के दौरान पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश फले-फूले, वहीं दूसरी ओर इन तीनों राज्यों में क्षमता से अधिक दोहन के चलते जल संसाधनों की स्थिति खराब हुई है। हरित क्रांति द्वितीय का स्वागत किया जाना चाहिए, लेकिन हमें कुछ अहम पहलुओं का ध्यान रखना होगा। सावधानी बरतनी होगी कि नई हरित क्रांति हमारे संसाधनों को नुकसान न पहुंचाए, बल्कि उनमें सुधार लाए।

# न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का गणित



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

लागत आयोग के आंकड़ों के अनुसार पंजाब में सी 2+50 प्रतिशत फॉर्मूला लागू करने पर गेहूं की उत्पादन लागत 1503 रुपये प्रति क्विंटल आती है। इसके विपरीत बिहार या पश्चिम बंगाल में गेहूं की उत्पादन लागत क्रमशः 1745 रुपये प्रति क्विंटल और 2003 रुपये आती है।

किसानों के आंदोलन से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का मसला एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। वास्तव में अपनी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य तो किसानों का अधिकार है और यह उसे मिलना ही चाहिए। वस्तुतः एमएसपी किसानों को बाजार के उतार चढ़ाव और व्यापारियों-बिचौलियों के शोषण से बचाने की गारंटी देता है। किसानों ने अपनी खेती में जो भी लागत लगाई है,जैसे बीज, खाद, पेस्टीसाइड,श्रम,खेत का किराया,चाहे अपनी है या किराये की है,उसका उसे प्रतिफल तो मिलना ही चाहिए,परंतु अभी यह उनका अधिकार नहीं है। खेती को जब तक मात्र आजीविका का साधन बनाए रखा जाएगा,तब तक उसे लोग दिल से नहीं अपनाएंगे। ये अलग बात है कि खेती कभी व्हाइट कॉलर जॉब तो नहीं बन सकता,परंतु इसे एक सुरक्षित व्यवसाय के रूप मे परिवर्तित कराना ही सरकार और स्वयं किसानों का उद्देश्य होना चाहिए। यदि सभी किसान सिर्फ अपने और अपने परिवार के खाने के लायक मात्रा में ही खेतों से उत्पादन करने लगेगा तो बाकी तीस-चालीस प्रतिशत जनसंख्या क्या खाएगी? अब प्रश्न यह है कि जब खेती किसानी इतनी महत्वपूर्ण है तो सरकार एमएसपी को एक विधिक दर्जा देकर कानून क्यों नहीं बना देती जिससे जो कोई भी एमएसपी से कम मूल्य पर किसानों की उपज खरीदें तो उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही कराई जा सके,किसानों का शोषण रोका जा सके। वस्तुतः राज्य सरकारों द्वारा निर्गत धान या गेहूं क्रय नीति में पहले से ही उल्लिखित होता है कि किसानों द्वारा लाए गए गेहूं या धान की मंडियों में पहले बोली लगाई जाएगी जिसमें मंडी, सरकारी क्रय केंद्र प्रभारी, आढ़तिया और किसान उपस्थित रहेंगे। यदि एफएक्यू (फेयर एवरेज क्वालिटी) धान/गेहूं की बोली न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम लगती है तो इसे सरकारी क्रय केंद्रों पर खरीदा जाएगा और किसानों को एमएसपी प्रदान किया जाएगा। इतना ही नहीं एमएसपी से कम विकने पर उसे डिस्ट्रेस सेल मानते हुए संबंधित सरकारी कर्मचारियों/व्यापारियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही भी की जाएगी। स्पष्ट है कि सरकार इसके लिए पहले से ही कृत संकल्पित है, सिर्फ इसका कड़ाई से अनुपालन कराना वांछित है।

सभी किसानों को एमएसपी का लाभ नहीं मिल पाने में एक बड़ी बाधा एफएक्यू अर्थात् फेयर एवरेज क्वालिटी और खाद्यान्न की निर्धारित गुण विर्निष्टियों के अंतर्गत खरीद है। हालांकि सभी क्रय केंद्रों पर किसानों की उपज को मानक के अनुसार बनाने के लिए साफ सफाई हेतु उपकरण उपलब्ध हैं, परंतु मानक के अनुसार बनाना टेढ़ी खीर है।

एमएसपी एक प्रकार से किसानों को उनकी फसल बिक्री के लिए गारंटीशुदा कीमत है। भारत सरकार ने किसानों की फसलों को उनका उचित मूल्य प्रदान करने के उद्देश्य से वर्ष 1965 में कृषि मूल्य आयोग का गठन किया था, जिसे सन् 1985 में कृषि मूल्य और लागत आयोग बना दिया गया। इस आयोग की अनुशंसा पर पहली बार 1966-67 में धान और गेहूं के एमएसपी की घोषणा की गई थी। यह आयोग किसी भी फसल की लागत से कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर फसलों की एमएसपी तय करता है यानि किसानों को जो लागत आती है, उस पर कम से कम 50 प्रतिशत लाभ जोड़कर एमएसपी तय की जाती है। एमएसपी कीमत निर्धारित करने से पूर्व फसल की मांग और आपूर्ति, उत्पादन की लागत, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कीमत, अंतरिक फसल कीमत मानक, कृषि और गैर कृषि के बीच व्यापार की शर्तें, फसल कीमत से उपभोक्ता पर संभावित प्रभावों का आंकलन करती है, परंतु सरकार इसे मानने के लिए कानूनी रूप से बाध्य नहीं है और यही किसानों का भय है कि सरकार कभी भी फसल की एमएसपी दर घटा या बढ़ा सकती है या हटा भी सकती है। किसानों की मांग है कि संसद को एमएसपी पर एक कानून बनाना चाहिए ताकि कोई भी व्यापारी किसानों की फसल को एक निश्चित दर से नीचे न खरीद सके और ऐसा करने वाले को दंडित किया जाना चाहिए और किसानों को फसल बोने से पहले सूचित किया जाना चाहिए कि उनकी फसल किस दर पर बेची जाएगी। एक रिपोर्ट के अनुसार देश में केवल छह प्रतिशत किसानों को उनकी फसलों के लिए एमएसपी मिल पाता है और यह सोचनीय स्थिति है। अतः प्रथम उद्देश्य यह होना चाहिए कि इसका विस्तार अधिकतम किसानों तक हो और अधिकतम किसान इसका लाभ उठाएं। पंजाब और हरियाणा में अधिकांश किसान इस व्यवस्था से लाभान्वित हैं और यही कारण है कि आंदोलन में इन्हीं दो राज्यों के किसानों की बहुलता भी है। अन्य राज्यों में इस योजना के वास्तविक विस्तार होने से किसानों में सुरक्षा और व्यावसायिक दृष्टिकोण से खेती करने की भावना विकसित होगी।

लागत आयोग के आंकड़ों के अनुसार पंजाब में सी 2+50 प्रतिशत फॉर्मूला लागू करने पर गेहूं की उत्पादन लागत 1503 रुपये प्रति क्विंटल आती है। इसके विपरीत बिहार या पश्चिम बंगाल में गेहूं की उत्पादन लागत क्रमशः 1745 रुपये प्रति क्विंटल और 2003 रुपये आती है। इस वर्ष सरकार ने गेहूं की एमएसपी 2275 रुपए प्रति कुंतल घोषित किया है तो स्पष्ट है कि बिहार-पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में एमएसपी इनके लागत मूल्य से कम मिल रहा है और पंजाब-हरियाणा में ज्यादा। स्पष्ट है कि एमएसपी की गारंटी के साथ-साथ खरीद की व्यवस्था को मजबूत बनाना होगा। इसके लिए सरकार को खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ानी होगी, भुगतान की प्रक्रिया को तेज करना होगा और किसानों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और ट्रैकिंग की सुविधा देनी होगी। हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश ने एमएसपी योजना में अपनी खरीद बढ़ाने, अधिकाधिक किसानों तक पहुंचने, त्वरित भुगतान करने और ऑनलाइन पारदर्शी व्यवस्था बनाने में तेजी से प्रगति की है। बायोमेट्रिक पद्धति से खरीद, आधार लिंक और पीएफएमएस प्रक्रिया से भुगतान ने इस योजना का किसानों में विश्वास और विस्तार बढ़ाया है। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भी इस दिशा में प्रगति हुई है।

सभी किसानों को एमएसपी का लाभ नहीं मिल पाने में एक बड़ी बाधा एफएक्यू अर्थात् फेयर एवरेज क्वालिटी और खाद्यान्न की निर्धारित गुण विर्निष्टियों के अंतर्गत खरीद है। हालांकि सभी क्रय केंद्रों पर किसानों की उपज को मानक के अनुसार बनाने के लिए साफ सफाई हेतु उपकरण उपलब्ध हैं,परंतु मानक के अनुसार बनाना टेढ़ी खीर है। यह नियम विश्व खाद्य संगठन और विश्व स्वास्थ्य संगठन के विभिन्न निर्देशों के क्रम में केंद्रीय खाद्य मंत्रालय के अनुमोदन से भारतीय खाद्य निगम निर्धारित करती है कि किस क्वालिटी का धान-गेहूं या अन्य फसल खरीदा जाएगा,जो मानवीय खाने के योग्य हो। पीएफए अर्थात् प्रिवेंशन ऑफ फूड अल्टरेशन के अंतर्गत किसी खाद्य पदार्थ को मानव के खाने हेतु योग्य या अयोग्य घोषित किया जाता है,लेकिन इसके मानकों को जांचने का तरीका अभी तक मैन्युअल हैं,जिसे मशीनीकृत या पारदर्शी बनाने की आवश्यकता है। दूसरा यह कि सरकारी क्रय केंद्रों पर तो यह मानक व्यवस्था लागू कराई जा सकती है,परंतु निजी व्यापारियों के खरीद पर कैसे लगाया जा सकेगा,यह एक गंभीर चुनौती है। बाजार के खरीद का मूल्य बाजार में मांग-आपूर्ति और उनके लाभ पर निर्भर करता है। यदि वो भी सभी क्वालिटी के खाद्यान्न को एमएसपी पर खरीदना शुरू करें तो फाइनल प्रोडक्ट काफी महंगा हो जाएगा और महंगाई काफी बढ़ जाएगी। सरकार लोक कल्याणकारी है और वह घाटा उठाकर या सब्सिडी देकर खराब या मानकों से इतर खाद्यान्न एमएसपी पर खरीद कर मुफ्त में बांट सकती है,परंतु निजी आढ़तियों से हम इसकी अपेक्षा नहीं कर सकते। अब सरकार खरीद के लिए मानक निर्धारित न करें तो क्या करें? मार्केट में अच्छे-बुरे सभी सामान का उसकी गुणवत्ता के आधार पर मूल्य निर्धारित होता है तो क्या इसी मानक के आधार पर किसानों से खरीद में भी मूल्य तय किए जाएं? तराई क्षेत्रों में शुरुआत में धान में अत्यधिक नमी के कारण सरकारी मानक के अंतर्गत न आने के चलते उन्हें मजबूरी में आढ़तियों के हाथों कम दामों में बेचना पड़ता है। किसानों का ये मानना है कि सरकार यदि नमी की मात्रा के आधार पर मूल्य तय कर ले तो किसानों को लाभ मिल जाए,लेकिन क्या ज्यादा नमी वाले खाद्यान्न को ज्यादा दिनों तक एफसीआई के मानकों के अंतर्गत संरक्षित रखा जा सकेगा? आज सरकार उतनी ही मात्रा में खरीद का लक्ष्य रखती है, जो वह सार्वजनिक वितरण प्रणाली मे वितरित करती है और एक निश्चित मात्रा आपातकाल के लिए बफर गोदाम मे संरक्षित करती है। इससे अधिक खरीदकर उसे भंडारित और संरक्षित करना भी एक दुरुह कार्य है।

## प्रसंगवश

# स्वच्छता आंदोलन के महामानव



भारतीय सामाजिक परिवर्तन का केंद्र रहे महाराष्ट्र से अनेक ऐसी विभूतियों ने जन्म लिया है,जिन्होंने अपने जीवन दर्शन से समूची मानवता को संदेश दिया है। अठारवीं शताब्दी में जन्मे देश के नायक महात्मा गांधी और बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के साथ ही बाबा गाडगे का जन्म हुआ। भारत में स्वच्छता को आंदोलन के रूप में प्रेरित करने वाले महान संत गाडगे को स्वच्छता आंदोलन का जनक कहा जाता है। महाराष्ट्र के अमरावती जिले के अकोला में पैदा हुए संत गाडगे धोबी समाज से जुड़े थे। युवावस्था में ही अंधविश्वास,रूढ़ियों और मूर्ति पूजा के विरोध में उन्होंने जन जागरुकता शुरू की। उनके पास एक मिट्टी के मटके जैसा पात्र था इसी में वे खाना-पीना खाते थे। महाराष्ट्र में मटके के टुकड़े को गाडगा कहते हैं यही उनका प्रचलित नाम बन गया।



मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

संत गाडगे गांव-गांव घूमकर दलित और गरीब बस्तियों में लोगों को कीर्तन के माध्यम से शिक्षा पर जोर देने के लिए प्रेरित करते थे। कीर्तन में उनके प्रमुख संदेश थे मेरी जहां मृत्यु हो जाए वहीं मेरा अंतिम संस्कार कर देना, मेरी मूर्ति, मेरी समाधि,मेरा स्मारक,मंदिर नहीं बनाना,मैंने जो कार्य किया है वही मेरा सच्चा स्मारक है। पैसे की तंगी हो तो खाने के बर्तन बेच दो,लेकिन अपने बच्चों की शिक्षा के बिना मत रखो। संत गाडगे के समय का तत्कालीन भारतीय समाज जहां एक ओर जातीय जकड़न और शोषण का शिकार था, वहीं दूसरी ओर आदर्शवादी बातें एवं सम्मान पर भी कुछ समूहों का वर्चस्व था। ऐसे में अपनी सादगी, वैचारिकी और समाज के एक बड़े उपेक्षित समूह का जीवन स्तर बेहतर करने की प्रतिबद्धता के लिए पूरा जीवन समर्पित कर देना अकल्पनीय है। संत गाडगे का जीवन दर्शन समाज कल्याण एवं परोपकार का जीवंत उदाहरण है। वंचित समाज में उनकी लोकप्रियता और प्रभाव का सम्मान करते हुए सामाजिक परिवर्तन के अनेक मुद्दों पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर उनके अनुभव के आधार पर नीतियां बनाते थे।

आज जहां पूरी दुनिया में साफ-सफाई को लेकर व्यापक अभियान चलाने पर उसका अपेक्षित परिणाम नहीं निकल पा रहा है। ऐसे में संत गाडगे के स्वच्छता आंदोलन विषयक अभियान का संदेश बेहद प्रासंगिक है। उन्होंने हमेशा इस बात पर जोर दिया कि साफ-सफाई के कार्य को किसी जाति विशेष से जोड़कर अपमानित नहीं करना चाहिए,बल्कि जो लोग इस कार्य को करते हैं उनका सार्वजनिक अभिनंदन किया जाना चाहिए। सफाई से जुड़े समूहों के प्रति समाज के कुलीन वर्ग द्वारा किए जाने वाले तिरस्कार के संत गाडगे बेहद खिलाफ थे। यही भेदभाव और अपमानजनक व्यवहार के कारण वे धार्मिक पाखंड और कुरीतियों पर हमला करते रहते थे।

जीवन के अंतिम समय में संत गाडगे की ख्याति महाराष्ट्र से पूरे भारत में फैलने लगी थी। पूरे देश में गाडगे बाबा के जीवित रहते अनेक संस्थाओं ने उनके विचार पर कार्य करना शुरू कर दिया था। 1956 में 6 दिसंबर को बाबा साहब के महापरिनिर्वाण होने पर संत गाडगे बेहद दुखी हो गए। इस घटना से वह व्यथित हुए उसी शोक में बीमार होने के कारण उसी दिसंबर के महीने में 20 तारीख को उनका भी देहावसान हो गया,लेकिन जीवनभर जिस विचार को उन्होंने फैलाया वह आज भी पूरी प्रखरता से गतिमान है। उनकी विशिष्ट सेवाओं का सम्मान करते हुए अमरावती में संत गाडगे बाबा अमरावती यूनिवर्सिटी नाम दिया गया। साथ ही उनके नाम पर अनेक सम्मान/पुरस्कार भी घोषित है।

आजादी के पचहत्तर साल बाद भी सामाजिक संरचना में बड़ा बदलाव नहीं हो पाया है। स्वच्छता को आज भी एक वर्ग विशेष से जोड़कर देखा जा रहा है। यह सभ्य समाज के लिए उचित नहीं है। लोकतांत्रिक समाज में प्रत्येक नागरिक को गरिमापूर्ण जीवन जीने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। साथ ही समानता और बंधुत्व इसके मूल में है। इन सभी लक्ष्यों को संत गाडगे के बताए रास्ते पर चलकर पाया जा सकता है। 23 फरवरी उनकी जयंती है उस महामानव संत गाडगे को स्मरण करने का दिन है जिन्होंने स्वच्छता के संदेश के माध्यम से हमें मनुष्य बने रहने के बुनियादी सिद्धांतों से परिचय कराया।

# सनातन परंपरा के संवाहक संत रविदास



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

भक्त रैदास की ख्याति दूर-दूर तक फैल रही थी तभी चित्तौड़ के मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए राणा ने भक्त रैदास को बुलाया। अनेक ब्राह्मणों द्वारा विरोध करने के बावजूद राणा ने संत रैदास का सम्मान किया, पादपूजा की।

रविदास ऐसे संत कवि थे जिनके भीतर पल-पल परमात्मा को पाने की भारी तड़प थी। बाहरी जीवन के बजाय भीतरी यात्रा में सतत् सावधान महात्मा रविदास ने 'प्रभुजी तुम चंदन हम पानी,जाके अंग अंग बास समानी' की रट लगा वैष्णव भक्ति धारा का अप्रतिम प्रसार किया। संसार में रहते हुए भी विराग को जीवन बनाकर संत रैदास ने भक्तिभाव की ऐसी अलख जगाई,जो सदियां बीत जाने के बाद आज भी असंख्य लोगों के लिए आकर्षण एवं प्रेरणा का केंद्र बनी हुई है।

पंचगंगा घाट के प्रसिद्ध संत स्वामी रामानंद का शिष्य बनने की इच्छा भक्त रैदास के मन में जागी तो स्वामी रामानंद ने इसे तुरंत स्वीकार कर लिया। भक्त रैदास ने कहा हम चमार हैं तो स्वामी रामानंद ने कहा, प्रभु के यहां कोई छोटा-बड़ा नहीं होता। स्वामी रामानंद ने रैदास को प्रभु राम की भक्ति करने तथा भजन लिखने का आग्रह किया। भक्तिभाव से पद लिखना भक्तों के मध्य गाना,किंतु जूते बनाने का अपना व्यवसाय भी करते रहना, यही उनकी दिनचर्या हो गई।

भक्त रैदास कहते हैं कि सभी का प्रभु एक है तो यह जातिभेद जन्म से क्यों आ गया? यह मिथ्या है-'जाति एक जामें एकहि चिन्हा, देह अवयव कोई नहीं भिन्ना।/ कर्म प्रधान ऋषि-मुनि गावें,यथा कर्म फल तैसहि पावें। जीव वै जाति वरन कुल नाहीं, जाति भेद है जग मूरखाई।/ नीति-स्मृति-शास्त्र सब गावें,जाति भेद शठ मूढ़ बतावें।/संतन के मन होत है,सब के हित की बात।/ घट-घट देखें अलख को, पूछें जात न पात।। संत रैदास ने जातिगत भेदभाव की व्यवस्था को अपनी वाणियों में बहुत ही सहज ढंग से व्यक्त किया और लोगों को समझाया कि जन्मना कोई श्रेष्ठ या नीच नहीं होता। उनके विचार से जन्मना कोई ब्राह्मण,क्षत्रिय,वैश्य,शूद्र नहीं है। ऊंची जाति का व्यक्ति वही है जिसके कर्म अच्छे हैं। संत रविदास कहते हैं कि तुम्हारी जाति कोई भी क्यों न हो भगवद्भक्ति सभी का उद्धार करने में सक्षम है।

संत रैदास को जिस जातिगत घृणा से लड़ना है वह हिंदू समाज की अपनी ही हीनता तथा जातिभेद में से उपजी हुई अमानवीय क्रूरता की नियति है। संत रैदास अधम कही जाने वाली जातियों के अंदर पैदा हो रही क्रांतिकारी चेतना के आग्रही-जुझारू तथा स्वाभिमानी पथ-प्रदर्शक बन जाते हैं और अपनी इन जातियों में आत्मसम्मान के लिए भगवद्भक्ति को आधार बनाकर संघर्ष करते हैं। भक्त रैदास ने अपने जीवन में यह सिद्ध कर दिया कि त्याग, समर्पण और भगवद्भक्ति से व्यक्ति ऊंचा उठता-चलता है और फिर उसकी जाति महत्वहीन हो जाती है। भक्त रैदास का भक्तिभाव देखकर काशी नरेश उनके शिष्य बन गए। चित्तौड़ के महाराणा उदय सिंह की पत्नी झाली रानी संत रैदास की शिष्या हो गईं। ऐश्वर्य, शक्तिसंपन्न चित्तौड़ की कुलवधू मेड़तणी मीरा ने भी भक्त रैदास को ही अपना गुरु स्वीकार किया। कृष्णभक्ति में आकंठ डूबी मीरा अनेक प्रकार का विरोध सहन करती हुई भक्त रैदास की शरण में आ गईं। उन्हीं से मीरा ने आशीर्वाद पाया और भक्ति में लीन हो गईं। मीरा और भक्त रैदास का मिलन सगुण और निर्गुण भक्ति धाराओं का मिलन तो है ही साथ ही साथ जातिगत आधार पर भेद मानने वालों को एक सुंदर अनुकरणीय सीख भी है।

भक्त रैदास की ख्याति दूर-दूर तक फैल रही थी तभी चित्तौड़ के मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए राणा ने भक्त रैदास को बुलाया। अनेक ब्राह्मणों द्वारा विरोध करने के बावजूद राणा ने संत रैदास का सम्मान किया,पादपूजा की। भक्त रैदास को संपूर्ण देश में सम्मान मिला तथा उन के 41 पद श्रीगुरुग्रंथ साहिब में प्रतिष्ठा पाए। भक्त रैदास के साथ पूरी चर्मकार जाति भी प्रतिष्ठित हुई। 'रैदास' नाम एक उपाधि की तरह बन गया। हजारों सवर्ण कहे जाने वाले लोग संत रैदास के भक्त हो गए। भक्त रैदास ने ही कहा था कि ''जाति से कोई पद नहीं पहुंचा।

रविदास की भक्ति साधना में भावुकता, विनम्रता और प्रेम की प्रधानता है। आचरण की पवित्रता पर विशेष बल है। संत रविदास गुरु महिमा और सत्संग के समर्थक हैं। वह मानते हैं कि सत्संगति के बिना भगवान के प्रति प्रेम नहीं हो सकता और भगवत्प्रेम के बिना मुक्ति नहीं हो सकती। उनके दर्शन के अनुसार जीव परमात्मा का अंश है। जीव के अंतःकरण में प्राण स्वरूप परमात्मा का निवास है। संसार की नश्वरता और शरीर की क्षणभंगुरता के विषय में रविदास जी कहते हैं कि इहु तनु ऐसा जैसे घास की टाटी/ जलि गइयो घासु रलि गइयो माटी।

## सोशल फोरम

# इतिहास का दुहराव



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

हमारा इतिहास गवाह है कि हमने मुगलों और अंग्रेजों से बहुत सी लड़ाइयां लड़ी। कहीं मराठे,कहीं सिख,कहीं टीपू, कहीं झांसी की रानी तो कहीं बहादुर शाह जफर,सबने अपनी क्षमता भर इनका विरोध किया,लेकिन समस्या यही रही कि हमने कभी एकजुट होकर विरोध नहीं किया। हमारी इसी एक गलती ने हमें 600 साल तक गुलाम बनाए रखा। इस अकेली कमजोरी ने हमारी आजादी को हमसे सालों दूर रखा।

10 मई 1857 को मेरठ से शुरू हुए सैनिक विद्रोह को भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कहा जाता है। मध्य भारत और गंगा के मैदानी इलाकों से आगे ये विद्रोह नहीं बढ़ पाया। इस संग्राम में अगर कहीं पूरे देश ने आहुति दी होती तो शायद हमारी आजादी की तारीख 90 साल पहले आ गई रहती।

हमारे छोटे-छोटे स्वार्थ हमें कभी एक भारतीय के रूप में सोचने ही नहीं देते। हम पहले भी बंटे हुए थे हम आज भी बंटे हुए हैं। मैंने एक कार्टून फिल्म देखी थी। उसमें करीब 30 लोग एक विशाल चट्टान को धक्का देकर हटा रहे हैं। विशाल पत्थर बड़ी मुश्किल से इंच-इंच कर खिसक रहा है। शाम की छुट्टी के बाद सब लोग चले जाते हैं और केवल दस लोग उसे धक्का देने के काम लगे रहते हैं। इस पर एक आदमी पूछता है कि ये क्या हो रहा है तो उसे बताया जाता है कि ये दस लोग ओवरटाइम कर रहे हैं। मेरा ख्याल है कि ओवरटाइम का दिखावा कर फायदा उठाने वाले यहां ज्यादा है। आगे बढ़कर सच में हाथ लगाने वाले कम।

पौराणिक कहानियों में भी एक कहानी है कि देवी दुर्गा का महिषासुर के साथ बहुत बार युद्ध हुआ, लेकिन उसे विजय नहीं मिली। फिर सभी देवताओं ने देवी दुर्गा को अपने अपने शस्त्र दिए। तब जाकर देवी दुर्गा को सफलता मिली।

आज की परिस्थितियां भी कुछ अलग नहीं हैं। आज भी ये राजनीतिक दल अपने-अपने क्षत्रपों की चिंता में ही लगे हुए हैं। ये बंटे हुए लोग हैं। जबकि इन सबका प्रतिद्वंद्वी साझा ही है,लेकिन इसके बावजूद इनके स्वार्थ इन्हें एक नहीं होने दे रहे। ये एक-एक कर मिट जाने को, गुलाम होने को तैयार हैं,लेकिन एक होकर मुकाबला करने को नहीं। इतिहास फिर दोहराया जा रहा है।

-फेसबुक वॉल से

# एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर उत्तर प्रदेश



अनिल कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

आज उत्तर प्रदेश के सभी इलाकों में छोटे-बड़े उद्योग लग रहे हैं। निवेशक प्रदेश के पूर्वांचल, मध्य यूपी और बुंदेलखंड की तरफ भी बढ़ रहे हैं। 10 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं में पूर्वांचल को 29 फीसदी, मध्य यूपी को 14 फीसदी तथा बुंदेलखंड को पांच फीसदी की हिस्सेदारी मिली है।

बदलते भारत का नया उत्तर प्रदेश बनने की राह इतनी आसान नहीं रही है। मानव एवं प्राकृतिक संसाधन की प्रचुरता के बावजूद अगर उत्तर प्रदेश पिछड़ा और गरीब राज्य की श्रेणी में गिना जाता रहा है तो उसका एकमात्र कारण मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव रहा है। वर्ष 2017 से पहले भी उत्तर प्रदेश के पास पर्याप्त भूमि,सर्वाधिक जनसंख्या और भरपूर पूंजी थी,बस कमी थी तो एक ईमानदार शासकीय नीयत की। इसी नीयत के चलते उत्तर प्रदेश प्रचुर संसाधन होने के बावजूद देश की सातवीं अर्थव्यवस्था बनकर पिछड़ेपन और गरीबी का दंश झेलने को मजबूर था।

आज उत्तर प्रदेश के सभी इलाकों में छोटे-बड़े उद्योग लग रहे हैं। निवेशक प्रदेश के पूर्वांचल,मध्य यूपी और बुंदेलखंड की तरफ भी बढ़ रहे हैं। 10 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं में पूर्वांचल को 29 फीसदी,मध्य यूपी को 14 फीसदी तथा बुंदेलखंड को पांच फीसदी की हिस्सेदारी मिली है। यह आगाज है,उम्मीद की जा सकती है कि अंजाम और बेहतर होगा। आर्थिक सुधारों एवं निवेश की बदौलत बीते सात वर्षों में उत्तर प्रदेश बड़ी छलांग लगाते हुए महाराष्ट्र के बाद देश का दूसरा सबसे ज्यादा जीडीपी वाला राज्य बन गया है। उत्तर प्रदेश देश की जीडीपी में 9.2 फीसदी हिस्सेदारी दे रहा है। उत्तर प्रदेश अपनी इकोनॉमी का साइज बढ़ाने के लिए केवल निवेश पर ही खुद को निर्भर नहीं रखना चाहती है। सरकारी तंत्र राज्य के इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत कर रहा है। उत्तर प्रदेश 12 एक्सप्रेस-वे वाला एकलौता राज्य होने जा रहा है। सड़क के साथ राज्य में एयर एवं रेल कनेक्टिविटी का भी तेजी से विस्तार हो रहा है। उत्तर प्रदेश में 21 एयरपोर्ट शीघ्र अपना ऑपरेशन शुरू कर देंगे जिनमें पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट होंगे। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होते ही उत्तर प्रदेश की निर्यात क्षमता में भी वृद्धि होगी। पर्यटन भी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका निभाने को तैयार है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण एवं काशी-मथुरा में देवालयों के जीर्णोद्धार से राज्य में धार्मिक पर्यटन तेजी से बढ़ा है।

बीते साल 32 करोड़ से ज्यादा लोग उत्तर प्रदेश घूमने आए जिनमें काशी, मथुरा और अयोध्या सबसे ऊपर रहा। फिल्म सिटी के निर्माण के बाद फिल्मी गतिविधियां भी उत्तर प्रदेश की तिजोरी को भरने में बड़ा योगदान देंगी। 96 लाख से ज्यादा एमएसएमई प्रोजेक्ट वाला यह राज्य एक ट्रिलियन इकोनॉमी वाला राज्य बन जाए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। उत्तर प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी तेजी से बढ़ा है। 21 एयरपोर्ट संचालित होने जा रहे हैं। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट तथा फिल्म सिटी का निर्माण पूरा होने के बाद उत्तर प्रदेश की तस्वीर और तेजी से बदलेगी। डेडिकेटेड रेल फ्रेट कॉरिडोर के पूरब-पश्चिम और उत्तर-दक्षिण का जंक्शन उत्तर प्रदेश में है। 96 लाख से ज्यादा एमएसएमई प्रोजेक्ट भी इसी यूपी में संचालित हैं।

# न्यायिक निर्णयों के अनुपालन में विलंब



सुधाकर आशावादी
मेरठ

न्यायपालिका यदि जन समस्याओं के समाधान हेतु स्वतः संज्ञान लेकर त्वरित न्याय करना चाहे,तो उसे भला कौन रोक सकता है। अनेक प्रसंगों में न्यायपालिका ऐसा कर भी चुकी है। देश में बड़े-बड़े अराजक प्रदर्शनों में न्यायपालिका अनुशासन के अनुपालन की सलाह भी दे चुकी है,मगर उसके निर्णयों का कितनी गंभीरता से अनुपालन होता है,यह किसी से छिपा नहीं है।

हाईवे पर कृषि उपकरणों को लाया जाना,कृषि उपज को ढोने वाले संसाधनों का सवारी ढोने या राजमार्गों को जाम करने में प्रयोग करना अनुचित बताए जाने पर एवं यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी व्यवस्था का खामोश रहना कहीं न कहीं कानून व्यवस्था की कमजोरी सिद्ध करता है। कौन नहीं जानता कि यदि कानून का अनुपालन सही तरीके से हो जाए,तो अनेक समस्याएं स्वतः ही समाप्त हो सकती हैं। चंडीगढ़ के मेयर पद चुनाव में धांधली पर माननीय उच्चतम न्यायालय का निर्णय संकीर्ण सियासी चालों पर भारी पड़ गया जिससे स्पष्ट हुआ कि न्याय में अंधेर नहीं है। जितने कम समय में यह निर्णय हुआ उससे यह भी संदेश जनमानस को मिला कि यदि देश की न्यायपालिका चाहे तो न्यायालय के निर्णयों का अनुपालन भी अविलंब करा सकती है तथा सरकारी विभागों में उच्च न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालयों के निर्णयों को ठंडे बस्तों में डालने की लापरवाही पर भी कठोर कार्रवाई कर सकती है।

विडंबना यह है कि उत्तर प्रदेश सहित अनेक प्रदेशों में उच्च न्यायालय पुरानी पेंशन व्यवस्था तथा अन्य अनेक मसलों पर निर्णय दे चुका है, किंतु उन निर्णयों के अनुपालन हेतु जिन विभागों पर दायित्व है। वे उन निर्णयों पर समय से उचित कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। वादकारी निर्णयों के अनुपालन हेतु विभागों के चक्कर लगा रहे हैं, फिर भी संबंधित विभाग चुप्पी साधे हुए हैं। क्या ऐसा नहीं हो सकता कि न्याय के पुरोधा इस ओर भी समुचित ध्यान देकर त्वरित न्याय हेतु दिशा निर्देश जारी करके न्यायिक अनुपालन की अवधि भी सुनिश्चित कराने की पहल कर सकें?

## एक नजर

### आठ केंद्रों पर पांच हजार परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**किरतपुर, अमृत विचार :** उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा के लिए ब्लॉक व नगर क्षेत्र में आठ परीक्षा केंद्र बनाये गये। इसमें हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। गुरुवार को आठ परीक्षा केन्द्रों पर हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच हुई। परीक्षा दो पालियों में हुई। दोनों पालियो में हिंदी विषय के लगभग 5000 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी। इस दौरान पुलिस-प्रशासन सतर्क रहा। प्रथम पाली में हाईस्कूल में नगर क्षेत्र में 2480 एवं इंटरमीडिएट में 2260 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

### कड़ी सुरक्षा के बीच यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू

**नहटौर, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई। नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई। गुरुवार को नगर के एचएमआई इंटर कालेज, एसएनएसएम इंटर कालेज, जनता इंटर कालेज आंकू आदि में पहली पाली में हाई स्कूल की परीक्षा प्रातः साढ़े आठ बजे से पौने बारह बजे तक तथा इंटरमीडिएट की दोपहर दो से सवा पांच बजे तक हुई। छात्र-छात्राओं ने हिन्दी प्रथम प्रश्न पत्र की परीक्षा दी। परीक्षा से पूर्व छात्र-छात्राओं की सघन तलाशी ली गई। परीक्षा कक्षों में लगाये गए सीसीटीवी कैमरों से परीक्षार्थियों पर कड़ी नजर रखी गई। परीक्षा केंद्रों पर पुलिसकर्मी भी तैनात रहे।

### फर्नीचर शोरूम में आग से लाखों की क्षति

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** कांग्रेस नेता के शोरूम में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर पाया काबू। जोगिरमपुरी रोड स्थित हिंदुस्तान फर्नीचर फॉर्म स्टील उद्योग शोरूम में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से लाखों का नुकसान हो गया। शोरूम स्वामी कांग्रेस नेता सलाउद्दीन सैफी के अनुसार दोपहर लगभग दो बजे वह अपने पुत्र सहित कारीगरों के साथ मौजूद थे। तभी शॉर्ट सर्किट की वजह से आग गई। आग फैलने के बाद धुंआ निकलते देख उनके हाथ पैर फूल गए। सूचना देने के बाद जब तक अग्निशमन की टीम पहुंची तब तक आधे से ज्यादा सामान जलकर राख हो चुका था।

### रिक्शा चालकों को बांटे जैकेट

**नगीना, अमृत विचार :** नगर पालिका वाटर वर्क्स में जैकेट वितरण कार्यक्रम हुआ। इसमें सामाजिक कार्यकर्ता शेख शाहनवाज खलील ने सैकड़ों रिक्शा चालकों को जैकेट वितरित कीं। ई-रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील के सौजन्य से पालिका के वाटर वर्क्स में आयोजित कार्यक्रम में नगर के ई रिक्शा चालकों को जैकेट वितरित किए। कार्यक्रम में ई-रिक्शा यूनियन के कोषाध्यक्ष व भाजपा नेता बदर मुनीम, मुनीर आलम, यूसुफ अहमद, इसरार सिद्दीकी, हनीफ मुंशी, पप्पू उस्मानी, अय्यूब कुरैशी, नगर पालिका परिषद के ईओ संदीप सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### औचक निरीक्षण में गायब मिलीं महिला चिकित्सक

**चांदपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को उपजिलधिकारी विजय शंकर ने महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ओपीडी में कोई महिला चिकित्सक नहीं मिली। सफाई व्यवस्था भी दुरुस्त नहीं मिली। उपजिलाधिकारी ने बताया कि यहां एक महिला चिकित्सक तैनात करने के लिए प्रयास किया जाएगा। ताकि जनता को सुविधा मिल सके। अस्पताल में काफी कमियां हैं। इस मौके पर एसडीएम के साथ डाक्टर केपी सिंह भी मौजूद रहे।

# अलग-अलग हादसों में पांच लोगों की मौत

## बस से गिरकर गई सहारनपुर के 17 वर्षीय रहमान की जान, जसपुर में काम सीखने आया था

संवाददाता, अफजलगढ़

**अमृत विचार :** अलग-अलग हुए चार सड़क हादसों में सहारनपुर के किशोर समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने पांचों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा है।

पहला हादसा थाना क्षेत्र के मेघपुर मोड़ पर हुआ। गुरुवार की दोपहर काशीपुर से नगीना जा रही निजी बस में सवार होकर सहारनपुर की नाजिम कालोनी निवासी 17 वर्षीय रहमान अपने घर जा रहा था। वह 10 दिन पूर्व ही काम सीखने के लिए उत्तराखंड के जसपुर आया था। मेघपुर मोड़ के निकट वह आचनक बस से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोग उसे आनन-फानन में निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**ट्राली का हिच टूटने से ट्रैक्टर चालक की मौत :** कोतवाली अफजलगढ़ क्षेत्र के गांव चौहड़वाला निवासी 26 वर्षीय शहाबुद्दीन उत्तराखंड के रामनगर में रहकर ट्रैक्टर-ट्राली चलता था। गुरुवार की सुबह वह ट्रैक्टर चला रहा था। तभी ट्राली का हिच टूट गया। इसके टूटते ही वह ट्रैक्टर से उछलकर दूर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने उसे काशीपुर के निजी चिकित्सक के यहां दिखाया। जहां उपचार के दौरान शहाबुद्दीन की मौत हो गई।

### बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** ग्राम सैदपुरी के निकट दो बाइको की टक्कर होने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। बृहस्पतिवार को नांगल-मंडावली मार्ग पर दो बाइकों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इसमें शामली के नयागांव टपराना निवासी सुमित कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि किरतपुर थाना क्षेत्र के गांव सीकरी निवासी शुएेब गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर किया। पुलिस ने दोनों युवकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**नहटौर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में नूरपुर मार्ग पर देर रात ट्रैक्टर और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार की मौत हो गई। अंधेरे का फायदा उठाते हुए चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव गोहावर निवासी 26 वर्षीय परवेज बुधवार देर रात करीब नौ बजे शहर से अपने गांव जा रहा था। गांव महू नांगली के पास नूरपुर की ओर से आ रहे ट्रैक्टर से उसकी बाइक की भिड़ंत हो गई। इसमें परवेज गंभीर रूप से घायल हो गया। अंधेरे का फायदा उठाकर चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस गंभीर रूप से घायल परवेज को सीएससी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने परवेज को मृत घोषित कर दिया। शिनाख्त होने पर पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी और ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया।

### अधेड़ ने जहर खाकर की आत्महत्या

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोटाढाक क्षेत्र में एक व्यक्ति ने विषैले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। ग्राम पंचायत मोटाढाक क्षेत्र में करीब 50 वर्षीय सत्येंद्र कुमार ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। ग्राम प्रधान सागर बडोला की सूचना पर पहुंची पुलिस को शव के पास से जहरीले पदार्थ की शीशी मिली। बताया जाता है कि उत्तराखंड के कोटद्वार के खूनीबड़ निवासी सत्येंद कुमार कोटद्वार के एक होटल में काम करता था। फिलहाल यह पता नहीं चल सका है कि सत्येंद्र मोटाढाक क्यों आया था। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### कांवड़ मेले से पूर्व करें पेड़ों की कटाई-छंटाई

**बिजनौर, अमृत विचार :** जिलधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कांवड़ यात्रा को लेकर समीक्षा बैठक की। इसमें तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए है।

डीएम व एसपी ने बताया कि थाना मंडावली क्षेत्र में मोटा महादेव मंदिर पर महा शिवरात्रि कांवड मेला 26 फरवरी से प्रारम्भ होकर आठ मार्च तक अंतिम जलाभिषेक तक चलेगा। कांवड़ियों का भारी संख्या में आवागमन होगा। उनके आवागमन को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए सड़क किनारे खड़े पेड़ों की अधिक झुकी टहनियों की काट-छांट आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को अपने सामाजिक वानिकी क्षेत्र में आने वाले सभी मार्गों पर खड़े पेड़ों की कटाई-छटांई तत्काल शुरू कराने के निर्देश दिए। अपने क्षेत्र का निरीक्षण कर कांवड़ वाले रास्तों पर गुलदार प्रभावित क्षेत्र है कृपया अकेले न जाये लिखे साइन बोर्ड लगवाएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने रास्ते में आने वाले सभी थानों के थानाध्यक्षों को भीड़ वाली जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए।


मुख्य मार्ग पर फ्लैग मार्च निकालते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

# परीक्षा व त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

▸▸ शरारती तत्वों को चिह्नित कर दिए कार्रवाई के निर्देश

संवाददाता, नगीना

**अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बोर्ड की परीक्षा एवं शबे-बरात और महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए मुख्य मार्ग से फ्लैग मार्च निकाकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राम अर्ज ने पुलिस बल के साथ मुख्य मार्गो से फ्लैग मार्च निकाला। उनके साथ तहसीलदार संतोष कुमार व सीओ देश दीपक भी मौजूद रहे। थाने से शुरू हुआ फ्लैग मार्च नगर के मुख्य बाजार, जामा मस्जिद, बडा मन्दिर, लुहारी सराय, एमएम इंटर कालेज, गांधी तिराहा, रेलवे स्टेशन रोड होते हुए चितौड़गढ़ पुलिस चौकी पर संपन्न हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक ने पैदल मार्च के दौरान बाजार में जाम की स्थिति को देखते हुए अधिकारियों को चौराहों व मुख्य बाजारों में पुलिस कर्मी तैनात करने, बाजारों में ई-रिक्शा से लगने वाले जाम को रोकने के लिए वन वे ट्रैफिक चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने शरारती तत्वों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने को कहा।

# युवक ने मेडिकल संचालक पर किया पेचकस से हमला, पुलिस ने शुरू की जांच

संवाददाता, नहटौर

**अमृत विचार :** मेडिकल स्टोर संचालक पर युवक ने पेचकस से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

मोहल्ला अफगानान मक्खन सिंह मार्केट निवासी राजेंद्र कुमार ने शाम करीब पांच बजे अपने मेडिकल पर बैठा था। तभी सचिन निवासी ग्राम फरीदनगर मेडिकल स्टोर में घुस गया और राजेंद्र के सिर पर पेचकस से ताबड़तोड़ वार करने लगा। राजेंद्र पर हमला होता देख मेडिकल पर कार्यरत युवकों ने उसे बचाया। खुद को घिरता देख आरोपी पेचकस व बाइक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराते हुए घटनास्थल का निरीक्षण कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने मेडिकल स्टोर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी। इसमें आरोपी मेडिकल संचालक पर पेचकस से वार करता नजर आ रहा है। पुलिस ने पेचकस व आरोपी की बाइक कब्जे में ले ली है।



मेडिकल संचालक पर हमला करता आरोपी। ● अमृत विचार

### शिविर में 52 लोगों ने किया रक्तदान

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** ऑल इंडिया रहमानिया मदद ग्रुप ट्रस्ट की ओर से तहसील में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पुलिसकर्मीओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया।

शिविर में पहुंची जिला अस्पताल ब्लड बैंक की टीम में शामिल डॉ. अंशुला ने बताया कि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है और बीमारी भी कम हो जाती हैं। समय समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। शिवर में 52 लोगों ने रक्तदान किया। डॉ. नीरज कुमार ने बताया कि ब्लड बैंक रक्तदाताओं के साथ है। भविष्य में जब भी उन्हें जरुरत पड़ेगी तो सबसे पहले टीम उन्हें मदद देगी। ब्लॉक प्रमुख ने रक्तदान करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में एसडीएम व सीओ ने रक्तदान करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया।

# लाभार्थी जनसंपर्क अभियान के संचालन की दी गई जानकारी

संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** विधानसभा के आदमपुर मंडल की लाभार्थी जनसंपर्क अभियान की कार्यशाला भाजपा के जिला कार्यालय में हुई। इसमें मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष संगीता अग्रवाल रहीं। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष देवेंद्र मलिक तथा संचालन मंडल महामंत्री एवं अभियान के मंडल संयोजक आशीष शर्मा ने किया।

मुख्य अतिथि ने अभियान को चलाने के बारे में विस्तार से बताया। मंडल अध्यक्ष ने निवेदन किया कि जिस प्रकार सभी अभियानों में मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता कार्य करते रहे हैं उसी तरह इस अभियान में भी कार्य करें। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष सुभाष प्रधान, रणजीत सैनी मंडल मंत्री, कल्याण सिंह, मधु भूषण, अभ्रा पाठक, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा सुधांशु काकरान, मंडल अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा विकार हैदर रिजवी, मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा पुष्पराज कमल, शक्ति केंद्र संयोजक डॉ. सामोद, पवन वर्मा मंडल महामंत्री महिला मोर्चा उषा भटनागर, मंडल उपाध्यक्ष महिला मोर्चा शिवानी भारद्वाज आदि शामिल रहे।


बैठक में बोलती संगीता अग्रवाल। ● अमृत विचार



लार्ड बेडन पावल का जन्मदिन मनाते स्काउट-गाइड। ● अमृत विचार

# चिंतिक दिवस के रूप में मनाया लार्ड बेडन पावल का जन्मदिन

संवाददाता, नगीना

**अमृत विचार :** भारत स्काउट एवं गाइड के जन्मदाता लार्ड बेडन पावल का जन्म दिवस स्कूल में चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया।

गुरुवार को हसन जावेद के संचालन में मोहल्ला अकाबरान स्थित इकबाल मैमोरियल जूनियर हाई स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में स्काउट-गाइड के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल के जन्म दिवस पर छात्र-छात्राओं ने केक काटा। इस दिन को चिंतक दिवस के रूप में मनाकर उनकी शिक्षाओं को जीवन में अपनाने की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम में सीनियर गाइड विजय लक्ष्मी गर्ग, शाकुंबरी देवी, कुमारी महरीन परवीन, गाइड कैप्टन अलसफा, मोहम्मद इमरान सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### नजीबाबाद बस स्टेशन के अंदर से जाएंगी उत्तराखंड की बसें

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** उत्तराखण्ड राज्य परिवहन निगम की बसों के नजीबाबाद डिपो में नहीं आने पर मंडलीय प्रबंधक संचालन देहरादून ने कठोर कार्यवाही के लिए लिखा है। अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज ने उत्तराखंड सरकार से शिकायत की थी कि उत्तराखंड डिपो की बस डिपो परिसर में न जाकर बाहर खड़ी रहती हैं। इससे जाम लगता है। इसी लापरवाही के चलते बस स्टैंड पर 29 जनवरी को महिला बस की चपेट में आ गई थी। इस पर उत्तराखंड राज्य परिवहन निगम को मंडलीय प्रबंधक संचालन देहरादून ने राज्य के सभी सहायक महाप्रबंधकों को भेजे पत्र में नजीबाबाद बस स्टेशन के भीतर बसों को ले जाने के निर्देश दिए हैं।

# राष्ट्र व समाज हित में करें लैपटॉप, टैबलेट का प्रयोग

संवाददाता, नहटौर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पीजी डिग्री कॉलेज नहटौर में 590 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये गए। इस अवसर पर भाजपा विधायक ओमकुमार ने कहा कि लैपटॉप, टैबलेट व स्मार्टफोन देने का सरकार का उद्देश्य युवाओं में संचार क्रांति को बढ़ावा देना है।

भाजपा विधायक ओमकुमार व उनकी पत्नी भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष शोभा रानी, धामपुर की पूर्व पालिकाअध्यक्ष लीना सिंघल, प्राचार्य संजीव गौड़ ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि भाजपा विधायक ने कहा कि सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना चाहती है। युवा देश व प्रदेश के भविष्य का निर्माता है। लैपटॉप, टैबलेट व स्मार्टफोन देने का शासन का उद्देश्य युवाओं में संचार क्रांति को बढ़ावा देना है। इसलिए छात्र-छात्राएं इनका सदुपयोग कर राष्ट्र व समाज के लिए कार्य करें।

भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि संचार क्रांति के युग में मोबाइल हर व्यक्ति की जरुरत बन गया है। मोबाइल का एक और जहां लाभ मिलता है वहीं कुछ लोग इसका गलत इस्तेमाल भी कर रहे हैं। जो गलत है। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। धामपुर की पूर्व पालिकाध्यक्ष ने कहा कि छात्र-छात्राओं में सीखने की ललक होनी चाहिए।

इस अवसर पर विधायक व उनकी पत्नी व धामपुर की पूर्व पालिकाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से 590 स्मार्टफोन वितरित किए। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी कैलाश सिंह, प्राचार्य संजीव गौड़, ग्राम प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष उदित चौधरी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. सीमा शर्मा, विपिन सैनी, दीपशिखा शर्मा, सुनीता त्यागी आदि का सहयोग रहा। अध्यक्षता प्रबंधक राजीव अग्रवाल तथा संचालन ई.आशीष सिंघल ने किया।



अतिथियों के साथ स्मार्ट फोन पाने वाली छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# नैनीताल हाईवे पर बाइक की टक्कर से बालिका की मौत

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर बुधवार देर शाम बाइक की टक्कर से नौ वर्षीय बालिका घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने उसका शव पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया है।



भोट कस्बा निवासी सलीम कस्बे में ही लोहार का काम करते हैं। परिजनों के अनुसार, सलीम की पुत्री मुनीशा बुधवार शाम सात बजे अपने छोटे भाई के साथ कस्बा स्थित दादा मियां की दरगाह की ओर जा रही थी। इस दौरान भोट ईदगाह के सामने हाईवे पार करते समय रामपुर की ओर आ रहे एक बाइक सवार ने बालिका को टक्कर मार दी। जिससे वह दूर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद बाइक सवार बाइक को मौके पर ही छोड़ कर फरार हो गया। हादसे की सूचना के बाद ग्रामीण व परिजन भी मौके पर पहुंचे। वे घायल बालिका को रूद्रपुर स्थित निजी चिकित्सालय में ले गए। रात 10 बजे गंभीर रूप से घायल बालिका ने दम तोड़ दिया। परिजन रात में ही शव घर ले आए और उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ रात में ही मौके पर पहुंचीं। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि उन्होंने शव पोस्टमार्टम को जिला चिकित्सालय भिजवाया। मौके से बरामद बाइक को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करवा दिया है। तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


हाईवे पर पड़ा महिला का शव और मौके पर मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

### कक्षा तीन की छात्रा थी मुनीशा

परिजनों के मुताबिक, मृतिका चार बहन और एक भाई में चौथे नंबर की थी। वह मिलक याकूब गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन में पढ़ती थी।

### निजी बस की टक्कर से महिला की जान गई

**रामपुर, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर गुरुवार सुबह करीब 10 बजे एक निजी बस ने सड़क पर चलती महिला को टक्कर मार दी। जिससे हिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। हाईवे के किनारे बसे गांव उदयराज की मढैया के पास सड़क पार करते समय यह हादसा हुआ। हादसे के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया। घायल महिला को सड़क पर पड़ा देख भीड़ जुट गई। किसी ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल से शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि महिला की शिनाख्त नही हो सकी है। महिला की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** हाईवे पर एक होटल के सामने कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के देवीपुरा गांव का रहने वाला रमेश पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के रूद्रपुर में नौकरी करता है। गुरुवार दोपहर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मिले घायल युवक ने बताया कि वह बाइक से रुद्रपुर जा रहा था। तभी हाईवे पर एक होटल के सामने उसकी बाइक को कार ने टक्कर मार दी। इसके बाद टक्कर मारने वाले व्यक्ति ने ही उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

### बिजनेस फोरम में शामिल हुए नवेद मियां

**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने नई दिल्ली में आयोजित ऑस्ट्रियन बिजनेस फोरम में शिरकत की। यहां उन्होंने ऑस्ट्रिया के श्रम व अर्थव्यवस्था मंत्री प्रोफेसर डॉ. मार्टिन कोचर से मुलाकात की।

पूर्व मंत्री नवेद मियां ने ऑस्ट्रिया के श्रम मंत्री के अलावा ऑस्ट्रियाई संघीय आर्थिक चैंबर के उपाध्यक्ष वोल्फगैंग हेसौं और ऑस्ट्रियाई व्यापार आयुक्त और वाणिज्यिक परामर्शदाता हंस जोएर्ग होर्टनागल समेत कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के प्रमुखों से भी मुलाकात की। नवेद मियां ने बताया कि भारत और ऑस्ट्रिया अच्छे दोस्त हैं। भारत व ऑस्ट्रेलिया में लंबे समय से मित्रता है। दोनों देशों के बीच एक विशेष साझेदारी है। बहुलवादी, संसदीय लोकतंत्र, राष्ट्रकुल परंपराएं, बढ़ता आर्थिक सहयोग, लोगों-से-लोगों के बीच दीर्घकालिक संबंध और साझा मूल्य शामिल हैं।

# 20 साल से गायब हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने हल्द्वानी से पकड़ा

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचारः** पुलिस ने 20 वर्ष से गायब चल रहे हिस्ट्रीशीटर को उतराखंड के हल्द्वानी में तलाश कर लिया। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को थाने लाकर पूछताछ की। बाद में कर सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया।

कोतवाली के गांव मझरा तुरराओ खां निवासी शकील अहमद के खिलाफ उत्तराखंड के बाजपुर थाने में मामले दर्ज थे। बाजपुर पुलिस ने 20 वर्ष पहले उसे हिस्ट्रीशीटर घोषित कर उसकी हिस्ट्रीशीट स्वार कोतवाली को ट्रांसफर कर दी थी। कोतवाली पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। गुरुवार को कोतवाल संदीप त्यागी को सूचना मिली कि गायब हिस्ट्रीशीटर उत्तराखंड के हल्द्वानी में टनकपुर मार्ग थाना बनफूल पुरा के वार्ड संख्या 14 में निवास करता है। कोतवाल ने हलका दरोगा अमर पाल को कार्रवाई के निर्देश दिए। हलका दरोगा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वे हिस्ट्रीशीटर को पकड़कर कोतवाली ले आए। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर से पूछताछ कर समय-समय पर कोतवाली में हाजिरी देने के साथ सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया। कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर शकील अहमद 20 वर्ष पहले जमीन बेचकर हल्द्वानी चला गया था। वह वहां राज मिस्त्री का काम करता मिला।


स्वार कोतवाली में अरोपी।

## एक नजर

### दो अपराधी सामान समेत गिरफ्तार

**हापुड़, अमृत विचार :** अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत दीपक 21 वर्ष पुत्र बिल्लू निवासी ग्राम ददायरा थाना हापुड़, अंकित 29 वर्ष पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम ददायरा थाना हापुड़ को ददायरा चौराहे से गिरफ्तार किया गया।इसके पास से एक स्मार्ट वॉच, 24220 रुपये, एक जोडी कान के कुण्डल, एक जोडी पायल व एक मोबाइल बरामद हुआ।

### परास्नातक परीक्षा में दो छात्राएं नकल करते पकड़ीं

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परास्नातक परीक्षा में गुरुवार को अलग-अलग केंद्रों से दो छात्राओं को नकल सामग्री के साथ पकड़ा गया। दोनों को बुक कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी गई है। वहीं बरेली कॉलेज में परीक्षा के दौरान काफी सख्ती की गई। गुरुवार को एमए, एमएससी और एमकॉम प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के अलग-अलग पाठ्यक्रमों के द्वितीय प्रश्नपत्र की परीक्षा हुई। परीक्षा में 57 सौ छात्र पंजीकृत थे, जिसमें 195 अनुपस्थित रहे।

# दंगे का छठा वांटेड अयाज भी गिरफ्तार

## मास्टर माइंड समेत तीन की तलाश, पुलिस ने चार और लोगों की गिरफ्तारी की

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पुलिस की आंखों में लगातार धूल झोंक रहा बनभूलपुरा दंगे का छठा वांटेड अयाज अहमद भी हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने अयाज समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पांच वांटेड की गिरफ्तारी पहले ही कर चुकी है। जबकि मास्टर माइंड अब्दुल मलिक समेत तीन वांटेड की तलाश अब भी जारी है। पुलिस इस मामले में अब तक 78 दंगाइयों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है।

पुलिस बहुउद्देश्यीय भवन में जानकारी देते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि फरार चल रहे वांटेड वार्ड 26 निवासी अयाज अहमद पुत्र हाफिज शकील को हिंसा के 15वें दिन गिरफ्तार कर लिया है। अयाज के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई भी पुलिस कर चुकी है। इसके अलावा पुलिस ने बनभूलपुरा थाने में आगजनी और क्षेत्र में हिंसा भड़काने के आरोपी वार्ड 31 निवासी मोहम्मद समीर पुत्र चांद, वार्ड 32 निवासी जावेद कुरैशी और नगर निगम की ओर से हिंसा में दर्ज कराए गए मामले में मोहम्मदी चौक निवासी मोहम्मद फिरोज पुत्र अहमद रजा को गिरफ्तार किया है। एसएसपी ने बताया कि वांटेड अब्दुल मालिक, अब्दुल मोईद और रईस उर्फ दत्तू के खिलाफ दबिश की कार्रवाई जारी है।

**इन वांटेड की है तलाश**

1. अब्दुल मलिक
2. अब्दुल मोईद
3. रईस उर्फ दत्तू

**इन वांटेड की हो चुकी है गिरफ्तारी**

1. शकील अंसारी
2. वसीम उर्फ हप्पा
3. मौकिन सैफी
4. अयाज अहमद
5. तस्लीम
6. जियाउल रहमान

# न वीजा चाहिए न पासपोर्ट, दो घंटे में हल्द्वानी से नेपाल बार्डर पार

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

- नेपाल पहुंचा तो भी फिर हाथ नहीं आएगा दंगे का मास्टर माइंड
- पुलिस ने नेपाल बॉर्डर पर जगह-जगह चस्पा कर दिए हैं पोस्टर

**अमृत विचार :** तस्करों के लिए भारत-नेपाल के बीच चोर रास्ते हमेशा से मददगार रहे हैं और अगर पुलिस की चौकसी में चूक हुई है तो बनभूलपुरा दंगे का मास्टर माइंड अब्दुल मलिक कभी का नेपाल पहुंच चुका होगा। क्योंकि हल्द्वानी से नेपाल मीं दाखिल होने के लिए न तो वीजा चाहिए और न ही पासपोर्ट। उल्टा उत्तराखंड की सीमा से नेपाल में दाखिल होने के लिए हल्द्वानी से सिर्फ दो घंटे चाहिए। हालांकि पुलिस ऐसा मान रही है कि मलिक अभी भारत में ही है।

अब्दुल मलिक अपने बेटे अब्दुल मोईद के साथ फरार है। न तो मलिक की पत्नी का पता है और न ही मोईद की। माना जा रहा है कि दोनों साथ हैं। मलिक और मोईद के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी हो चुका है। ऐसे में कानूनी तरीके से दोनों देश नहीं छोड़ सकते, लेकिन बनबसा और टनकपुर से जुड़े ऐसे तमाम चोर रास्ते हैं, जो दोनों को बिना किसी रोक-टोक के नेपाल पहुंचा सकते हैं। इन चोर रास्तों की जानकारी रखने वालों का कहना है कि धारचूला, झूलाघाट, चम्पावत और बनबसा में ऐसे रास्तों की भरमार हैं, जिनका इस्तेमाल तस्कर करते हैं। धारचूला पहुंचने के बाद नदी को ट्यूब और रस्सी के सहारे पार किया जाता है। चम्पावत जिले के पंचेश्वर से नेपाल के लिए रास्ता है। इसी जिले का तल्लादेश इसी बात से लिए प्रसिद्ध है।

# सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर ढाई लाख ठगे

**जसपुर, अमृत विचार :** सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर 2 लाख 50 हजार रुपये की ठगी के मामले में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। नगर के मौहल्ला जुलाहान निवासी मो. आकिब पुत्र मो. आसिफ ने कहा कि उसको और उसके रिश्तेदार को ग्राम रायपुर निवासी शहजाद आलम पुत्र शकील अहमद ने 2 लाख 50 हजार रुपये में सरकारी नौकरी लगवाने के लिए उनको बहला-फुसलाकर उसने 70 हजार रुपये और शेष एक लाख 80 हजार रुपये डिमांड ड्रॉफ्ट व बैंक अकाउंट के माध्यम से ले लिये। मो. आकिब ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब चार-पांच माह तक उनको वह टलता रहा तो उसने 3 दिसंबर 2023 को एक शिकायती पत्र नादेही पुलिस चौकी को दिया था, जिसमें कुछ संभ्रांत लोगों ने बैठाकर आपस में समझौता करा दिया और शहजाद व उसके पिता ने तीन किस्तों में 10 जनवरी 2024 तक उसके रुपए वापस करने का समय मांगा था, लेकिन उसने रुपये आज तक वापस नहीं किये।


**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम RIZWAN से बदलकर MOHAMMAD RIZWAN रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। मोहम्मद रिजवान पुत्र सज्जन नि. 22 सराये शहादत यार खान रामपुर।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रिट याचिका संख्या-ए-9383/2023 विजय कुमार श्रीवास्तव बनाम उ०प्र० में पारित आदेश दिनांक 17.12.2023 के क्रम में अपर मुख्य सचिव, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या 204 / ए0सी0एस0 / एफ0/2024 दिनांक 08.01.2024 द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में सूचित किया जाता है कि प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, रामपुर के अन्तर्गत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को न्यूनतम वेतन अनुमन्यता हेतु नीति मानकों के निर्धारण के सम्बन्ध में इस वन प्रभाग के क्षेत्रीय वन अधिकारियों के स्तर पर उपलब्ध करायी गई सूचना के अतिरिक्त प्रभाग के अन्तर्गत कार्य कर रहे ऐसे कोई दैनिक श्रमिक जो उक्त लाभ / क्लेम से वंचित रह गये हों वे अपना प्रार्थना पत्र इस सूचना के जारी होने की तिथि से 30 दिवस के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि उस पर विचार किया जा सके। निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

**नोट- कार्य अनुभव प्रमाण पत्र प्रभागीय निदेशक / प्रभागीय प्रतिहस्ताक्षरित कैशबुक मद संख्या सहित अनिवार्य है।**

(राजीव कुमार)
प्रभागीय निदेशक
सा० वा० प्रभाग, रामपुर




मेडल के साथ एनसीसी कैडेट। ● अमृत विचार

# एनसीसी कैडेट्स को किया सम्मानित

संवाददाता हापुड़

**अमृत विचार :** गढ़मुक्तेश्वर रेलवे रोड स्थित चौधरी महेंद्र सिंह डिग्री कॉलेज में एनसीसी यूपी 38 बटालियन के कैडेट्स अजय भारद्वाज द्वितीय वर्ष व मनीषा तृतीय वर्ष को गाजियाबाद ग्रुप कमांडर द्वारा टीएससी कैंप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज ट्रस्टी चौधरी रेणुक सिंह, प्राचार्य डॉ० हरि कुमार शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर विजयवीर सिंह, डॉ० ऋषि पाल शर्मा ने प्रमाण पत्र व मेडल देकर उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## सोलर संयंत्रों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्ति करें : डीएम

**हापुड़, अमृत विचार :** जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा बताया कि सौर ऊर्जा नीति के तहत सरकारी व अर्द्ध सरकारी भवनों तथा सभी प्रकार के शिक्षण संस्थानों पर रेस्को मोड पर ग्रिड संयोजित रूफटॉप सोलर पावर प्लांट की स्थापना की जानी है। जिसके तहत इन संस्थानों पर 25 किलोवाट एवं उससे ऊपर की क्षमता के रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना रेस्को मोड में कराई जाएगी। इस नीति के अंतर्गत 5 वर्षों में 22000 मेगावाट सौर विद्युत उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसमें गैर आवासीय भवनों पर 1500 मेगावाट ग्रिड कनेक्टेड सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना किए जाने का लक्ष्य है। योजना के क्रियान्वयन के लिये सभी सम्बंधित विभाग अपने यहाँ एक नोडल अधिकारी नामित करते हुए सूचना एक सप्ताह के अन्दर परियोजना अधिकारी, यूपीनेडा को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# वादों के निस्तारण के लिए पुलिस तामील कराए समन

संवाददाता, हापुड़

- राष्ट्रीय लोक अदालत की बैठक में दिए निर्देश

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोक अदालत अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ( जिला जज ) मलखान सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन अपर जिला जज-नोडल अधिकारी डॉ० रीमा बंसल की देखरेख में अपर जिला जज-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छाया शर्मा ने किया । बैठक में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने पुलिस विभाग से उपस्थित नोडल अधिकारी( क्षेत्राधिकारी गढ़मुक्तेश्वर ) आशुतोष शिवम को वादों के निस्तारण किये जाने हेतु जारी समन को शत-प्रतिशत तामील कराने हेतु निर्देशित किया । बैठक में उपस्थित समस्त थानाध्यक्षों से कहा गया कि संबंधित थाने के पैरोकार से प्रतिदिन समन की शत-प्रतिशत तामील कराने की जानकारी न्यायालय को उपलब्ध कराने हेतु भी निर्देशित किया गया।

बैठक में थानाध्यक्ष हापुड़ देहात रवीन्द्र सिंह, थानाध्यक्ष बाबूगढ़ पटनीश कुमार, थाना सिम्भावली से कवर सिंह, थानाध्यक्ष पिलखुवा, थानाध्यक्ष गढ़मुक्तेश्वर नरेश कुमार, थानाध्यक्ष महिला थाना अश्वना राय, थानाध्यक्ष धौलाना देवेन्द्र बिष्ट, थानाध्यक्ष हाफिजपुर प्रदीप कुमार, थानाध्यक्ष बहादुरगढ़ सुरेश कुमार, थानाध्यक्ष पावर एंटी थेफ्ट नरेश पाल एवं थानाध्यक्ष कपूरपुर रामू कुमार उपस्थित रहे।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सिंचाई कार्य मण्डल, मुरादाबाद**

पत्रांक: 1433/सिंकामंमु/टी–5/निविदा/2023–24 दिनांक: 17.02.2024

**ई–निविदा सूचना सं0–13/एस0ई0/2023–24**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑन लाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड व फाइनेन्शियल बिड, उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में निम्नांकित तालिकानुसार वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 24.02.2024 अपरान्ह 2.00 बजे से दिनांक 01.03.2024 दोपहर 12.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। ऑनलाईन ई–निविदा की प्री–क्वालीफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांक 01.03.2024 को अपरान्ह 1.00 बजे मुख्य अभियन्ता (पूर्वी गंगा), सिचाई विभाग, उ0प्र0 मुरादाबाद द्वारा गठित निविदा समिति/अधोहस्ताक्षरी द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई होने वाले निविदादाताओं क फाइनेंशियल बिड, टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड होने वाले निविदाताओं की सूची अपलोड किये जाने के दो दिवस उपरान्त खोली जायेगी। इस बीच की अवधि में टेक्निकल बिड के सम्बन्ध में आपत्तियां दर्ज करायी जा सकेगी, इसके बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नही किया जायेगा। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने अथवा तकनीकी दिक्कतों की स्थिति में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी। वेबसाइट पर ई–प्रक्योरमेन्ट प्रपत्र दिनांक 24.02.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे से उपलब्ध होगा।

| लाट सं0 | कार्य का नाम | कार्य से सम्बन्धित खण्ड का नाम | धरोहर धनराशि (लाख रू० में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 +स्टेशनरी सहित रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार के पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जनपद बिजनौर में मालन नदी के किनारे पर स्थित ग्राम बड़िया, चडीगढ़ एवं वीरूवाला के निकट कटाव सुरक्षात्मक कार्य | अफजलगढ़ सिंचाई खण्ड, धामपुर | 1.50 | 2354.00 | 3 माह | सिंचाई विभाग में 'बी' एव बी' से उच्च पंजीकृत श्रेणी |
| 2 | जनपद मुरादाबाद के अन्तर्गत रामगंगा नदी के बायें किनारे पर स्थित ग्राम लोधीपुर एहतमाली, लोधीपुर वासु एवं बिकनपुर के कटाव निरोधक कार्य | बाढ़ खण्ड, मुरादाबाद | 5.25 | 2354.00 | 3 माह | सिंचाई विभाग में 'ए' एव 'ए' से उच्च पंजीकृत श्रेणी |

1. यह ई–निविदा/बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://upgov.nic.in, सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in पर भी उपलब्ध है।
2. ई–निविदा/बिड की विस्तृत शर्ते निविदा/बिड प्रपत्र के साथ वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

UP – 204144 दिनांक 21/02/2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(राजीव मित्तल)
अधीक्षण अभियन्ता


# राजा साहब की हवेली को हेरिटेज क्लासिक होटल बना विरासत सहेजेंगे वंशज

अनुपम सिंह, बरेली

- राजा के प्रपौत्र राहुल ने बताई योजना
- 15 करोड़ की लागत से सजाया-संवारा जाएगा

**अमृत विचार :** बांसुरी के लिए मशहूर पीलीभीत में कई इमारतें अपने एतिहासिक महत्व के चलते आकर्षण का केंद्र हैं। इन्हीं में पीलीभीत के साहूकारा मोहल्ले में राजा लालता प्रसाद और साहू हरि प्रसाद की हवेली भी है। इसी हवेली में नगर के शहरीकरण की बुनियाद की पहली ईंट रखी गई। शहर के विकास में बड़ा योगदान देने वाली शिक्षा, चिकित्सा, व्यवसाय समेत कई योजनाओं को अमली जामा पहनाया गया। ललित हरि संस्कृत कॉलेज, आयुर्वेदिक कॉलेज, ललित हरि चीनी मिल से पीलीभीत की प्रदेश में पहचान है। फिलहाल सन्नाटे में डूबी रहने वाली यह हवेली जल्द ही पर्यटकों से गुलजार होने लगेगी।

करीब 1800 स्क्वायर मीटर में बनी हवेली को सरकार की पर्यटन नीति-2022 के तहत हेरिटेज क्लासिक होटल में तब्दील करने के लिए राजा हरिप्रसाद के प्रपौत्र राहुल प्रसाद की ओर से आवेदन किया जा चुका है। इसके बाद अब प्रशासन ने इस पर तेजी से काम शुरू कर दिया है। उम्मीद जताई जा रही है कि एक से डेढ़ साल के अंदर पर्यटकों की चहल-पहल होने लगेगी।

**बढ़ेगा हवेली का रुतबा**

शहर से पीलीभीत टाइगर रिजर्व करीब 15 किलोमीटर की दूरी पर है। राहुल प्रसाद बताते हैं कि टाइगर रिजर्व घूमने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। आसपास रुकने कि कोई ऐसी जगह नहीं है जो पर्यटकों को परंपरा और आधुनिकता से जोड़ सके। राजा साहब की हवेली के हेरिटेज होटल बनने से पर्यटकों को सुविधाएं मिलेगी और हवेली का रुतबा और भी बढ़ेगा।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बच्ची की मौत

**कादरचौक ( बदायूं ), अमृत विचार :** तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने छह साल की बच्ची को टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। कादरचौक क्षेत्र के गांव गंगपुर पुख्ता निवासी धर्मेंद्र की बेटी शशि( 6 ) अपनी दादी के साथ गुरुवार दोपहर लगभग तीन बजे बाजार से खरीदारी करने जा रही थी। कादरगंज की ओर से तेज रफ्तार से आई ट्रैक्टर-ट्रॉली ने गंगपुर पुख्ता मोड़ पर शशि को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

## खेत में टूटे पड़े एचटी लाइन के तार में करंट से युवक की मौत

**बिसौली] अमृत विचार:** खेत में टूटी पड़ी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने विद्युत विभाग के जेई की लापरवाही से युवक की मौत होने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव जरारा निवासी राजेश यादव (25) पुत्र धूम सिंह बुधवार को शौच के लिए गांव निवासी नरेश पुत्र मदनलाल के खेत पर गए थे। खेत में हाईटेंशन लाइन का तार टूटा पड़ा था। राजेश तार के संपर्क में आ गए। करंट लगा और मौके ही उनकी मौत हो गई। काफी देर तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने तलाश की। शाम लगभग पांच बजे उनका शव खेत में मिला। शव तार के ऊपर पड़ा था। परिजनों में चीत्कार मच गया। पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। विद्युत सप्लाई बंद कराई।

राजेश चाचा रमेश यादव और अन्य ग्रामीणों ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें उन्होंने विद्युत विभाग के जेई पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि नरेश के खेत में तार टूटने पर विद्युत विभाग को इस बात की जानकारी दी गई थी।


रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली

FREE ओ. पी. डी. परामर्श

बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें

मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श

दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024

समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक

स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084



डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई

रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900

Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज**

पंत्राक: / के0जी0बी0वी0 / स्टाफ चयन /6639–44 2023–24 / दिनांक: 12/02/20204

**विज्ञप्ति सूचना**

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक के0जी0बी0वी0/ शिक्षक / 11308/2022–23 दिनांक – 14.02.2023 तथा शासनादेश सं0– 2805/68–5–2023 – 5/2020 दिनांक 01.02.2023 एवं शासनादेश सं0–1553 (1)/68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग – 5 लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर 2020 के अनुक्रम में जिलाधिकारी महोदय, कन्नौज के अनुमोदन दिनांक– 08.02.2024 के अनुपालन में जनपद में संचालित 05 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर सेवा अनुबन्ध (संविदा) के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक अर्ह केवल महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज में निर्धारित प्रारूप पर दिनांक – 28.02.2024 की सांय 5:00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। पंजीकृत डाक के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से कोई भी आवेदन पत्र प्राप्त नहीं किया जायेगा। रिक्त पदों का विवरण निम्नवत है–

| क0 सं0 | पदनाम | शैक्षिक योग्यता | कुल रिक्त पद | वर्गवार रिक्त पदों का विवरण | | | | मानदेय प्रतिमाह (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु0 | अनु0जन जाति | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (अंग्रेजी) | अंग्रेजी (अंग्रेजी से स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0) | 02 | 01 | 0 | 01 | 0 | 22000/– |
| 2 | उर्दू शिक्षिका (उर्दू) | उर्दू–बी0ए0 उर्दू विषय से तथा एल0टी0 या बी0टी0 या बी0एड0 या अन्य समकक्ष शिक्षा अथवा शिक्षण में डिग्री या डिप्लोमा | 02 | 01 | 01 | 0 | 0 | 13200/– |
| 3 | अंशकालिक शिक्षिका (शा0शिक्षा) | स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा (बी0पी0 एड0 सी0पी0एड0 एवं डी0 पी0एड0 आदि उपाधि) | 02 | 01 | 0 | 01 | 0 | 9800/– |
| 4 | अंशकालिक शिक्षिका (कला / संगीत) | कला क्राफ्ट एवं संगीत / गृह शिल्प | 01 | 0 | 0 | 01 | 0 | 9800/– |
| 5 | मुख्य रसोइया | कक्षा –08 पास | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 6900/– |
| 6 | सहायक रसोइया | कक्षा –08 पास | 03 | 01 | 01 | 01 | 0 | 5175/– |
| 7 | चौकीदार | कक्षा –08 पास | 01 | 0 | 01 | 0 | 0 | 5750/– |

अर्हता एवं शर्त :– https://kannauj.nic.in पर देखी जा सकती है।

(उपासना रानी वर्मा)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
कन्नौज

# प्रतापगढ़ में पिता की कार के नीचे आया 2 वर्षीय इकलौता बेटा, मौत

## पत्नी को कार से छोड़ने उसके विद्यालय गया था शिक्षक पति

संवाददाता, कुण्डा प्रतापगढ़

- गाड़ी बैक करते समय कार के नीचे आ गया था कृष्णा

**अमृत विचार :** एक पिता की कार से उसके इकलौते बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। अपने कलेजे के टुकड़े की मौत के बाद मां बदहवास हो गई। अपनी शिक्षिका पत्नी को कार से छोड़ने गए पति की कार के नीचे आने से ही घटना से परिजन बेहाल हैं।

जानकारी के अनुसार लालगंज अझारा कस्बा निवासी सुशील बहादुर सिंह कालाकांकर ब्लॉक के ब्रम्हमौली प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं। पत्नी आंचल सिंह चकपुरवा हिंनाहू प्राथमिक विद्यालय में तैनात है। शिक्षक दंपति अपने दो वर्षीय बेटे के साथ आलापुर में किराए का मकान लेकर रहते हैं। गुरुवार को सुशील बहादुर सिंह कार से अपनी पत्नी आंचल को छोड़ने के



कृष्णा सिंह। (फाइल फोटो)

लिए दो वर्षीय बेटे कृष्णा के साथ चकपुरवा प्राथमिक विद्यालय गए हुए थे। वहां पर वह आंचल व दो वर्षीय बेटे कृष्णा को कार से उतारकर गाड़ी बैक करने लगे कि इसी बीच कृष्णा कार के नीचे आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख शिक्षक दम्पत्ति चीखने लगे। आसपास के लोगों की मदद से दम्पत्ति घायल बेटे को इलाज के लिए निजी अस्पताल ऊंचाहार ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने कृष्णा को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही दम्पत्ति फूट-फूट कर रोने लगे। दंपति बेटे का शव लेकर उसके ननिहाल ऊंचाहार शमशेरगंज डोमीपुर चले गए। दिल दहला देने वाली घटना से हर कोई हतप्रभ है। बीएसए भूपेंद्र सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल, जिला मंत्री विनय कुमार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष राजेश चंद्र पाण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी समेत शिक्षकों ने संवेदना व्यक्त करते हुए दंपती को ढांढस बंधाया।

# 10 जिलों में अमृत सरोवर की शुरुआत तक नहीं

**लखनऊ, अमृत विचार :** अमृत सरोवर सरकार की प्राथमिकता में लेकिन, गांवों में तैयार नहीं हो पाए हैं। 10 जिले ऐसे हैं जहां सर्वाधिक अमृत सरोवर का निर्माण शुरू तक नहीं हुआ है। ग्राम्य विकास आयुक्त ने जनपदों में निर्माण कराने के निर्देश दिए हैं। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने अनारंभ अमृत सरोवर की वीडियो कांफ्रेंसिंग से समीक्षा की। इस दौरान बरेली, पीलीभीत सिद्धार्थ नगर, बहराइच, गोंडा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, प्रयागराज, बिजनौर व गाजीपुर में अधिक संख्या में अमृत सरोवरों का काम शुरू तक न होना पाया। संबंधित अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए चयनित अमृत सरोवरों का कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। लापरवाही सामने आई कि 859 पूर्ण अमृत सरोवरों का अधिकारियों ने निरीक्षण तक नहीं किया। इसमें सिद्धार्थनगर, आगरा, फिरोजाबाद, बलिया, सीतापुर, बागपत, गौतमबुद्ध नगर व चंदौली में निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

### सपा को तीसरे तो भाजपा को आठवें प्रत्याशी को जिताने के लिए करनी पड़ रही मशक्कत

# राज्यसभा चुनाव: भाजपा-सपा छोटे दलों की खुशामद में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वोटों की गुणा गणित में एक सीट पर पेंच फंसा, राजा भैया की भूमिका पर सभी की नजर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा और सपा छोटे दलों की खुशामद में जुटी हैं। चुनाव के लिए 27 फरवरी को मतदान होगा। कुल 10 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में कुल 11 प्रत्याशी (सपा से 3 और भाजपा से 8) सामने हैं। चुनाव आयोग के अनुसार 27 फरवरी को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक वोटिंग होनी है।

दरअसल, सपा को अपने तीसरे तो वहीं भाजपा को अपने आठवें प्रत्याशी को जिताने के लिए एड़ी-चोटी एक करनी पड़ रही है। वोटों की गुणा गणित में एक सीट पर पेंच फंसा है। ऐसे में रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की भूमिका पर सभी की नजर है। उनके जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के दो विधायक हैं। जिनका समर्थन हासिल करने को दोनों दल प्रयासरत हैं।

**10 सीटों पर हो रहा राज्यसभा चुनाव :** राज्यसभा चुनाव के लिए सपा की ओर से जया बच्चन, रामजी लाल सुमन और आलोक रंजन ने नामांकन किया है। वहीं भाजपा की तरफ से आरपीएन सिंह, सुधांशु त्रिवेदी, तेजवीर सिंह, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, संगीता, नवीन जैन ने पर्चा दाखिल किया। इन सभी की आसान जीत तय थी लेकिन नामांकन के आखिरी दिन संजय सेठ ने पर्चा दाखिल कर तय करा दिया।

### उम्मीदवार जिताने को ये है वोटों की गणित

विधायकों की संख्या के हिसाब से राज्यसभा की एक सीट के लिए 37 वोटों की जरूरत है। भाजपा के पास 252 वोट हैं। इसके अलावा उसके सहयोगी अपना दल के 13 वोट हैं, 6-6 वोट सुभासपा और निषाद पार्टी के हैं। वहीं रालोद भी अब एनडीए के पाले में है और उसके 9 वोट भी हैं। ये कुल मिलाकर 286 हुए। भाजपा के 7 उम्मीदवारों को 259 वोट मिलने हैं, जो जीत आसान कर सकते हैं। लेकिन आठवें उम्मीदवार के लिए उसके पास सिर्फ 27 वोट रह जाते हैं। जो 37 की संख्या से 10 कम पड़ेंगे। भाजपा को अपना 8वां प्रत्याशी जिताने के लिए इसी दस की गणित साधनी है। वहीं, सपा की गणित समझें तो उसके पास कुल 108 वोट हैं। कांग्रेस के साथ गठबंधन की घोषणा हो जाने से 2 वोट उसके मान लें। एसे में सपा को अपने तीनों उम्मीदवारों को जिताने के लिए सिर्फ एक और वोट की जरूरत है। हालांकि नाराज चल रहीं पल्लवी पटेल ने अब एक वोट करने की बात कही है। फिर भी अगर उनके वोट को इस गणित से अलग कर दें तो सपा को दो वोट की जरूरत होगी। वहीं दो विधायक जेल में है। अगर उन्हें अनुमति नहीं मिलती है तो आवश्यकता चार वोट की हो जाती है। इस बीच जयंत चौधरी के एनडीए खेमे में आ जाने के बावजूद उनके 9 में से 4 विधायक सपा के ही हैं। ये वो हैं जो विधानसभा चुनाव में सपा गठबंधन के तहत रालोद के टिकट पर चुनाव जीते थे।

### एनडीए प्रत्याशियों को वोट करेंगे सुभासपा विधायक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुरुवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने अपने पांच विधायकों के साथ मुलाकात की। इसके बाद राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को सुभासपा का समर्थन मिलना भी साफ हो गया। मुलाकात के बाद अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स से सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने साफ कर दिया किया कि हमारे दल के सभी विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में एकजुट होकर एनडीए प्रत्याशी को जिताने का निर्णय लिया।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि, शाही ईदगाह विवाद पर सुनवाई आज भी होगी

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद को लेकर दाखिल अर्जियों पर गुरुवार को सुनवाई हुई। गुरुवार सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक मुस्लिम पक्ष की ओर से अधिवक्ता तसलीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बहस की। दोपहर 2:00 बजे से 3:30 बजे तक दोबारा मुस्लिम पक्ष ने अपने तर्क प्रस्तुत किए। हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल अर्जियों की पोषणीयता को आदेश 7 नियम 11 के तहत चुनौती दी गई है।गुरुवार की सुनवाई में विवादित परिसर का अमीन सर्वे कराए जाने की मांग को लेकर दाखिल अर्जी पर सुनवाई नहीं हो सकी है। कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई पूरी न होने की वजह से शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए कहा है। मामले से संबंधित सभी 18 अर्जियों पर सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष चल रही है।

# 5 नकलची पकड़े, 7 छद्म परीक्षार्थियों व एक केंद्र व्यवस्थापक पर एफआईआर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 8265 परीक्षा केंद्रों पर कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच शुरू हुईं उप्र. बोर्ड की परीक्षाएं

**अमृत विचार :** उप्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा संचालित वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं गुरुवार को उप्र. में निर्धारित कुल 8265 परीक्षा केंद्रों पर वायस रिकार्डरयुक्त सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में शुरु हुईं। इस दौरान हाईस्कूल की परीक्षा में अनुचित साधन का प्रयोग करते हुये 05 परीक्षार्थी पकड़े गये जिसमें 04 बालक एवं 01 बालिका परीक्षार्थी है। प्रथम पाली की परीक्षा में पकड़े गए कुल 07 छद्म परीक्षार्थियों के विरूद्ध जबकि, 01 केंद्र व्यवस्थापक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।

मंडलों, जिलों से प्राप्त सूचना के अनुसार परीक्षा के दौरान किसी भी जिले में कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। साथ ही जेल में निरूद्ध बंदी परीक्षार्थियों के लिए स्थापित 08 जेल केंद्रों में भी परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। नकलविहीन परीक्षाओं के आयोजन को लेकर राज्य सरकार की तरफ से सुरक्षा के सख्त प्रबंध किए गए हैं।

**ऑनलाइन मॉनीटरिंग की गई :** माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव ने बताया कि प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए स्ट्रांग रूम एवं परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन सघन मॉनीटरिंग इस साल पहली बार माध्यमिक शिक्षा परिषद, मुख्यालय प्रयागराज एवं परिषद के सभी पांचों क्षेत्रीय कार्यालयों में कमांड एण्ड कन्ट्रोल रूम स्थापित करके कराई गई। इस वर्ष प्रथम बार लखनऊ में विद्या समीक्षा केंद्र भवन में भी कमांड एंड कन्ट्रोल रूम स्थापित कर परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन मॉनीटरिंग कराई गई।

### 3,33,541 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने बताया कि प्रथम पाली में हाईस्कूल की हिंदी, प्रारंभिक हिंदी एवं इण्टरमीडिएट की सैन्य विज्ञान तथा द्वितीय पाली में हाईस्कूल की वाणिज्य एवं इण्टरमीडिएट की हिंदी, सामान्य हिन्दी की परीक्षा संपन्न हुई। प्रथम पाली में कुल पंजीकृत रहे 29.43,786 परीक्षार्थियों में से 2,03,299 परीक्षार्थी और द्वितीय पाली की परीक्षा में कुल पंजीकृत रहे 24,67,715 परीक्षार्थियों में से 1,30,242 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनो पालियों की परीक्षा में कुल 3,33,541 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# स्वामी प्रसाद ने की नये दल राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी की घोषणा

**लखनऊ, अमृत विचार :** पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि आरएएस व भाजपा देश को हिन्दू-मुसलमान में बांटने का काम कर रही है। मौर्य नई दिल्ली के तालकटोरा मैदान में आयोजित रैली को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने अपने नये दल राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि भाजपा इस देश की सम्पत्तियों को बेचने का पाप कर रही है। इतिहास गवाह है कि आरएसएस व भाजपा का कोई व्यक्ति देश की आजादी में शामिल नहीं हुआ। ये अब सत्ता में रहकर देश की आम जनता की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश बहुत संकट से जूझ रहा है। भारत का संविधान खतरे में है। लोकतंत्र की हत्या हो रही है। एक विशेष जाति के लोगों को पदोन्नति देकर नौकरियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा राम का नाम लेकर देश भर में अशांति फैलाना चाह रही है।

# कांग्रेस में जल्द घोषित होंगे लोस प्रत्याशी: अजय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन में समझौते में मिली 17 सीटों पर प्रदेश कांग्रेस जल्द प्रत्याशियों की घोषणा करेगी। प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने यह जानकारी दी।

बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि सभी सीटों पर पार्टी जिताऊ व कर्मठ नेताओं को चुनाव मैदान में उतारेगी। रायबरेली, अमेठी व वाराणसी सीटों पर प्रत्याशी पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पार्टी का नेतृत्व इसे तय करेगा। हालांकि, उन्होंने अमेठी व रायबरेली सीटों पर गांधी परिवार के लोगों व वाराणसी से खुद के चुनाव लड़ने का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूत हो रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बातचीत कर दौर चल रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में प्रदेश में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव शामिल होंगे।

### अखिलेश को निमंत्रण देने पहुंचे अजय राय

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शाम के वक्त सपा कार्यालय अखिलेश यादव को यात्रा में शामिल होने के लिए निमंत्रण देने पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से सपा प्रमुख को लिखा गया पत्र सौंपा। उनके साथ पूर्व सांसद पीएल पुनिया भी मौजूद रहे।



# लोन के नाम पर ठगी, मास्टर माइंड महिला समेत आठ लोग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी एसटीएफ ने इंडिया बुल्स कंज्यूमर फाइनेंस में ऑनलाइन लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह की मास्टर माइंड महिला समेत आठ लोगों को सी-4 सेक्टर 63 नोएडा से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नगदी और मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद हुआ है।

एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया मास्टर माइंड छाया सिंह वर्ष-2020 से शकर शर्मा के ऑफिस में बैकेंड का काम देखती थी। यहीं पर उसकी मुलाकात अंकित, सोनू, प्रिया, आंचल, सुलेखा, अंकिता, शिवानी से हुई। यह लोन लेने के इच्छुक लोगों को इंडिया बुल्स कंज्यूमर फाइनेंस धनी एप के माध्यम से ऑनलाइन लोन का झांसा देकर फर्जी दस्तावेज भेजकर कर फर्जी बैक खातों में रुपये मंगाकर ठगी करते थे। अगस्त-2023 में उल्लास कुमार गोस्वामी की फर्जी आईडी बनाकर सी-4 सेक्टर 63 नोयडा के मालिक से रेंट एग्रीमेंट बनवा खुद का आफिस खोल ठगी करने लगे। जब कस्टमर पेमेंट करता तो यह लोग व्हाट्सएप से इंडिया बुल्स कंज्यूमर फाइनेंस का अप्रूवल लेटर भेज बताते कि आपको ईसीएस के लिए लोन के अनुसार रुपये भेजने पड़ेंगे। विश्वास करके जब कस्टमर पेमेंट करता तो उसको व्हाट्सएप से अमाउंट रिसीव लेटर भेज दिया जाता। गिरोह के सदस्य छाया सिंह (मास्टरमाइंड) प्रिया शुक्ला, आंचल चौधरी, सुलेखा,अंकित, सोनू उर्फ विजेन्द्र प्रताप सिंह चौहान, अर्चना प्रजापति और शिवानी को गिरफ्तार किया गया है।

# वाहनों में तत्काल लगवा लें एचएसआरपी, नहीं तो होगी जेब हल्की

**लखनऊ, अमृत विचार :** पुरानी नंबर प्लेट अब नहीं चलेगी। कई बार अवसर दिए जाने के बाद भी जिन वाहन स्वामियों ने अब तक अपनी गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) नहीं लगवाई है वे तत्काल लगवा लें। बिना एचएसआरपी वाले वाहन सड़क पर नहीं चल पाएंगे। मार्ग पर अगर ऐसे वाहन चलते मिले तो उन पर 5000 तक का जुर्माना लगाया जाएगा। परिवहन विभाग ने सख्ती का मन बनाते हुए सड़क सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत वाहनों पर कार्रवाई का निर्णय लिया है। इसे लेकर अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी ने पूरे प्रदेश के ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान चला कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# आश्रम पद्धति के छात्र देंगे कान्वेंट स्कूल की तरह यूनिट टेस्ट

राजीव शुक्ला, लखनऊ

- समाज कल्याण विभाग ने आश्रम पद्धति विद्यालय के लिए तैयार कराया पाठ्यक्रम

**अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के लिए पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है। कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को उसी के अनुरूप पढ़ाया जाएगा साथ ही कान्वेंट स्कूल के तर्ज पर उनका यूनिट टेस्ट लिया जाएगा। यूनिट टेस्ट में कमजोर प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इनमें लगभग 32 हजार छात्र अध्ययनरत हैं। इन विद्यालयों में स्थायी प्रधानाचार्यों के नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। अभी तक 13 विद्यालयों में प्रवक्ताओं को पदोन्नत कर प्रधानाचार्य बनाया जा चुका है। विद्यालय के शैक्षिक स्तर को और बेहतर करने के लिए विभागीय अधिकारियों ने पाठ्यक्रम तैयार कराने का निर्णय लिया है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लिए पाठ्यक्रम बनवाया जा रहा है। पाठ्यक्रम के अनुसार ही उनको पढ़ाया जाएगा। ताकि छात्र और मेधावी बन सकें और बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम दे सकें। नए शैक्षणिक सत्र से पाठ्यक्रम लागू कर दिया जाएगा। शिक्षक एक माह पढ़ाने के बाद छात्रों का मूल्यांकन करने के लिए यूनिट टेस्ट लेंगे। यूनिट टेस्ट में जिन छात्रों का प्रदर्शन कमजोर होगा उन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जरूरत पड़ने विषय विशेषज्ञ से शिक्षा दिलवाई जाएगी।

## वर्ग पहेली-351

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी तीर्थ स्थान के अंदर पड़ने वाले मुख्य देवस्थलों की यात्रा 2. किसी तीर्थ की परिक्रमा।
4. 1. चमकना, प्रकाश बिखेरना 2. क्रीड़ा, आमोद-प्रमोद।
5. 1. एक प्रकार की पालकी 2. योग साधना में एक प्रकार का आसन।
7. 1. आवेश में आना 2. बुरा लगना, नाराज़ होना 3. चिड़चिड़ाना, चिढ़ना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सूर्य की किरणों का समूह 2. सूर्य और चंद्रमा के चारों ओर का वलय या घेरा 3. सूर्यमंडल, चंद्रमंडल।
2. एक वृक्ष जिसके फूल, फल और पत्तियां सभी दवा बनाने के काम आते हैं।
3. नयापन, नूतनता।
5. अच्छे या शुभ दिन।
6. ख़ाला अर्थात मौसी का पति, मौसा।



### वर्ग पहेली - 350 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ए | | 2 पे | | |
| 3 शि | ला | रो | प | ण | |
| | ने | | र | | |
| | जं | | 4 बै | ठ | 5 क |
| | 6 ग | डु | क | | ल |
| | | | | | हि |
| 7 भो | ग | | 8 चु | स | नी |

## सुडोकू-68

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 3 | 2 | | | | 7 |
| | | | | 9 | | | 4 | |
| | 8 | | 5 | | | 9 | | |
| 7 | | 5 | | | 9 | 1 | | |
| | | | | | | | | 5 |
| | | 2 | 7 | | | 4 | | 9 |
| | | 7 | | 5 | 6 | | 9 | |
| 5 | 6 | | | 7 | | | | |
| | | | | 4 | 8 | 7 | | |

### सुडोकू - 67 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 1 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 1 | 3 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 9 | 8 | 1 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 |
| 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 1 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 4 | 8 | 9 | 3 | 1 |
| 4 | 1 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 2 | 8 |
| 1 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 6 | 4 | 1 | 9 | 3 |
| 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-चतुर्दशी 15.33 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-आश्लेषा 19.25 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** — आज बोलचाल में अपशब्दों का प्रयोग न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध मधुर रखें। आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि महसूस होगी।

**वृष** — आज आपको शुभ सूचना मिल सकती है। भौतिक भोग-विलास का आनंद लेंगे। किसी कार्य को औपचारिकता में न करें। आलस्य के कारण अपना नुकसान करा सकते हैं। आपको सहयोगियों का साथ मिलेगा।

**मिथुन** — आज अपनी जिम्मेदारियों को समझें। विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। नए संबंधों को लेकर सावधान रहें। भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें। आपका स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। आपकी जीवनशैली अस्त-व्यस्त हो सकती है।

**कर्क** — आज नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। कारोबार में सब कुछ आपके अनुकूल रहेगा। आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। पति-पत्नी के बीच आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी।

**सिंह** — आज महिलाओं को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। पेट में जलन जैसी समस्या हो सकती है। ऑफिस में कार्यभार की अधिकता रहेगी। अनैतिक कार्यों में रुचि ले सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा।

**कन्या** — आज फाइनेंस से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। विवादों में आपकी विजय हो सकती है। किसी बीमा पॉलिसी में धन निवेश कर सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर काफी सचेत रहने वाले हैं। सोशल मीडिया में आप काफी सक्रिय रहेंगे।

**तुला** — आज अपरिचित लोगों से ज्यादा तालमेल न बढ़ाएं। रिश्तेदारों के काम से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों की बातें आपको बुरी लग सकती है। रुचि पूर्ण कार्य करने से आपको लाभ होगा। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे।

**वृश्चिक** — आज मित्रों के साथ पार्टनरशिप में कारोबार शुरू कर सकते हैं। बौद्धिक चर्चाओं में सम्मिलित होने के योग बन रहे हैं। शरीर में ताजगी और उत्साह रहेगा। अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय ज्यादा खर्च करेंगे।

**धनु** — आज दर्शन और योग में आपकी स्वाभाविक रुचि हो सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं। किसी भी आर्थिक गारंटी न लें वरना नुकसान हो सकता है। नशे और गरिष्ठ खानपान से परहेज करें।

**मकर** — आज आपके सामाजिक संपर्क मधुर होंगे। विशेषज्ञ लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कई आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जाएंगे। तनाव के बावजूद आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। प्रेम संबंध काफी मधुर रहने वाले हैं।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध चुगली कर सकते हैं। एक साथ कई काम संभालने पड़ेंगे। मन में नकारात्मक भाव न आने दें। पैतृक संपत्ति के मामलों में जल्दबाजी न करें। वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

**मीन** — आज ऑनलाइन मार्केटिंग का काफी अच्छा उपयोग करेंगे। बच्चे बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य पसंद करेंगे। प्रेमी जन के साथ गंभीर विषयों पर वार्तालाप हो सकती है। अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
बादशाह — सुबह : 10.00
धड़कन — रात : 07.00

SONY MAX
स्टाइल — सुबह : 09.00
कैथी — शाम : 06.00

SONY PIX
हेलबॉय — सुबह : 10.20
लाइफ — रात : 09.00

ZEE CINEMA
बोस- द फॉरगेटेन हीरो — सुबह : 10.30
फितूर — रात : 07.30

colors CINEPLEX
हम तुम पे मरते हैं — दोपहर : 12.06
असुर — रात : 08.49

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मुझे लाटरी लगी तो तुम क्या करोगी?
पत्नी- आधे पैसे लेकर हमेशा के लिए मायके चली जाउंगी। मैं भी खुश और आप भी खुश।
पति- 100 रुपये की लगी है, ये ले 50 और निकल ले।

चंपकलाल दारू पीकर अपने घर गया और दरवाजा खटखटाया।
पत्नी ने दरवाजा खोला।
चंपकलाल ने पूछा- तू कौन है और मेरे घर में क्या कर रही है?
पत्नी ने कहा - मुझे ही भूल गए?
चंपकलाल बोला - दारू पीकर आदमी हर गम भूल जाता है।





## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 980 फ्लैग 1100 डीएमओ 865 बोल्ड 1135, **चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव :** दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**– तुलसी 1835, राज श्री 1360, फ़ॉर्चून कि. 1685, रविन्द्रा 1755, फॉर्चुन ली0 1550, जय जवान 1390, सचिन 1435, सूरज 1415, अवसर 1535, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1430, क्लासिक (किलो) 1610, मोर 1580, चक्र टिन 1650, ब्लू 1540, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1805 ।किराना– ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–10000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 15000–20000, सोंठ 35800, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 600–800 ।चावल–( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती ( 1 किलो,5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900।

# महंगाई को काबू में लाने का काम अभी खत्म नहीं हुआ : आरबीआई गवर्नर

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि मुद्रास्फीति को काबू में लाने का काम अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि नीतिगत मोर्चे पर जल्दबाजी में उठाया गया कोई भी कदम कीमत के मोर्चे पर अब तक जो सफलता हासिल की गई है, उस पर प्रतिकूल असर डाल सकता है।

केंद्रीय बैंक ने गुरुवार को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का ब्योरा जारी किया। इसके अनुसार, दास ने कहा था, 'इस समय मौद्रिक नीति का रुख सतर्क होना चाहिए और यह नहीं मानना चाहिए कि मुद्रास्फीति के मोर्चे पर

- दास ने कहा- रेपो रेट पर लिया गया फैसला महंगाई कम करने में मिली सफलता को करेगा कमजोर



हमारा काम खत्म हो गया है।' उन्होंने कहा कि एमपीसी को मुद्रास्फीति को नीचे लाने के 'अंतिम छोर' को सफलतापूर्वक पार करने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए।

दास ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने के पक्ष में मतदान करते समय यह टिप्पणी की। ब्योरे के अनुसार, गवर्नर ने कहा कि बाजार नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद को लेकर आगे है, लेकिन इस समय जल्दबाजी में उठाया गया कोई भी कदम अबतक हासिल की गई सफलता को कमजोर कर सकता है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक उच्च वृद्धि को बनाए रखने के लिए मूल्य और वित्तीय स्थिरता जरूरी है। मौद्रिक नीति का उद्देश्य वृद्धि के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालीन आधार पर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य को प्राप्त करने पर बने रहना है। एमपीसी के छह सदस्यों में से पांच ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखने के लिए मतदान किया था। समिति में बाह्य सदस्य जयंत आर वर्मा ने रेपो दर में 0.25 प्रतिशत तक कम करने और रुख को तटस्थ में बदलने के पक्ष में दलील दी थी। उन्होंने कहा कि राजकोषीय मजबूती की प्रक्रिया 2024-25 में जारी रहने का अनुमान है, इससे मुद्रास्फीति बढ़ने के जोखिम के बिना मौद्रिक नीति के स्तर पर नरमी की गुंजाइश बनती है।

वर्मा ने कहा, 'मेरे विचार में, एमपीसी के लिए एक स्पष्ट संकेत देने का समय आ गया है कि वह मुद्रास्फीति को काबू में लाने और वृद्धि को गति देने की अपनी दोहरी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेती है और यह वास्तविक ब्याज दर को उस स्तर पर बनाये नहीं रखेगी, जो कि इसके लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यकता से काफी अधिक है।'

## बांग्लादेश, मॉरीशस और भूटान को प्याज निर्यात की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने व्यापारियों को 31 मार्च तक बांग्लादेश, मॉरीशस, बहरीन और भूटान को 54,760 टन प्याज निर्यात करने की गुरुवार को अनुमति दे दी। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा, 'हमने तत्काल प्रभाव से बांग्लादेश को 50,000 टन, मॉरीशस को 1,200 टन, बहरीन को 3,000 टन और भूटान को 560 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है।' उन्होंने कहा कि व्यापारियों को 31 मार्च तक इतनी मात्रा का निर्यात करने की अनुमति है। इसके तौर-तरीकों पर काम जारी है। सिंह ने कहा कि यह निर्णय विदेश मंत्रालय की सिफारिश के बाद लिया गया है। घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और मूल्यवृद्धि को रोकने के लिए सरकार ने 8 दिसंबर, 2023 को प्याज के निर्यात पर 31 मार्च तक के लिए प्रतिबंध लगा दिया था।

## इफको फिर दुनिया की शीर्ष 300 सहकारिताओं में अव्वल

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको) को देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान के अनुपात के आधार पर एक बार फिर दुनिया की शीर्ष 300 सहकारिताओं में पहला स्थान मिला है। भारत में उर्वरकों का उत्पादन करने वाली सहकारी क्षेत्र की यह विशाल कंपनी कारोबार के हिसाब से दुनिया की 72वीं सबसे बड़ी सहकारी इकाई बन गई है।

इफको के अनुसार इंटरनेशनल कोआपरेटिव एलायंस (आईसीए) और यूरोपियन रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑन कोऑपरेटिव एंड सोशल एंटरप्राइजेज के तत्वाधान में प्रकाशित वर्ल्ड कोऑपरेटिव मॉनिटर के 2023 संस्करण में इफको को 300 प्रमुख सहकारी संगठनों की सूची में पुनः




पहले स्थान पर रखा गया है। यह रैंकिंग संगठन के देश के प्रति व्यक्ति जीडीपी और उसके कारोबार के अनुपात पर आधारित है।

इफको ने कहा है कि यह रैंकिंग दर्शाती है कि भारत के जीडीपी और आर्थिक वृद्धि में उसका महत्वपूर्ण योगदान है। कुल कारोबार के हिसाब से इफको वैश्विक सूची में पिछले वित्तीय वर्ष के 97वें पायदान से ऊपर उठकर 72वें स्थान पर पहुंच गया है। इफको के साथ कुल 35,500 सहकारी समितियों जुड़ी हैं, जिनमें 25,000 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां (पैक्स) हैं।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
| --- | --- |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,970 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650–47,850 |

**लखनऊ**

| | |
| --- | --- |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,700 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
| --- | --- |
| सोना जेवरात पक्के | 63,850 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,850 |
| चांदी पक्की | 722 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
| --- | --- |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

## हीरानंदानी समूह के परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी

मुंबई, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन के आरोपों की जांच के सिलसिले में प्रतिष्ठित रियल एस्टेट समूह हीरानंदानी के मुंबई में और उसके आसपास स्थित चार से पांच परिसरों पर गुरुवार को छापे मारे।

सूत्रों ने बताया कि यह जांच फेमा के उल्लंघन से जुड़ी है। यह तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ फेमा से जुड़ी जांच के एक अन्य मामले से संबद्ध नहीं है। मोइत्रा को हाल में लोकसभा

- फेमा उल्लंघन के सिलसिले में जांच एजेंसी की कार्रवाई

से निष्कासित किया गया था। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से मिले तोहफों के बदले में अडाणी समूह और प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। दर्शन हीरानंदानी रियल एस्टेट दिग्गज और हीरानंदानी समूह के प्रवर्तक निरंजन हीरानंदानी के बेटे हैं। दुबे ने मोइत्रा पर वित्तीय लाभ के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने का भी आरोप लगाया था। मोइत्रा ने इन आरोपों से इनकार किया था।

## बिहार ईओयू का पटना जीपीओ पार्सल गृह में छापा

**पटना।** बिहार आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की एक टीम ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थ एवं मनोत्तेजक पदार्थों के पार्सल के माध्यम से संभावित तस्करी की रोकथाम के लिए पटना जीपीओ पार्सल गृह में गुरुवार को छापामारी की। ईओयू के अपर पुलिस महानिदेशक नय्यर हसनैन खान ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 से पूर्व आसूचना एवं बरामदगी के लिए आर्थिक अपराध इकाई मादक द्रव्यों एवं मनोत्तेजक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए सतत प्रयत्नयशील है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में ईओयू के दल ने छापेमारी की।

## धार्मिक पर्यटन में 2 लाख रोजगार पैदा होंगे

मुंबई, एजेंसी

देश में धार्मिक पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों के जोर पकड़ने से अगले चार-पांच वर्षों में करीब दो लाख रोजगार अवसर पैदा होने की उम्मीद है। वैश्विक प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल प्रतिभा समाधान प्रदाता एनएलबी सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन अलुग ने यह अनुमान जताया है। उन्होंने कहा कि भारत में धार्मिक पर्यटन के वर्ष 2023 से 2030 के बीच सालाना 16 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

अलुग ने कहा कि घरेलू पर्यटन में धार्मिक पर्यटन की हिस्सेदारी

- एक रिपोर्ट के मुताबिक, अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद मिलेगा और बढ़ावा



इस समय 60 प्रतिशत है, लेकिन आने वाले समय में यह अनुपात बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हाल ही में अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद धार्मिक पर्यटन को और भी बढ़ावा मिल सकता है। अलुग ने कहा, 'अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से आतिथ्य एवं यात्रा सेवाओं से जुड़ी करीब 25,000 नौकरियां बढ़ने की उम्मीद है।' उन्होंने कहा, 'अगले चार-पांच वर्षों में धार्मिक पर्यटन से दो लाख रोजगार अवसर पैदा होने का अनुमान है। वर्ष 2028 तक 60 अरब डॉलर के अनुमानित राजस्व के साथ धार्मिक पर्यटन अस्थायी और स्थायी दोनों तरह के कामगारों के लिए रोजगार के रास्ते खोलेगा।'

उन्होंने उद्योग रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि कोविड महामारी के बाद तीर्थयात्रा के लिए होने वाली रात्रिकालीन यात्राएं बढ़ गईं और वर्ष 2021-2022 में दान राशि में भी 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# राष्ट्रीय

# आगामी चुनाव तय करेगा देश का भविष्य

## गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ से की लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत

जांजगीर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले से लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत की और कहा कि आगामी आम चुनाव देश का भविष्य तय करेगा। शाह ने यहां विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आज यहां छत्तीसगढ़ में विजय संकल्प रैली में आया हूं। आने वाला चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला चुनाव है। आने वाला चुनाव देश को पूर्ण विकसित और भारत माता को विश्व गुरु बनाने के लिए महत्वपूर्ण चुनाव है।''

शाह ने कहा, ''मैं छत्तीसगढ़ की जनता का हृदय से धन्यवाद करना



चाहता हूं। 2014 में आपने 11 में से 10 सीट भाजपा को जिताईं। 2019 में 11 में से नौ सीट पर भाजपा को जिताया। हाल ही में (पिछले साल) विधानसभा चुनाव में आपने छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनवाई।" उन्होंने कहा, "एक नाकारा सरकार (पिछली कांग्रेस सरकार) जिसने न नक्सलवाद पर लगाम कसी और न छत्तीसगढ़ के लोगों को न्याय दिया, जिसने लाखों करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार कर छत्तीसगढ़ की गरीब जनता के साथ अन्याय करने का काम किया, उसको भी आपने हटा दिया। छत्तीसगढ़ के लोगों ने (मुख्यमंत्री) विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने का काम किया है।''

उन्होंने राज्य में सरकार बनाने के लिए महिलाओं को धन्यवाद दिया। शाह ने कहा, 'मैं विशेष रूप से राज्य की माताओं और बहनों को प्रणाम कर आभार प्रकट करता हूं।' केंद्रीय गृह मंत्री ने इस दौरान मोदी की सरकार के 10 वर्ष में किए गए कामों को जनता के सामने रखा। उन्होंने कहा, ''मोदी सरकार ने 10 साल में देश के 60 करोड़ गरीबों का कल्याण किया है। इन 10 साल में मोदी जी ने देश के 60 करोड़ गरीबों को घर में नल से जल देने का काम किया। सिर्फ छत्तीसगढ़ में 38 लाख से ज्यादा घरों में पीने का पानी आजादी के 75 साल बाद पहली बार पहुंचा है। देश के 60 करोड़ लोगों का पांच लाख रुपए तक उपचार का खर्च नरेंद्र मोदी सरकार उठा रही है।'

गृहमंत्री शाह ने कहा, 'मोदी जी ने देश की अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने का काम किया है। हमारा देश दुनिया की अर्थ तंत्र तालिका में 11वें नंबर पर था आज पांचवें नंबर पर है। मोदी जी के एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने पर हम दुनिया की तीसरे नंबर की आर्थिक ताकत बन जाएंगे।'

## महुआ मोइत्रा की याचिका पर हाईकोर्ट का आदेश आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि वह विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ जांच के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा 'गोपनीय' सूचना मीडिया को कथित तौर पर लीक किए जाने के विरुद्ध तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता की याचिका पर 23 फरवरी को आदेश पारित करेगा। पूर्व सांसद की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रेबेका जॉन ने दावा किया कि उनकी मुवक्किल को परेशान किया जा रहा है और एजेंसी द्वारा उन्हें समन जारी किए जाने की सूचना, उन्हें समन मिलने से पहले ही मीडिया ने प्रकाशित कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने मौखिक रूप से कहा कि अभी तक ऐसा कुछ नहीं है, क्योंकि संबंधित समाचार रिपोर्ट में तथ्यात्मक दावे किए गए हैं।



**पटियाला।** फसलों का एमएसपी बढ़ाए जाने समेत कई मांगों को लेकर आंदोलित किसानों ने शुक्रवार को पंजाब–हरियाणा के शंभू बॉर्डर हाईवे पर ट्रैक्टर और अन्य वाहन खड़े कर जाम लगा दिए। ● एजेंसी

## एक नजर

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को जेड-प्लस सुरक्षा दी गई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को देशभर में जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की है। गृह मंत्रालय ने खरगे पर खतरे की आशंका को देखते हुए इस महीने की शुरुआत में यह फैसला लिया। सूत्रों ने बताया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कमांडो पूरे देश में खरगे को जेड–प्लस सुरक्षा प्रदान करेंगे।

### कश्मीर में नई स्टार्टअप नीति को मंजूरी मिली

**जम्मू।** जम्मू–कश्मीर प्रशासन ने केंद्रशासित प्रदेश में वर्ष 2027 तक 2,000 स्टार्टअप स्थापित करने के लक्ष्य के साथ एक नई स्टार्टअप नीति को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक प्रवक्ता के मुताबिक, यह नीति छात्रों, महिलाओं को उद्यमिता सुविधाएं देती है और स्टार्टअप स्थापित करने के लिए सरकारी, निजी और उच्च आय वाले व्यक्तियों के जरिये उद्यमियों को सहायता मुहैया कराती है। प्रवक्ता ने कहा कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई प्रशासनिक परिषद (एसी) की बैठक में 2018 में अधिसूचित स्टार्टअप नीति की जगह लेने वाली जम्मू–कश्मीर स्टार्टअप नीति 2024–27 को मंजूरी दी गई।

## बेरोजगार पति को हर माह 5,000 रुपये भरण–पोषण दे पत्नी : अदालत

इंदौर, एजेंसी

इंदौर के कुटुंब न्यायालय ने ब्यूटी पार्लर चलाने वाली एक महिला को आदेश दिया है कि वह उसके कथित तौर पर बेरोजगार पति को भरण-पोषण के लिए हर महीने 5,000 रुपये अदा करे। इस व्यक्ति के वकील मनीष झारोला ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

- इंदौरा की एक कुटुंब अदालत ने दिए निर्देश

झारोला ने बताया, 'हमारे एक अंतरिम आवेदन पर कुटुंब न्यायालय ने 20 फरवरी (मंगलवार) को आदेश दिया कि मेरे मुवक्किल की पत्नी उसे हर माह भरण-पोषण के लिए 5,000 रुपये अदा करे और मुकदमे का खर्च अलग से दे।' उन्होंने कहा कि महिला ब्यूटी पार्लर चलाती है और उसका पति उसकी कथित शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना के कारण 12वीं के बाद पढ़ाई पूरी नहीं कर सका था। झारोला ने कहा कि उनके मुवक्किल ने कुटुंब न्यायालय में दायर अर्जी में कहा कि वह फिलहाल बेरोजगार होने से खुद के भरण-पोषण में असमर्थ है।

उन्होंने आरोप लगाया कि एकतरफा प्रेम में पड़ी महिला और उसके परिवार वालों ने उनके मुवक्किल को डरा-धमका कर उसे आर्य समाज के मंदिर में वर्ष 2022 के दौरान विवाह के लिए मजबूर किया था, जबकि वह इस शादी के लिए कतई राजी नहीं था। झारोला के मुताबिक उनके मुवक्किल ने अपनी पत्नी और उसके परिजनों की कथित प्रताड़ना के बारे में इंदौर के पुलिस आयुक्त को शिकायत भी की थी।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा 25 को धौलपुर पहुंचेगी

**जयपुर।** राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 25 फरवरी को राजस्थान के धौलपुर में प्रवेश करेगी। पार्टी के प्रवक्ता ने कहा कि यात्रा 25 फरवरी को धौलपुर में प्रवेश करेगी, जहां यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय यात्रा का ध्वज राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा को सौंपेंगे।

## दिल्ली के बुराड़ी से बिश्नोई–हाशिम बाबा गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के बुराड़ी इलाके में मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई और हाशिम बाबा गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, जवाबी गोलीबारी में बदमाश आमिर और दानिश के पैर में गोली लगी। पुलिस ने कहा कि आमिर डकैती से लेकर हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम तक के छह आपराधिक मामलों तथा दानिश दंगा और शस्त्र अधिनियम के दो मामलों में शामिल रहा है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) संजय भाटिया ने कहा, 'हमारी कई टीम भजनपुरा थाने में दर्ज गोलीबारी के मामले में शामिल इन लोगों का पता लगा रही थीं।'

## किसानों के मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाए सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने कहा है कि किसानों का मुद्दा अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है और सरकार को इस मुद्दे पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में हरियाणा सरकार द्वारा किसानों के साथ की गई क्रूरता की निंदा करते हुए कहा कि पुलिस बल प्रयोग में गोली लगने से एक किसान की मौत हुई है, लेकिन पंजाब सरकार ने अपने क्षेत्र में किसान की हत्या पर अब तक प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की। उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए पंजाब विधानसभा का सत्र बुलाने की मांग की है।

सुखपाल सिंह ने कहा, "मोदी सरकार ने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि स्वामीनाथन कमेटी के अनुसार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ देंगे और किसानों, खेत मजदूरों का कर्ज माफ करेंगे लेकिन एक भी पैसे का कर्ज माफ नहीं किया गया। उल्टे एमएसपी की मांग कर रहे किसानों पर गोलियां चलाई जा रही है।"

कांग्रेस नेता ने कहा, "किसान आंदोलन से जुड़े शुभकरण सिंह की कल गोली मारकर हत्या कर दी गई, लेकिन हरियाणा सरकार यह मानने को तैयार नहीं है। देश की पुलिस अपने ही किसानों पर अत्याचार कर रही है। आंदोलन से जुड़े 200 से ज्यादा किसान जख्मी हैं।'

## ईवीएम के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के कई नेता गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की खामियों के खिलाफ गुरुवार को ईवीएम हटाओ मोर्चा तथा अन्य संगठनों के प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह तथा अन्य कई नेताओं को हिरासत में लिया गया। ईवीएम हटाओ मोर्चा के अनुसार ईवीएम के खिलाफ यहां जंतर मंतर पर सभा आयोजित की जा रही थी और इसकी इजाजत भी मिल चुकी थी, लेकिन दिल्ली पुलिस ने आखिरी वक्त में इजाजत को रद कर दिया, जिसके कारण यह आयोजन युवा कांग्रेस कार्यालय रायसीना रोड पर करना पड़ा। कांग्रेस नेता अरविंद सिंह लवली ने कहा कि देश में इस समय अघोषित आपातकाल का दौर चल रहा है।

## कांग्रेस से गठबंधन किया तो केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा: आतिशी

नई दिल्ली, एजेंसी

आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने गुरुवार को दावा किया कि यदि पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को लेकर समझौता करती है तो अगले तीन से चार दिन में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह भी दावा किया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) शनिवार या रविवार को केजरीवाल को नोटिस जारी करने वाला है। उन्होंने दावा किया, 'जब से 'आप' और कांग्रेस के बीच गठबंधन की

- आप नेता और दिल्ली की मंत्री ने किया दावा



चर्चा अंतिम चरण में पहुंचने की खबरें आ रही हैं, बुधवार शाम से ही 'आप' नेताओं को संदेश मिल रहे हैं कि यदि 'आप' ने कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को लेकर समझौता किया तो केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'

दिल्ली की मंत्री ने दावा किया कि संदेशवाहकों द्वारा यह बताया गया कि शनिवार या रविवार को मुख्यमंत्री को सीबीआई द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा और फिर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संदेशवाहकों द्वारा यह भी बताया गया कि केजरीवाल को जेल से बाहर रखने का एकमात्र तरीका 'आप' द्वारा विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को छोड़ना है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों दलों के नेता इस संबंध में एक-दो दिन में आधिकारिक रूप से घोषणा कर सकते हैं।

## शिवसेना नेता का दावा

## 1987 में किया बाघ का शिकार, गले में पहनते हैं उसका दांत

**मुंबई।** एकनाथ शिंदे की नेतृत्व वाली शिवसेना के एक विधायक ने दावा किया है कि उन्होंने 37 साल पहले एक बाघ का शिकार किया था और वह उसका दांत अपने गले में पहनते भी हैं। महाराष्ट्र में विदर्भ क्षेत्र के बुलढाणा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले संजय गायकवाड़ का यह दावा करने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। गायकवाड़ अपनी बेबाक टिप्पणियों के लिए जाने जाते हैं। वह वीडियो में यह कहते नजर आ रहे हैं, "यह बाघ का दांत है। वर्ष 1987 में मैंने इसका शिकार किया था।'

